kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-87 ❑ सोमवार, 28 अप्रैल 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



कश्मीर के पहलगाम में 28 पर्यटकों की निर्मम हत्या का बदला भारत ऐसा लेगा कि पाकिस्तान की कई पीढ़ियां याद रखेंगी। सरकार आतंकवादियों व उनके संरक्षकों को कतई बख्शने के मूड में नहीं है। इस बार का बदला उरी व पुलवामा घटना के बाद सर्जिकल व एयर स्ट्राईक से प्रभावी होगा। **केशव प्रसाद मौर्य**

कुपवाड़ा में एक नागरिक की गोली मारकर हत्या 11

मन की बात में प्रधानमंत्री ने दिया आतंक के खिलाफ कड़ा संदेश : महेंद्र भट्ट 12

## संक्षेप

### अवैध प्लाटिंग में एसडीएम के तबादले और जेई के निलंबन की सिफारिश

**लखनऊ।** सरोजिनी नगर में अवैध प्लाटिंग के मामले में एलडीए ने दो अधिकारियों पर कार्रवाई की सिफारिश की है। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने एसडीएम के तबादले और अवर अभियंता भारत पांडेय के निलंबन की रिपोर्ट शासन को भेज दी है। एलडीए के सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि कमिश्नर द्वारा हाल ही में क्षेत्र का निरीक्षण किया गया था, जिसमें व्यापक स्तर पर अवैध प्लाटिंग की पुष्टि हुई थी। निरीक्षण के दौरान मिली अनियमितताओं पर कमिश्नर ने सख्त रुख अपनाते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसी के तहत अवर अभियंता भरत पांडेय को निलंबित करने की संस्तुति की गई है। एसडीएम के स्थानांतरण की सिफारिश भी शासन को भेजी गई है। प्राधिकरण के अनुसार, एसडीएम का लखनऊ विकास प्राधिकरण से जल्द ही अन्यत्र तबादला किया जाएगा। एलडीए अधिकारियों का कहना है कि अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की गतिविधियों में लिप्त अन्य जिम्मेदार अधिकारियों की भी जांच की जा रही है। प्राधिकरण ने साफ किया है कि शहरी विकास में पारदर्शिता और नियमों का पालन सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### वसीयत और संपत्ति बंटवारे के लिए लगेगा एक शुल्क

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर छोटे-बड़े शहरों में संपत्तियों के बंटवारे और वसीयत के लिए अब एक समान शुल्क लिया जाएगा। नगर विकास विभाग इस संबंध में जल्द ही शासनादेश जारी करने जा रहा है। मौजूदा समय इसके लिए अभी सभी निकायों में अलग-अलग शुल्क लिया जा रहा है। गाजियाबाद नगर निगम में वसीयत के आधार पर संपत्ति के नामांतरण के लिए 5000 शुल्क लिया जाता है, जबकि लखनऊ नगर निगम में यही कार्य निशुल्क किया जाता है। मेरठ नगर निगम में संपत्ति के बंटवारे के नामांतरण के लिए संपत्ति के मूल्य का 3% शुल्क निर्धारित है, वहीं प्रयागराज नगर निगम में यह शुल्क केवल 2000 रुपये है।

## हफ्ते भर तक हीट वेव से रहेगी राहत 17 जिलों में बूंदाबांदी के आसार

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में रविवार को मौसम ने अचानक करवट लिया। प्रदेश के पूर्वी और तराई इलाकों में तड़के पहर से ही झोंकेदार हवाएं चलने लगीं। घने काले बादल छा गए। पुरवाई और बादलों की मौजूदगी से पूर्वी संभाग में दिन के तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट देखने को मिली। हालांकि, दिल्ली एनसीआर से सटे जिलों में पारे में कोई उल्लेखनीय गिरावट नहीं आई।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ और परिसंचरण के असर से उत्तर प्रदेश में अगले कुछ दिन लू के थपेड़ों से राहत रहेगी। मौसम विभाग ने प्रदेश के 17 जिलों में तेज हवा के झोंकों संग बूंदाबांदी की संभावना जताई है। वहीं



❑ 12 जिलों में गरज-चमक संग ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट

❑ 40-50 किमी की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलेंगी

तराई के 12 जिलों में खासकर बिहार से सटे जिलों कुशीनगर, महाराजगंज आदि में गरज-चमक संग ओलावृष्टि होने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और निचले क्षोभमंडल में चक्रवाती परिसंचरण की वजह से पूर्वी और पश्चिमी हवाओं की परस्पर क्रिया हो रही है। इससे मौसम में बदलाव आया है। रविवार से सोमवार के दौरान प्रदेश के पूर्वी और तराई इलाकों में तेज हवाओं और गरज-चमक संग बूंदाबांदी की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से एक से चार मई तक पूरे यूपी में आंधी-पानी के आसार बन रहे हैं। इन जिलों में ओलावृष्टि के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी : सोनभद्र, चंदौली, गाजीपुर, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर एवं आसपास के इलाकों के लिए ● शेष पेज 11 पर

## डिफेंस कॉरिडोर भूमि घोटाले में भी अभिषेक प्रकाश पर कार्रवाई की तैयारी

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा डिफेंस कॉरिडोर में कार्रवाई को लेकर दी गई हरी झंडी के बाद नियुक्ति विभाग ने दोषियों पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है। इस मामले के सबसे अहम आरोपी आईएएस अभिषेक प्रकाश पर जल्द ही विभागीय कार्रवाई शुरू करने के रिकवरी के लिए नोटिस देने की तैयारी है। इसके साथ ही दोषी पीसीएस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा घटखटाया जाएगा।

लखनऊ सरोजनी नगर में डिफेंस कॉरिडोर भूमि घोटाले में प्रथम दृष्टया अभिषेक प्रकाश समेत 16 अधिकारियों को दोषी ठहराया गया है। अभिषेक प्रकाश एक निवेशक से पांच प्रतिशत रिश्वत मांगने के



आरोप में निलंबित किए जा चुके हैं। दो पीसीएस अधिकारी डिफेंस कॉरिडोर मामले में हाईकोर्ट से स्टे लेकर नौकरी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने राजस्व परिषद की रिपोर्ट पर सभी 16 दोषियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अभिषेक प्रकाश पहले से भले ही निलंबत हैं, लेकिन उनके खिलाफ डिफेंस कॉरिडोर मामले में भी कार्रवाई की जानी हैं। नियुक्ति विभाग द्वारा कारण बताओ नोटिस देने के साथ ही भूमि अधिग्रहण में नियमों को ताक पर रखकर लिए गए मुआवजे की रिकवरी करने पर विचार कर रहा है। यह देखा जा रहा है कि सरकारी धन को क्षति पहुंचाने के लिए कौन कितना जिम्मेदार है, उस हिसाब से ही रिकवरी नोटिस दी जाएगी। पीसीएस अधिकारियों के मामले में भी परीक्षण किया जा रहा है, जो नौकरी में हैं, उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई होनी है और जो सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उनकी पेंशन रोकने के साथ ही अन्य कार्रवाई पर विचार किया जा रहा है।

डिफेंस कॉरिडोर में करीब 58 करोड़ रुपये का मुआवजा देने में खेल बताया जा रहा है। राजस्व परिषद के तत्कालीन अध्यक्ष डा. रजनीश ● शेष पेज 11 पर

# पहलगाम पीड़ितों को न्याय मिलेगा : मोदी

## 'मन की बात' में प्रधानमंत्री ने 'सबसे कड़ा जवाब' देने का संकल्प लिया

**एजेंसी**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार देशवासियों को आश्वासन दिया कि आने वाले दिनों में पहलगाम आतंकी हमले के षड्यंत्रकारियों और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी।

पीएम मोदी ने रविवार को अपने मासिक मन की बात रेडियो कार्यक्रम में हिंदी में कहा, आतंकवादी और उनके संरक्षक चाहते हैं कि कश्मीर फिर से बर्बाद हो जाए। उन्हें जम्मू-कश्मीर में शांति और पर्यटन पसंद नहीं है और इसीलिए उन्होंने इस तरह की आतंकी वारदात को अंजाम देने की साजिश रची। लेकिन पीड़ित परिवारों को न्याय मिलेगा। पीएम मोदी ने कहा, जब मैं आपसे मन की बात कर रहा हूं, तो मेरे मन में गहरी पीड़ा है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले की तस्वीरों ने हर भारतीय का खून खौला दिया है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में देश की एकता और 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता सबसे बड़ी ताकत है। मोदी ने कहा, आतंकवादी और उनके

### सख्ती

❑ हमले के बाद देश का खून खौल रहा, साजिश करने वालों को कठोर जवाब दिया जाएगा

आका चाहते हैं कि कश्मीर फिर से बर्बाद हो जाए और इसलिए उन्होंने इतनी बड़ी साजिश को अंजाम दिया। देश की एकता, 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता आतंकवाद के खिलाफ इस युद्ध में हमारी सबसे बड़ी ताकत है। यह एकता आतंकवाद के खिलाफ हमारी निर्णायक लड़ाई का आधार है। उन्होंने कहा कि दोषियों और साजिशकर्ताओं को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा, आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में पूरी दुनिया 140 करोड़ भारतीयों के साथ खड़ी है। मैं एक बार फिर पीड़ितों के परिवारों को भरोसा दिलाता हूं कि उन्हें न्याय मिलेगा; न्याय मिलेगा। इस हमले के दोषियों और साजिशकर्ताओं को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। इससे पहले, मोदी ने गुरुवार को



बिहार के मधुबनी में भाषण के बीच में ही अंग्रेजी में बात करके वैश्विक समुदाय को संबोधित करते हुए आतंकवादियों और उनके आकाओं को दंडित करने के लिए अपनी सरकार के संकल्प को व्यक्त किया था। भारत ने पहले ही पाकिस्तान के खिलाफ कई दंडात्मक कदम उठाए हैं, जिसमें सिंधु जल संधि को स्थगित रखना, तीन रक्षा सलाहकारों को निष्कासित करना और भारत में पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करना ● शेष पेज 11 पर

### भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छूएगा: मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि आने वाला समय अंतरिक्ष के क्षेत्र में बहुत सारी नई संभावनाएं लेकर आ रहा है और भारत इस क्षेत्र में नयी ऊंचाइयों को छूने वाला है। श्री मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में आज महान वैज्ञानिक डॉ0 के. कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि दो दिन पहले हमने देश के महान वैज्ञानिक डॉ0 के. कस्तूरीरंगन को खो दिया है। उन्होंने कहा, '' जब भी डॉ. कस्तूरीरंगनसे मुलाकात हुई, हम भारत के युवाओं के प्रतिभा, आधुनिक शिक्षा, अंतरिक्ष विज्ञान ऐसे विषयों पर काफी चर्चा करते थे। विज्ञान, शिक्षा और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नयी ऊंचाई देने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उनके नेतृत्व में इसरो को एक नयी पहचान मिली। उनके मार्गदर्शन में जो अंतरिक्ष कार्यक्रम आगे बढ़े, उससे भारत के प्रयासों को वैश्विक मान्यता मिली।'' उन्होंने कहा कि आज भारत जिन सैटेलाइट का उपयोग करता है, उनमें से कई डॉ0 कस्तूरीरंगन की देखरेख में ही लांच की गई थी। उनके व्यक्तित्व की एक और बात बहुत खास थी, जिससे युवा-पीढ़ी उनसे सीख सकती है। उन्होंने हमेशा नवाचार को महत्व दिया। डॉ0 के. कस्तूरीरंगन ने देश की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति तैयार करने में भी बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी। देश की नि:स्वार्थ सेवा और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी महीने अप्रैल में आर्यभट्ट सैटेलाइट की लांचिंग के 50 वर्ष पूरे हुए हैं। उन्होंने कहा, ''आज जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, 50 वर्षों की इस यात्रा को याद करते हैं, तो लगता है हमने कितनी लंबी दूरी तय की है। अंतरिक्ष में भारत के सपनों की ये उड़ान एक समय केवल हौंसलों से शुरू हुई थी। राष्ट्र के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा पाले कुछ युवा वैज्ञानिक उनके पास न तो आज जैसे आधुनिक संसाधन थे, न ही दुनिया की तकनीक तक वैसी पहुँच थी। अगर कुछ था तो वो था, प्रतिभा, लगन, मेहनत और देश के लिए कुछ करने का जज्बा।'' उन्होंने कहा कि आज भारत एक वैश्विक अंतरिक्ष ● शेष पेज 11 पर

## एनआईए ने पहलगाम आतंकी हमले की जांच शुरू की

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पहलगाम आतंकवादी हमले का मामला औपचारिक रूप से अपने हाथ में ले लिया है और टीम घटनास्थल पर साक्ष्य एकत्र कर जांच मैं जुट गई है।

इस हमले में पिछले मंगलवार को 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्दयतापूर्वक गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। एनआईए के प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि बुधवार से आतंकी हमले वाली जगह पर डेरा डाले हुए एनआईए की टीमों ने सबूतों की तलाश तेज कर दी है। आतंकवाद विरोधी एजेंसी के एक पुलिस महानिरीक्षक, एक पुलिस उपमहानिरीक्षक और एक पुलिस अधीक्षक की देखरेख में टीमें उन चश्मदीदों से पूछताछ कर रही हैं, जिन्होंने शांतिपूर्ण और सुरम्य बैसरन घाटी में अपनी आंखों के सामने भयानक हमले को घटते देखा था। कश्मीर में हुए सबसे भयानक आतंकी हमलों में से एक को अंजाम देने वाले घटनाक्रम को एक साथ जोड़ने के लिए चश्मदीदों से बारीकी से पूछताछ की जा रही है। एनआईए की टीमें आतंकवादियों की कार्यप्रणाली के सुराग के लिए प्रवेश और निकास ● शेष पेज 11 पर

## गांवों में खुशहाली ला रही डबल इंजन सरकार

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार खेती किसानी को फायदे का सौदा बनाने की तैयारी कर रही है। इसी के साथ डिजिटल खेती को भी नए रूप में बढ़ावा दिया जाएगा। खेती के डिजिटलीकरण के साथ ही किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। यूपी में खेती-किसानी को फायदे का सौदा बनाने के लिए केंद्र सरकार 550 करोड़ रुपए खर्च करेगी। योगी सरकार का दालों समेत विभिन्न खाद्यान्न फसलों की नई हाईब्रिड किस्मों पर फोकस है। इसी के साथ पैदावार बढ़ाने और फसलों को बीमारियों और कीड़ों के प्रति अधिक प्रतिरोधी बनाने की तैयारी है। सिंचाई और जल बचत उपकरण के साथ कृषि मशीनरी को यूपी सरकार विकसित करेगी। डबल इंजन की सरकार इन योजनाओं के सहारे गांवों में खुशहाली लाने की तैयारी कर रही है। केंद्र सरकार ने यूपी के लिए कृषोन्नति योजना के अंतर्गत धन आवंटन किया है। जिसमें 2025-26 के लिए वार्षिक आवंटन (केन्द्रीय हिस्सा) के तहत 550 करोड़ से अधिक की राशि मिलेगी। केंद्र द्वारा संचालित योजनाओं को रफ्तार देने के लिए केंद्र सरकार 60 प्रतिशत और राज्य सरकार 40 प्रतिशत धनराशि खर्च ● शेष पेज 11 पर



❑ यूपी में खेती-किसानी को फायदे का सौदा बनाने के लिए केंद्र सरकार खर्च करेगी 550 करोड़ रुपए

❑ यूपी के लिए केंद्र सरकार ने कृषोन्नति योजना के अंतर्गत किया धन आवंटन

❑ 60% केंद्र और 40% राज्य सरकार के अंश से संचालित होंगी विभिन्न परियोजनाएं

❑ डिजिटल खेती, हाइब्रिड फसलें और नई तकनीक के सहारे गांवों में आएगी खुशहाली

❑ डिजिटल खेती से लाएंगे बदलाव, किसानों की आय बढ़ाने में टर्निंग प्वाइंट साबित होगी योजना

### केंद्र सरकार ने इस तरह किया है धन आवंटन

कृषि विस्तार के लिए 14000 लाख रुपए
राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के लिए 13129 लाख
बागवानी के एकीकृत विकास के मिशन के लिए 8500 लाख
बीज के लिए 2200 लाख
राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-तिलहन के लिए 4100 लाख
राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-ऑयल पाम के लिए 66 लाख
राष्ट्रीय बांस मिशन के लिए 400 लाख
डिजिटल कृषि के लिए 12609 लाख
कुल मिलाकर 550 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है।

## महंत प्रेमदास महाराज अक्षय तृतीया को करेंगे रामलला के दर्शन

**एजेंसी**

अयोध्या। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन महंत प्रेमदास महाराज अक्षय तृतीया को श्रीरामजन्मभूमि पर दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान रामलला का दर्शन करेंगे जो हनुमानगढ़ी के इतिहास में यह पहला अवसर होगा।

प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर के गद्दीनशीन महंत प्रेमदास ने आज यहां हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर में बातचीत करते हुए बताया कि तीस अप्रैल यानी अक्षय तृतीया को राम मंदिर में विराजमान रामलला का दर्शन करेंगे जो कि हनुमानगढ़ी के इतिहास में यह पहला अवसर होगा। हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन बावन बीघा के बाहर जा करके रामलला का दर्शन करने जा रहे हैं। इससे एक नई परम्परा की शुरुआत हो रही है, जो सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो जायेगा। उन्होंने स्वयं बताया कि रामलला का दर्शन करने की प्रेरणा बजरंग बली से मिली है। इसके लिये हनुमान जी महाराज ने उन्हें प्रेरित किया है। वह रामलला का दर्शन बजरंगबली के प्रतिनिधि के तौर पर करेंगे। हनुमानगढ़ी मंदिर के गद्दीनशीन महंत प्रेमदास महाराज अपने आश्रम पर बहुत ही भावुक होते हुए यूनीवार्ता से कहा कि यह पल मेरे लिये बहुत ही अविस्मरणीय है। इससे मैं बहुत ही अभिभूत हूं। खुद हनुमान जी ने मुझे प्रेरित किया है। हनुमानजी की प्रेरणा से तीस अप्रैल अक्षय ● शेष पेज 11 पर

## शिक्षा निदेशालय में आग, बड़ी संख्या में फाइलें जलकर खाक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित शिक्षा निदेशालय के दो कमरों में आग लगने से बड़ी संख्या में फाइलें जलकर राख हो गयी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी आर के पाण्डेय ने बताया कि आग लगने की सूचना करीब 8.35 बजे मिली। शिक्षा निदेशालय की पत्थर बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर के लेखा अनुभाग के कमरा नंबर- 14 और 15 में आग लगी। आग में कितनी फाइलें जली हैं इसके बारे में उन्होंने कहा कि गिनती नहीं है लेकिन बड़ी संख्या में फाइलें जलकर नष्ट हो गयी। उन्होंने बताया कि दो फायर टेंडर आग बुझाने में लगे थे। फाइलें होने के कारण आग बहुत तेजी से फैली थी। करीब दो घंटे के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। उन्होंने बताया कि आग लगने का तत्काल पता नहीं चल सका है। घटना के सभी पहलुओं पर जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित होगी वही आग लगने के कारण की भी जांच करेगी। सूत्रों ने बताया कि जिन दो कमरों में आग लगी, उनमें प्रदेश के कई एडेड विद्यालयों के पंजीकरण, मान्यता, अनुदान और नियुक्तियों से संबंधित महत्वपूर्ण फाइलें जलकर राख हो गईं।

### सीएम योगी ने निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे का हरदोई, शाहजहांपुर और हापुड़ में किया निरीक्षण

## उच्च गुणवत्ता के साथ समयसीमा में बनकर तैयार हो गंगा एक्सप्रेसवे

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे का भ्रमण किया और यूपीडा व निर्माण में जुटी एजेंसियों को उच्च गुणवत्ता के साथ समयसीमा में एक्सप्रेसवे को तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने एक्सप्रेसवे पर ग्रुप-1 और ग्रुप-2 के तहत हो रहे निर्माण कार्य की प्रगति पर संतोष जताया, जबकि ग्रुप-3 और ग्रुप-4 के तहत चल रहे निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं एक्सप्रेसवे पर कार से यात्रा (राइड) की और क्वालिटी पर खुशी जताई। वहीं उन्होंने पहली बार एक्सप्रेसवे में उपयोग में लाई जा रही जर्मन तकनीक को भी विस्तार से समझा। यही नहीं, मुख्यमंत्री ने कार्य कर रहे श्रमिकों से भी मुलाकात की और उनके साथ फोटो शूट भी कराया।



उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने तीन जनपदों में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य की प्रगति को देखा। सबसे पहले वह हरदोई के बिलग्राम तहसील स्थित ग्रुप-3 के 347+000 चैनेज पर गए, जबकि यहां से वह शाहजहांपुर के जलालाबाद स्थित बदायूं-हरदोई ग्रुप-2 पर 242 +650 चैनेज का भी भ्रमण किया। अंत में वह हापुड के गढ़मुक्तेश्वर तहसील के तहत मेरठ-बदायूं ग्रुप-1 पर स्थित 62+200 चैनेज पहुंचे और प्रगति का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सबसे पहले हरदोई जनपद के मल्लावां व माधोगंज विकास खण्ड में गंगा एक्सप्रेस वे का निरीक्षण करने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने हसनपुर गोपाल के पास एक्सप्रेसवे के हेलीपैड पर उतरने के बाद कुछ दूर पैदल चलकर एक्सप्रेसवे को देखा। उन्होंने कार से करीब 5 किलोमीटर की दूरी भी तय की। वहीं, उन्हें रोड क्वालिटी और रोड कम्फर्ट के लिए ज्यूरिख यूनिवर्सिटी द्वारा उन्नत टेक्नोलॉजी से भी अवगत कराया गया, जिस पर उन्होंने खुशी जताई। इस दौरान उन्होंने यूपीडा के अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक्सप्रेसवे के इस ग्रुप को समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्ता के साथ पूरा कराएं। इसके बाद मुख्यमंत्री जलालाबाद, शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य को देखने पहुंचे। यहां उन्होंने हवाई सर्वे के माध्यम से कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने 3.5 किमी. लंबी एयरस्ट्रिप का एरियल सर्वे भी किया। इस एयरस्ट्रिप पर 2 और 3 मई को एयरशो का आयोजन किया जाना है। अभी तक किसी भी एयरस्ट्रिप पर नाइटलैंडिंग नहीं की गई है। गंगा एक्सप्रेसवे पर पहली बार मुख्यमंत्री जी की मौजूदगी में नाइट लैंडिंग कराए जाने की योजना है। इसके बाद मुख्यमंत्री हापुड़ में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य की प्रगति देखने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने हापुड़ में गंगा पर बने ब्रिज को भी देखा, इस ब्रिज पर उन्होंने चहलकदमी भी की। मजदूरों के साथ फोटो सेशन कराया। उनका हाल जाना और 18 महीने में पुल बनाने के लिए उनकी और आईआरबी के स्टाफ की प्रशंसा की। यहां उन्हें परियोजना निदेशक ने गंगा एक्सप्रेसवे के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मुख्यमंत्री जी ने कार्य की भरपूर प्रशंसा की और समयसीमा के अंतर्गत निर्माण पूर्ण कराने के लिए निर्देशित दिया। इस अवसर पर तीनों स्थानों पर मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से भी संवाद किया और उन्हें गंगा ● शेष पेज 11 पर

# बाइलॉज संशोधन के लिए बनेगी पांच सदस्यीय समिति

## गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की आमसभा की बैठक में कार्यकारणी को किया गया अधिकृत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । नीतिगत निर्णय के लिए कोरम के अभाव में 13 अप्रैल को स्थगित की गई गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की बैठक दोबारा रविवार, 27 अप्रैल को प्रेस क्लब भवन के तृतीय तल पर स्थित सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष रीतेश मिश्र ने की जबकि महामंत्री पंकज कुमार श्रीवास्तव की अस्वस्थता की दशा में संचालन का दायित्व बतौर कार्यवाहक महामंत्री, संयुक्त मंत्री अंगद कुमार प्रजापति ने निभाया। बैठक में कोरम की पूर्णता के बाद अध्यक्ष रीतेश मिश्र ने सदस्यता, पत्रकार कल्याण कोष, विधिक पैनल, महत्वपूर्ण प्रकरणों पर जांच, निष्प्रयोज्य सम्पतियों के निस्तारण और कई विषय वस्तुओं पर आवश्यक प्रेस क्लब के बाईलॉज में संशोधन के प्रस्ताव आमसभा के समक्ष रखे। इन सभी प्रस्तावों पर आमसभा ने कार्यकारिणी को अनुमति प्रदान की। आमसभा ने सर्वसम्मति से बाईलॉज संशोधन के लिए पांच सदस्यीय समिति बनाने के लिए कार्यकारिणी को अधिकृत किया। समिति के सदस्यों का नाम कार्यकारिणी तय करेगी। आमसभा की बैठक में सदस्यों के स्वास्थ्य सुरक्षा पर भी विशद चर्चा हुई और एक ऐसी कार्ययोजना की आवश्यकता जताई गई जिससे उन्हें इलाज के लिए परेशान होने से बचाया जा सके। बैठक में यह अपील की गई कि सभी सदस्य पत्रकार कल्याण कोष में अपना वार्षिक अंशदान जमा कर दें ताकि इस कोष से सहायता पाने की उनकी अर्हता रहे। बैठक में उपाध्यक्ष भूपेंद्र द्विवेदी, कोषाध्यक्ष प्रिन्स कुमार पांडेय, पुस्तकालय मंत्री विनय सिंह, कार्यकारिणी सदस्य राजीव कुमार पांडेय, संस्थापक सदस्य कौशल त्रिपाठी, श्रीकृष्ण त्रिपाठी, राकेश सारस्वत, पूर्व अध्यक्ष एसपी सिंह, डॉ. अरविंद कुमार राय, अशोक चौधरी, पूर्व मंत्री धीरज श्रीवास्तव, मनीष मिश्रा, विजय कुमार जायसवाल, ओंकार धर द्विवेदी, पूर्व उपाध्यक्ष राकेश सिंह, सुरेश राय, अजीत यादव, ब्रजेन्द्र सिंह, बागीश चंद्र श्रीवास्तव, डॉ. शेष नारायण पांडेय, राधेश्याम जायसवाल, कमलेश सिंह, राकेश कुमार राय, रजनीश त्रिपाठी, आशुतोष मिश्रा, मनोज मिश्र, पुरुषोत्तम राय, विवेक पांडेय, सतीश पांडेय, उमेश पाठक, रामचंद्र शाही, सलीम खान, राजेश पांडेय, अभयानंद त्रिपाठी, दामोदर उपाध्याय, जितेंद्र कुमार पांडेय, पीपीएन उपाध्याय, धूर्जटी भूतभावन मिश्र, दुर्गेश त्रिपाठी, पवन कुमार शाह, गिरिजा शंकर वर्मा, मुकेश पांडेय, जेपी दूबे, महेंद्र गौड़, हरेंद्र धर दूबे, दुर्गेश यादव, जितेंद्र कुमार, डॉ. जवाहर लाल निगम, कैलाश चंद यादव, शाहनवाज आलम, अमित कुमार, दिनेश यादव, जयप्रकाश यादव, अनुराग पांडेय, बेचन सिंह, संजय त्रिपाठी, राधेश्याम प्रजापति, अमरनाथ जायसवाल, संजय श्रीवास्तव, डॉ. विश्वमित्र भट्ट,अभिनव चतुर्वेदी, राम मनोहर त्रिपाठी, संगम दूबे, अरुण मुन्ना, राजेश राय, अनवर अली, निखिलेश प्रताप सिंह चंदन, अवधेश दूबे, विवेक श्रीवास्तव, अविनाश श्रीवास्तव, समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रतिभागियों ने शाकाहार बनाम मांसाहार विषय पर की परिचर्चा




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर । नगर स्थित ब्राइट चिल्ड्रन एकेडमी में आयोजित वाद - विवाद प्रतियोगिता छात्र - छात्राओं ने शाकाहार बनाम मांसाहार विषय पर परिचर्चा की।प्रतियोगिता मे स्कूल के ब्लू हाउस, रेड हाउस, येलो हाउस और ग्रीन हाउस के छात्र और छात्राओं ने शाकाहार और मांसाहार पर बेबाकी से अपने विचार रखे।

शाकाहार की महत्ता को बताते हुए अनुष्का पटेल, सार्थक सिंह, अश्मित सिंह और आरव मधेशिया ने बताया कि शाकाहार के सेवन से स्वास्थ्य ठीक रहता है। उन्होंने अपनी बात की।पुष्टि की लिए तर्क भी दिए। शाकाहार से अहिंसा और नैतिक मूल्यों की रक्षा होती है।

मांसाहार की महत्ता को दर्शाते हुए विराट गुप्ता, राज कुशवाहा, वीर प्रताप राव और आयुष कुमार गौड़ ने तर्क प्रस्तुत किए कि मांसाहार में प्रोटीन, ओमेगा एसिड तीन, फास्फोरस और कैल्शियम जैसे तत्व होते हैं जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। इस प्रतियोगिता का संचालन सलोनी पांडे और शिक्षक खान ने किया। निर्णायक मंडल में रमेश प्रसाद, श्रीमती शशि, श्रीमती रीमा और शिक्षक शर्मा रहे। विद्यालय के प्रबंधक जय प्रकाश श्रीवास्तव ने वाद विवाद प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## माखी पुलिस ने दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



उन्नाव। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्बारा अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना माखी पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष संदीप कुमार मिश्रा मय हमराह का0 राजू द्वारा थाना माखी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 48/25 धारा 64(1)/352/351(3)/115(2)/126(2) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त नेत्रपाल पुत्र स्व0 सत्यनरायन उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम टनटन नगर जंगल जहानाबाद थाना माखी जनपद उन्नाव को टेनई नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया।

## पुरवा आबकारी अधिकारी को मिली बड़ी कामयाबी अवैध कच्ची शराब के साथ भट्टी किया नष्ट



उन्नाव। आबकारी अधिकारी रवि शंकर के द्बारा लगातार अवैध शराब के खिलाफ चला जा रही मुहिम के तहत पुरवा आबकारी अधिकारी निशांत सिंह ने अपने हमराही स्टाफ तथा मौरावां पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए अवैध कच्ची शराब के व्यापार एवं निष्कर्षण के विरुद्ध निरन्तर जनपद में अभियान चलाया जा रहा है। थाना मौरावां पुलिस एवं पुरवा आबकारी अधिकारी निशांत सिंह अपने टीम द्वारा थाना मौरावां क्षेत्रांतर्गत ग्राम कंदूरी के जंगल में ड्रोन के द्वारा चिन्हित एवं कांबिंग करते हुए कच्ची शराब की 01 भट्ठी एवं अवैध शराब बनाने के उपकरणों को नष्ट किया गया तथा आसपास छानबीन कर 200 लीटर लहन को निकालकर नष्ट किया गया ।

## मन की बात' से प्रेरित हुए कार्यकर्ता, केन्द्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने किया मार्गदर्शन



महराजगंज। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''मन की बात'' कार्यक्रम के 121वें एपिसोड को रविवार को महराजगंज स्थित केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के आवास कैम्प कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने एक साथ सुना। कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यकर्ता उत्साहित और प्रेरित नजर आए।प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में देश के विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और विकासात्मक पहलुओं पर चर्चा की और नागरिकों द्वारा किए जा रहे सकारात्मक प्रयासों को सराहा। उन्होंने आम जनमानस को प्रेरित करते हुए छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े बदलाव लाने का संदेश दिया।कार्यक्रम के बाद केन्द्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ''मन की बात'' आज देशवासियों के दिलों से जुड़ने का माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी का यह कार्यक्रम हमें न केवल प्रेरणा देता है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का आह्वान भी करता है। कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वे कार्यक्रम में मिले संदेशों को अपने आचरण में उतारें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें।''मंत्री ने यह भी कहा कि आज देश एक नए युग की ओर बढ़ रहा है, जहाँ हर नागरिक की छोटी पहल भी राष्ट्रीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल परदेशी रविदास, सदानंदन पटेल, कृष्ण गोपाल जायसवाल समेत अन्य वरिष्ठ जन मौजूद रहे।

# अज्ञात कारणों से लगी आग, चार झोपड़ियां जलकर हुई राख

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पडरौना ,कुशीनगर। मंसाछापर पडरौना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा अरनहवा टोला ननुआ दाह गांव में शनिवार के देर रात को अज्ञात कारणों से आग लगी आग लगने के बाद घर के परिजन ने देखा तो शोर मचाया और गांव वालों में अफरा तफरी का माहौल बन गया आपको बता दे की चार लोगों की झोपड़ियां जलकर राख हो गई जो आग इतना विकराल था की बड़े मुश्किल से गांव वालों ने आग पर काबू पाया बलिस्टर पुत्र राम सुभग रमेश पुत्र गोपी केश्वर पुत्र रामलाल होशीला पुत्र वृझन रियासी झोपड़ियां जलकर राख हो गई घर वालों के बताने के अनुसार गेहूं व घर के समान कपड़ा बर्तन आदि कुछ रुपया भी जलकर राख हो गयाग्राम सभा अरनहवा के प्रधान फूल बदन चौहान ने आज सुबह रविवार को पहुंचकर आगजनी लोगों को चावल और खाने-पीने का सामान और बर्तन और बरसाती और जरूरतमंद सामान देकर सहयोग किया आगजनी लोगों ने समान प्रकार उनके चेहरे खिल उठे और ग्राम प्रधान ने कहा कि इसके बाद जो भी कमी होती है उसको भी हम पूरा करते रहेंगे ग्राम सभा अरनहवा के लेखपाल मौके पर पहुंचकर आगजनी लोगों का निरीक्षण किया और अपने कार्रवाई में जुट गए।

# जनपद के सभी बूथों पर सुनीं गई प्रधानमंत्री की मन की बात



कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। महीने के अंतिम रविवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 121 वें संस्करण का प्रसारण किया गया जिसे पूर्व निर्धारित योजना के क्रम में जिले के सभी बूथों पर सुना गया जिले के जनप्रतिनिधि पदाधिकारी अपने आवंटित बूथों पर इस कार्यक्रम को सुन बूथ समिति की बैठक कर आगामी कार्यक्रमों हेतु योजना बनवाई।पीएम मोदी ने रेडियो शो 'मन की बात' के 121वें एपिसोड की शुरुआत पहलगाम में मारे गए लोगों को याद करते हुए की। उन्होंने कहा- इस आतंकी हमले के बाद पूरा देश एक स्वर में बोल रहा है। पूरे विश्व ने संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले से देश के लोगों का खून खौल रहा है। पीड़ित परिजनों को न्याय जरूर मिलेगा। हमले के बाद देश का खून खौल रहा, साजिश करने वालों को कठोर जवाब दिया जाएगा। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने सदर विधायक पंकज गुप्ता के साथ व पदाधिकारियों के साथ विधानसभा उन्नाव के सरोसी मंडल, बूथ संख्या 42 थाना में मन की बात कार्यक्रम को सुन बूथ समिति बैठक कर समिति सदस्यों से परिचय प्राप्त किया और आगामी अभियानों की योजना रचना बनवाई। इसके पूर्व उपस्थित लोगों के साथ पहलगाम हमले में शहीद हुए 26 मृतकों को 2 मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# छह वर्ष पूरे होने पर सुदीक्षा नई राह फाउंडेशन ने 6 नए बच्चों को लिया गोद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ। जनपद् सहित पूरे भारत में गरीब व निराश्रित बच्चों को मुक्त शिक्षा देने वाले संगठन सुदीक्षा नई राह फाउंडेशन ने आजमगढ़ में कीर्तिमान स्थापित किया है सुदीक्षा नई रहा फाउंडेशन के सफलतापूर्वक 6 वर्ष पूरे होने पर संगठन की तरफ से 6 बच्चों को सुदीक्षा नई राह फाउंडेशन ने उनकी शिक्षा दीक्षा की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए उन्हें गोद लिया इतना ही नहीं बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा मुफ्त में दिलाने प्रण लेने के बाद उनके परिजनों सहित पूरे पूर्वांचल में लोग संगठन की सराहना कर रहे हैं आजमगढ़ के रोडवेज स्थित होटल पार्क डिलाइट में सुदीक्षा नई राह फाउंडेशन की तरफ से एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया है जिसमें 6 वर्ष सफलता पूर्वक पूर्ण होने पर जिन 6 बच्चों को गोद लिया गया है उनकी शिक्षा का प्रण लेकर उनके अभिभावकों और शहर के सम्मानित लोगों के सामने उन्हें शिक्षा से जुडे आवश्यक सामान दे करके उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई, संगठन की सचिव साक्षी पांडे ने पत्रकार वार्ता में बताया कि हमारी संस्था के 6 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण हुए हैं हम गुरुकुल शिक्षा की तरह गरीब बच्चों को शिक्षा देने का काम करते हैं इस बार 6 वर्ष पूरे होने पर हमने 6 बच्चों की मुक्त शिक्षा की जिम्मेदारी उठाने का प्रण लिया अच्छे बच्चों के हम लगातार आम जनमानस के सहयोग से यह कार्य निरंतर कर रहे हैं।

आगे भी हमें जो लोग अपनी तरफ से सहयोग देना चाहे वह उन गरीब बच्चों की मदद कर सकते हैं जिनका कोई नहीं है हम आगे भी ऐसे ही कार्य करते रहेंगे जिससे गरीब बच्चों और निराश्रित बच्चों के लिए शिक्षा की अलख जलाया जा सके,संगठन की तरफ से सुदीक्षा नई राह फाउंडेशन के सदस्यों ने आजमगढ़ के वरिष्ठ पत्रकारों और सम्मानित लोगों को उपहार स्वरूप पौध वितरण किया गया, कार्यक्रम के दौरान संगठन के कई पदाधिकारी जिसमें पूजा अंशुमान निधि श्वेता हर्ष सेशन आदित्य रत्नेश स्मिता प्रांजल सारिका निशांत आदि लोग उपस्थित रहे !

# पहलगाम के हमले के बाद रेल पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद देश ने आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर कमर कस ली है।आनन-फानन में स भी रेलवे स्टेशनों पर अलर्ट जारी कर देशवासियों को सुरक्षा को लेकर सतर्क कर दिया गया तो एजें सियों को सक्रिय करने की भी पहल की गयी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा हमले के बाद उत्तर प्रदेश को अलर्ट पर रहने को कहा गया है।गृह मंत्रालय के अलर्ट के बाद जिले में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है।सूत्रों की मानें तो सभी जिलों में संदग्धिों पर नज र रखने को कहा गया है।वही रेल के उच्च अधिका रियों के द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में आरपीएफ के पोस्ट कमांडर ने रेलवे स्टेशन के परिसर में ट्रेनों और प्लेटफार्म पर कंपनी कमांडर रेलवे सुर क्षा विशेष बल,सीआईबी वं उप निरीक्षक राजकीय रेलवे पुलिस के जावनो के साथ डॉग स्क्वाड टीम संयुक्त रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।ट्रेन संख्या 75113 गोंडा - बहराइच रेल से आने वाली ट्रेन गोंडा जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर पां च पर संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया गयावही रेल परिसर में प्लेटफार्म नंबर एक,दो,तीन,चारव पांच तथा ओवरब्रिज तथा वेटिंग हॉल एवं सर्कु लेटिंग एरिया में फ्लैग मार्च कर संयुक्त रूप से डॉग स्क्वॉड के साथ चेकिंग अभियान में रेल परिसर में आने वाले रेल यात्रियों क़ो सुरक्षा का एहसास करा या गया और रेल पुलिस के द्वारा संदग्धिों व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी जा रही है और आरपीएफ के जवानों को चौकसी बरतने के निर्देश दिये गये हैं। ट्रेनों में पेट्रोलिंग भी चुस्त दुरूस्त कर दिया गया है।रेलवे आउटपोस्ट के अधिकारियों को अलर्ट मोड में रखा गया है।रेल यात्रियों से संदग्धिों और लावा रिस सामान की सूचना आरपीएफ हेल्पलाइन 182 पर देने की अपील की गईं है।

## 13 वर्षीय किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गोसाईंगंज थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। शनिवार रात को तीन युवकों ने एक 13 वर्षीय किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है।गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार रात को घटना हुई। उस रात गांव में एक खतने का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था, जिसमें पीड़िता भी शामिल होने गई थी। रात करीब ढाई बजे, जौखंड़ी गांव के रहने वाले तीन युवक–मुस्ताक, एहसान और साहिल–ने पीड़िता को जबरदस्ती पकड़ लिया। आरोपियों ने उसे एक पिकअप वाहन में ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता किसी तरह उनके चंगुल से बचकर अपने घर पहुंची और परिजनों को इस दर्दनाक घटना की जानकारी दी।

# नियमित योग करने से शरीर रहता है संतुलित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले में आवास विकास स्थित प्रेरणा पार्क में रविवार को उत्तम स्वास्थ हेतु एक विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया,नियमित रूप से संचालित योग कक्षा में योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने उपस्थित समस्त योग साधकों को योगाभ्यास कर वाया और उससे होने वाले लाभ पर भी प्रकाश डाला।शिविर में उपस्थित योग साधकों ने पूर्ण उत्साह के साथ योगाभ्यास किया।इसी क्रम में योगाचार्य ने विशेष लाभकारी आसनों का अभ्यास करवाया। जैसे ताड़ासन,भुजंगासन,पूर्णतितली-आसान,सूर्य नमस्कार, सूक्ष्म व्यायाम,सिंहासन के साथ-साथ कपालभाति प्राणायाम,अनुलोम- विलोम प्राणायाम आदि का अभ्यास करवाया गया क्रशिविर के अंत में योगाचार्य ने कहा यदि आप नियमित रूप से योग करते हैं तो आपके शरीर में ऊर्जा का संचार होगा।योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ बनाता है,क्योंकि यह हमें रोगों से लड़ने की शक्ति देता है।हृदय रोग,मधुमेह और अस्थमा जैसी कई अन्य बीमारियों से बच जाते हैं।नियमित योग करने से शरीर संतुलित व सुडौल के साथ ही स्वस्थ रहता है।सभी लोगों को योग अपने दिनचर्या में अनिवार्य रूप से शामिल करना चाहिए।योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने बताया नियमित योग करने से शारीरिक लचीलापन, ताकत, और संतुलन में सुधार साथ ही,यह तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में मदद करता है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य में भी सुधार होता है।शिविर में अश्विनी कुमार,शिव पूजन, विजय श्रीवास्तव,मनीष दूबे,डॉ टी पी जयसवाल,डॉ.राजेश श्रीवास्तव,विद्याधर द्विवेदी,संतोष गुप्ता,रश्मि टण्डन, प्रमिला,गरिमा, ज्योति सिंह,शिल्पी श्रीवास्तव, प्रतिभा,कविता, गरिमा,अंजलि सिंह,जया,मांडवी,नभ्य सिंह,आदि मौजूद रहे।

# वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के तहत नए कानून के बारे में बताया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ । कांग्रेस की यूपीए सरकार द्वारा 2013 में प्रस्तुत वक्फ संशोधन अधिनियम के अंतर्गत वक़्फ़ बोर्ड की शक्तियों का विस्तार करके व मनमाने ढंग से भूमि अधिग्रहण को सक्षम करके संपत्ति के अधिकारों को कमजोर कर दिया गया था इसमें किसी कमी और हित धारकों की चिंताएं को नजर अंदाज करने के साथ ही बिना किसी नियम कानून के फैसले किए जाने का अधिकार दे दिया गया था ।ये बाते जिला अध्यक्ष विजय मौर्य ने जिला कार्यालय पर आयोजित वक्फ सुधार जन जागरण अभियान कार्यक्रम के तहत कही। उन्होंने कहा कि 2013 के संशोधन में वक़्फ़ बोर्ड पर राज्य सरकार के अधिकार को प्रतिबंधित कर दिया गया था वही यूपीए सरकार द्वारा वक़्फ़ संपत्ति विधेयक में कथित अतिक्रमण करियों की निष्पक्ष सुनवाई




के बिना वक़्फ़ बोर्ड को असीमित शक्तियां प्रदान की गई थी यह यूपीए सरकार की तुष्टिकरण और मनमाने नीति निर्माण का प्रतीक है जिसमे कानूनी निष्पक्षता पर वक़्फ़ अधिकारियों को प्राथमिकता दी गई वही वक्त संशोधन अधिनियम 2025 के अंतर्गत धारा 40 को हटाकर वक़्फ़ बोर्ड की मनमानी शक्तियों को समाप्त करने के साथ संपत्ति को एक तरफा तरीके से वक़्फ़ घोषित करने की अनुमति नहीं देना है साथ ही इसमें यह प्रावधान किया गया कि वक्त पंजीकरण के लिए भूमि रिकॉर्ड में बदलाव करने से पहले समाचार पत्रों में 90 दिन की सार्वजनिक सूचना प्रकाशित करना अनिवार्य है वर्तमान अधिनियम में सरकार को ऐसी सभी सरकारी संपत्तियों को पुनः प्राप्त करने का अधिकार है जिन पर मूल अधिनियम से पहले या बाद में वक़्फ़ के रूप में दावा किया गया था वही इस संशोधन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं के अधिकारों में वृद्धि करते हुए वक़्फ़ आय से महिलाओं की स्थिति को सशक्त बनाता है जिससे साथ यह सुनिश्चित किया गया है कि पारिवारिक वक़्फ़ का उपयोग महिलाओं के उत्तराधिकार अधिकारों का हनन करने के लिए नहीं किया जा सकेगा वही इस अधिनियम के माध्यम से देश भर की सभी वक्त संपत्तियों के विवरण को एक साथ रखने के लिए एक केंद्रीकृत पोर्टल और डेटाबेस बनाने का प्रस्ताव रखा गया है वही इस अधिनियम में बोहरा और आगा खानी मुसलमान के अधिकारों को मान्यता देकर उनके प्रतिनिधित्व और शासन को बढ़ाने के का प्रावधान किया गया है ।

# खरगापुर में तिलकोत्सव समारोह में झाकियों के साथ मां के जगराते का आयोजन

**विभिन्न जनपदों से पहुंचें कई बड़े दिग्गज नेताओं ने लिया मां के श्री चरणों का आशीर्वाद**

**सांसद , विधायक समेत जिलापंचायत सदस्य कार्यक्रम में किया शिरकत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। क्षेत्र के गांव में एक समारोह में जगराते का आयोजन किया गया ,जिसका शुभारम्भ क्षेत्रीय विधायक अमरेश रावत व जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र समेत भारद्वाज परिवार ने संयुक्त रूप से किया। जहां इन दिनों वैवाहिक समारोह में लोग डीजे, आर्केस्ट्रा व ग्रामीण क्षेत्रों में नौटंकी करने के लिए लोग प्रेरित करते हैं वहीं खरगापुर गांव में एक भारद्वाज परिवार के शिवकुमार भारद्वाज ने अपने बेटे अमन भारद्वाज के तिलकोत्सव समारोह में मां के जगराते का आयोजन किया जिसमें सुंदर-सुंदर झांकियां दिखाई गई, झाकियों के साथ समारोह में उपस्थित अतिथियों ने जमकर झूमा और शिवकुमार भारद्वाज की सराहना किया । खरगापुर निवासी शिवकुमार ने बताया कि वह हिंदुत्ववादी है वह हमेशा धर्म की राह पर चलते हैं, इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने माता की प्रतिमा पर चुनरी चढ़ाई और मां का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर कई जनपदों से दिग्गज नेताओं ने शिरकत किया , बाराबंकी के राज्यमंत्री सतीश शर्मा के पिता जी का आगमन हुआ , मोहनलाल गंज विधानसभा सांसद आर.के चौधरी, पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, भाजपा के वरिष्ठ नेता नागेश्वर द्विवेदी समेत उन्नाव जनपद से भी कई दिग्गज नेता समारोह में मौजूद रहे।

# निगोहां कस्बा में ग्रामीणों ने निकाला कैंडल मार्च, श्रद्धांजलि सभा की




कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ। रविवार को पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों की निर्मम हत्या करने के विरोध में मृतक की आत्मा की शांति के लिए निगोहां कस्बे में समाजसेवी नवीन मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया , उपस्थित लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। इस मौके पर नवीन मिश्रा, अंकित मिश्रा, विकास सिंह, पंकज मिश्रा, विजयकंात मिश्रा, राहुल गुप्ता, ताहिर, धर्मेंद्र वर्मा सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## भोजपुरी सिनेमा में नया इतिहास रचने आ रही है भोजपुरी फिल्म बहू की बिदाई




लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भोजपुरी सिनेमा में एक नई कहानी, एक नया एहसास लेकर आ रही है फिल्म ''बहू की बिदाई'' 3 मई को शाम 6 बजे और 4 मई को सुबह 10 बजे भोजपुरी सिनेमा पर वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के लिए तैयार है। बहू की बिदाई भोजपुरी की पहली ऐसी फिल्म बताई जा रही है, जो अपनी कहानी और प्रस्तुतिकरण से दर्शकों के रोंगटे खड़े कर देगी। फिल्म का ट्रेलर पहले ही सोशल मीडिया पर धमाल मचा चुका है और अब पूरी फिल्म के प्रसारण का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म में प्रीति शुक्ला, श्रद्धा नवल, रितेश उपाध्याय, देव सिंह, अमित शुक्ला, अनीता रावत और समर्थ चतुर्वेदी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# मां तपेश्वरी ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-2 का हुआ उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बंथरा, लखनऊ। इलाके के रहीम नगर पड़ियाना गांव के मजरा त्रिलोचन खेड़ा में मां तपेश्वरी ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट के सीजन S2 का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय विधायक राजेश्वर सिंह के प्रतिनिधि निखिल त्रिपाठी और राजेश त्रिपाठी द्वारा टूर्नामेंट का उद्घाटन करके की गई। उद्घाटन के समय से ही बहुप्रतिष्ठित क्रिकेट प्रतियोगिता को देखने के लिए दर्शकों की अच्छी खासी संख्या उपस्थित रही।औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद टूर्नामेंट का पहला मुकाबला लतीफ नगर बनाम निवाजी खेड़ा के बीच खेला गया जिसमें लतीफ नगर ने टास जीतकर निर्धारित 10 ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट होकर 88 रन बनाएं जवाब में निवाजी खेड़ा की टीम 6 विकेट खोकर महज 52 रन ही बना सकी। टूर्नामेंट की विजेता टीम को विधायक राजेश्वर सिंह द्वारा 5100 रुपए के पुरस्कार का भी ऐलान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भटगवां पांडे ग्राम प्रधान उमेश गुप्ता, शीतल राठौर, समाजसेवी विनोद राठौर, कृष्ण कुमार, अरविंद राजपूत, धीरज राजपूत, अंशुल, प्रभाकर, आशीष सिंह चौहान, भैयालाल, गुड्डू,पवन, देवेन्द्र, अभिषेक यादव, रिपुदमन कटियार आदि लोग मौजूद रहे।

## प्लॉट कब्जे को लेकर पीड़ित ने लगाया धोखाधड़ी का आरोप मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र में स्थित प्लॉटिंग में प्लॉट कब्जे को लेकर धोखाधड़ी का एक नया मामला सामने आया है। पीड़ित अमित गुप्ता, निवासी 88/39, जुरियन टोला, मकबूलगंज, लखनऊ ने आरोप लगाया है कि उन्हें रियल्टी इन्वेस्टमेंट्स सल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्लॉट देने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन वर्षों बीत जाने के बावजूद कब्जा नहीं दिया गया।पीड़ित ने बताया कि दिनांक 27 मार्च 2015 को कंपनी के डायरेक्टर बलबीर सिंह, निवासी बी-63, रेल नगर, सेक्टर-जे, आशियाना लखनऊ ने प्लॉट कटिंग के बाद कब्जा देने का वादा किया था। परन्तु आज तक न तो कब्जा दिया गया और न ही कोई संतोषजनक उत्तर मिला पीड़ित ने आगे बताया कि मार्च 2021 में कई प्रयासों के बाद बलबीर सिंह से मुलाकात संभव हो सकी मुलाकात के दौरान जब अमित गुप्ता ने अपनी रजिस्ट्री दिखाई तब बलबीर सिंह ने स्वीकार किया कि रजिस्ट्री में गाटा संख्या गलत अंकित हो गई है उन्होंने 10 दिन के भीतर रजिस्ट्री सही कराने और कब्जा दिलाने का आश्वासन दिया आश्वासन देने के बाद बलबीर सिंह ने न तो संपर्क साधा और न ही मिलने को तैयार हुए वही पीड़ित ने मजबूर होकर संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराई जिस पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है मोहनलालगंज थाना प्रभारी दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच प्रारंभ कर दी गई है और शीघ्र ही आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# आतंकवाद के खिलाफ फूटा जनसैलाब, लखनऊ की सड़कों पर दिखा ग़म और गुस्सा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दुबग्गा लखनऊ। देश को झकझोर देने वाले श्रीनगर के पहलगाम आतंकी हमले में 27 निर्दोष नागरिकों की निर्मम हत्या के खिलाफ शनिवार को लखनऊ की सड़कों पर आक्रोश की आग भड़क उठी। दुबग्गा सीतापुर बाईपास चौराहे से लेकर कानपुर बाईपास चौराहे तक जनसैलाब उमड़ पड़ा। भारतीय किसान यूनियन दशहरी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष यादव के नेतृत्व में हजारों लोगों ने आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

कैंडल मार्च के दौरान हाथों में तिरंगा लिए युवाओं बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों ने आतंकवाद के खिलाफ गगनभेदी नारे लगाए। पाकिस्तान का पुतला फूंक कर लोगों ने अपने गुस्से का इज़हार किया और आतंक के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का ऐलान किया।

रैली में हिंदू-मुस्लिम एकता की अद्भुत मिसाल भी देखने को मिली। सभी समुदायों के लोग कंधे से कंधा मिलाकर आतंक के खिलाफ संघर्ष के लिए एकजुट हुए। समाजसेवी हाशिम सिद्दीकी, किसान यूनियन दशहरी के यूथ प्रदेश अध्यक्ष तारीख सिद्दीकी सहित कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता इस ऐतिहासिक आंदोलन में शामिल रहे। सभा को संबोधित करते हुए मनीष यादव ने कहा, ''अब देश चुप नहीं बैठेगा। आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए हर भारतवासी तैयार है। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग करते हैं कि पाकिस्तान और आतंक के सरगनाओं के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए। कार्यक्रम के अंत में शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए सभी ने दो मिनट का मौन रखा और आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करने का संकल्प लिया। देश की आत्मा पर हुए इस अमानवीय हमले ने एक बार फिर यह दिखा दिया कि आतंक के खिलाफ राष्ट्रीय एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। अब आतंकवाद के सफाए तक संघर्ष थमेगा नहीं।

## समेसी से संदिग्ध परिस्थितियों में 55 वर्षीय युवक लापता गुमशुदगी दर्ज



नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगराम थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में कहीं लापता हो गया। पुलिस ने युवक की पत्नी की तहरीर के आधार पर उसकी गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। रविवार को समेसी के मजरा पटवा खेड़ा गांव निवासी पराना ने पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पति परागी (55) संदिग्ध परिस्थितियों में कहीं लापता हो गए हैं , बताया कि बीते शनिवार की सुबह 10 बजे घर पर बिना बताए कहीं चले गए थे। शाम तक वापस नहीं आने पर उन्होंने सभी सम्भावित स्थानों पर अपने पति की तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। युवती ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। कार्यवाहक थाना अध्यक्ष उपेन्द्र यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी गई है।

## जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने विकास कार्यों को लेकर जिला पंचायत में की वार्ता



लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला पंचायत कार्यालय में शनिवार को जन प्रतिनिधियों की बैठक हुई, जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में विकास कार्य को लेकर बातें रखीं गई। इसी क्रम में मोहनलालगंज क्षेत्र के वार्ड संख्या -19 के जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने वार्ड में आने वाले विभिन्न गांवों के मार्गों व जनता की समस्याओं का मजबूती से मुद्दा रखा और अपनी आवाज बुलंद की। अमरेन्द्र भारद्वाज का कहना है कि जनता की हर समस्या मेरी व्यक्तिगत समस्या होती है। बैठक में उन्होंने कई गांवों के मार्गों व अन्य विकास हेतु वार्ता किया है।

## धोलेरा: भारत का भविष्य कार्यक्रम का भव्य आयोजन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। धोलेरा: भारत का भविष्य कार्यक्रम का भव्य आयोजन निराला नगर स्थित एक निजी होटल में किया गया। इस अवसर पर आयोजित पैनल परिचर्चा में उद्योग जगत के दिग्गजों, रियल एस्टेट विशेषज्ञों और निवेशकों, आध्यात्मिक क्षेत्र के एवं मीडिया संस्थानों ने हिस्सा लिया और धोलेरा को भारत के विकास का अगला बड़ा केंद्र बताया। गुजरात से आए देवेन्द्र सिंह जडेजा, अखिल व्यास और मानवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में इस जागरूकता अभियान की शुरुआत हुई। इस अवसर पर इंद्रा डेवलपर के संस्थापक निदेशक देवेंद्र सिंह जडेजा ने कहा कि हमारा उद्देश्य हर भारतवासी को इस अद्भुत अवसर से जोड़ना, साथ ही जानकारी उपलब्ध कराना है।

## संत कबीर नगर कॉलोनी में सपा कार्यकर्ताओं ने चलाया जन सम्पर्क अभियान

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। फैजुल्लागंज द्वितीय वार्ड के संत कबीर नगर कॉलोनी में सपा कार्यकर्ताओं ने जन सम्पर्क अभियान चलाया। इस दौरान आर एस गुप्ता, अमित शुक्ल, डॉ आलोक त्रिपाठी, अभिषेक मिश्र, प्रवीण मिश्र, सविता तिवारी, प्रियंका बाजपेई, आशा द्विवेदी, दलजीत कौर, सोनी सिंह, एस के श्रीवास्तव, तारा श्रीवास्तव, पूनम शर्मा, बेबी सिंह, सुरेन्द्र कुमार, सियाराम यादव, राम विलास शर्मा, राम नरेश यादव, अनूप सिंह, प्रेमचंद यादव, अजय सक्सेना, उमा शंकर सोनी व संदीप सहित अन्य मौजूद रहे।

## दुकान का ताला तोड कर सामान की चोरी

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईगंज कोतवाली के कस्बा अमेठी के अंसारी वार्ड निवासी नेवल किशोर की दुकान का ताला तोड़ दिया गया।इस बात की लिखित शिकायत कस्बा स्थित पुलिस चौकी पर की गई लेकिन पुलिस की ओर से किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। शिकायत कर्ता नेवल किशोर पुत्र पन्नालाल के अनुसार कस्बे के ही वार्ड संजय नगर निवासी संतोष पुत्र पन्नालाल व कमलेश देवी पत्नी संतोष ने उसके घर और दुकान की अपने नाम से फर्जी रजिस्ट्री करवा ली। उन्होंने कब्जा करने कि नियत से 26 अप्रैल 2025 को दोपहर लगभग तीन बजे संतोष,उनकी पत्नी कमलेश , पुत्र अजय एवं पुत्री प्रियंका, आंचल रावत पूत्री पुत्री राकेश कुमार रावत ने कुछ अज्ञात लोगों के साथ मिलकर उनकी दुकान का ताला तोड दिया।उन लोगों ने दुकान के अंदर रखे हुए सामान को उठा कर बाहर फेंक दिया। नेवल किशोर के मुताबिक उनकी पत्नी सावित्री देवी के विरोध करने पर सभी हमलावरों ने उसको गन्दी गन्दी गालियां देने के साथ ही लात घूसों से पुरी तरह पीटा।

# जनसुनवाई शिविर में बेहसा ग्रामवासियों की समस्याओं का हुआ समाधान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । रविवार को राजा बिजली पासी वार्ड द्वितीय के ग्राम पंचायत बेहसा में 117वें 'आपका विधायक - आपके द्वार' जन सुनवाई शिविर का आयोजन कर उपस्थित ग्राम वासियों से विधायक राजेश्वर सिंह की टीम ने सहज संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आकाँक्षाओं को जानने का प्रयास किया, साथ ही लोगों से सरोजनीनगर विधानसभा के उत्तरोतर प्रगति से सम्बंधित महत्वपूर्ण सुझाव भी प्राप्त किये।

इस दौरान रोड, विद्युत, सिलाई सेंटर, लैपटॉप, स्ट्रीट लाइट, साइकिल एवं विभिन्न पेंशनों सम्बंधित कुल 34 आवेदन प्राप्त हुए, कुछ समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रयास किया गया तथा कुछ आवेदनों के लिए आवश्यक दिशानिर्देश तय किये गए, विधायक डॉ. सिंह ने बताया की जनता से प्राप्त हर एक आवेदन- हर एक सुझाव मेरे लिए महत्वपूर्ण हैं, उसपर प्राथमिकता से कार्रवाई की जायेगी।



गाँव की शान पहल के अंतर्गत 4 मेधावियों को प्रोत्साहन और सम्मान

शिक्षा को नया आयाम देने तथा बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य के साथ विधायक राजेश्वर द्वारा शुरू किए गए 'गांव की शान' पहल के अंतर्गत हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले ग्राम बेहसा के 4 मेधावी छात्रों- ध्रुव कुशवाहा (89.66%), अलीमा शेख (88%), विदुषी मिश्रा (82%) और वैष्णवी जायसवाल (81%) को साइकिल, घड़ी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# महिलाओं के स्वास्थ्य समाधान विषय पर कार्यक्रम एवं जागरूकता अभियान हेतु हुई चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पार्थ चैरिटेबल सोसाइटी की एक आवश्यक बैठक संस्था के तेलीबाग कार्यालय में आहूत की गई। जिसमें संस्था की कोर समिति के सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक में अथर्व इंडिया अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान के प्रबंध निर्देशक डॉ वी बी पाण्डेय मौजूद रहे। संस्था द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य समाधान विषय पर कार्यक्रम एवं जागरूकता अभियान हेतु चर्चा की गई। जिसमें लखनऊ के 10 स्थान पर महिला स्वास्थ्य जागरूकता कैंप स्थापित करने का निर्णय लिया गया। संस्था की अध्यक्ष अनीता सिंह ने बताया कि जहां एक तरफ झुग्गी झोपड़ी एवं मलिन बस्तियों में रहने वाली महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं का समुचित मार्गदर्शन नहीं मिल



पा रहा है साथ ही अनेक विकसित कालोनियों में भी महिलाओं को जानकारी के अभाव में अनेक बीमारियां भयंकर रूप धारण करती जा रही है। जागरूकता एवं मार्गदर्शन के माध्यम से महिलाओं में होने वाली बीमारियों के प्रति उन्हें जागरूक करना तथा मार्गदर्शन करना संस्था के इस कार्यक्रम का प्रमुख हिस्सा रहेगा। कार्यक्रम में अरुणा घिल्डियाल, किरण पाण्डेय, मोनी द्विवेदी व पूजा पांडे समेत अन्य मौजूद रहे।

# मनरेगा में मची लूट जिम्मेदारों को मिली छूट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बेहटा,सीतापुर। जहां पर योगी सरकार विकास के नाम पर करोड़ों रुपया खर्चा कर रही है वहीं पर उन्हीं के महकमे के कुछ लोग भ्रष्टाचार करने का कोई न कोई नया रास्ता ढूंढ ही लेते है सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना में हेरा फ़ेरी की तमाम दैनिक पेपरों में खबरें प्रकाशित होने के बाद धाधली रोकने व पारदर्शिता लाने हेतु साइड पर कार्य करते श्रमिकों का फ़ेश के साथ मस्टर रोल अपलोड करने का नियम जारी तो किया गया लेकिन नतीजा शून्य रहा कही कही तो साइड पर जाकर शाही पोशाकों में फोटो खिंचवाना उनके काम की सच्चाई खुद व खुद बया कर रहा है तो कही पर बिना काम के फोटो से फोटो अपलोड करना सुर्खियां बटोर रहा है

कुछ ऐसा ही मामला जनपद सीतापुर की ब्लॉक बेहटा में देखने को मिला जहां पर 25 अप्रैल को ब्लॉक की दर्जनों ग्राम पंचायतों में View,Daily,Attendance, Taken,At,The work site का अवलोकन करने पर फोटो से फोटो अपलोड कर काम दिखाने के साथ साथ सैकड़ों श्रमिकों की उपस्थिति दिखाई गई जो सरासर सरकारी धन का दुरुपयोग है फर्जीवाड़ा करने वाली पंचायतों में सोंसरी, अडमलपुर, नरना,, चेनिया,अमरनगर, करमू ,डीह, चांदी, इटौवा, मानपुर मल्लापुरआदि सम्मिलित हैं क्या पंचायत स्तर पर प्रधान से लेकर मनरेगा मेट रोजगार सेवक व उनके कार्यों पर नियंत्रण करने वाले संबंधित जिम्मेदारों को इसकी भनक ही नहीं लगती जो उनके कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े कर रहा है।

# गृहकर और जलकर में वृद्धि के विरोध में नागरिकों ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। नगर पालिका परिषद सीतापुर द्वारा हाल ही में गृहकर और जलकर में की गई भारी बढ़ोत्तरी से नाराज नागरिकों ने शुक्रवार को एकत्र होकर मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नाम छः सूत्रीय मांग पत्र का एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से आजाद अधिकार सेना सीतापुर के जिला अध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा ने प्रेषित किया।ज्ञापन में नागरिकों ने कहा है कि महंगाई के इस दौर में टैक्स बढ़ाना जनसामान्य के लिए अतिरिक्त आर्थिक बोझ बन गया है। बिना पर्याप्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए गए, टैक्स में बढ़ोत्तरी पूर्णतया अन्यायपूर्ण है।नागरिकों ने ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की है कि बढ़ाए गए गृहकर और जलकर को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए।बढ़ी दरों के आधार पर भेजे जा रहे नोटिसों पर रोक लगाई जाए।नगर पालिका की सीमा से लगे बाहरी मोहल्लों में पक्की सड़कें, नालियां एवं पुलियों का निर्माण कराया जाए।नगर क्षेत्र में सप्ताह में कम से कम तीन बार नियमित साफ-सफाई कराई जाए।नागरिकों को दिन में तीन बार शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।नागरिकों का कहना है कि जब तक बुनियादी नागरिक सुविधाएं सुलभ नहीं कराई जातीं, तब तक किसी भी प्रकार की कर वृद्धि उचित नहीं मानी जा सकती। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे बड़े आंदोलन की राह पकड़ने को बाध्य होंगे।ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से चन्द्र भान सक्सेना लक्ष्मी कंात बाजपेई रजत पिंकी सिंह सुशील कुमार मिश्रा विजय कुमार गुप्ता राज कुमार श्रीवास्तव शामिल रहे।

# गेहूं बिक्री के लिए प्रतिदिन एक हजार से अधिक किसानों ने कराया पंजीकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार की सकारात्मक नीति के कारण किसान सरकारी बिक्री की तरफ तेजी से बढ़ रहे हैं। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बिक्री के लिए 42 दिन में 4,20, 837 किसानों ने करा पंजीकरण करा लिया है यानी सत्र 2025-26 में औसतन प्रतिदिन एक हजार से अधिक किसानों ने गेहूं बिक्री के लिए पंजीकरण कराया है। अब तक 1.17 लाख से अधिक किसानों से लगभग 6.50 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद भी की जा चुकी है। गेहूं खरीद 17 मार्च से प्रारंभ हुई थी, जो 15 जून तक चलेगी। वहीं योगी सरकार के निर्देश पर रविवार को अवकाश के दिन भी खाद्य व रसद विभाग के अधिकारियों ने गांव-गांव पहुंचकर किसानों से संपर्क स्थापित किया। गेहूं खरीद 17 मार्च से प्रारंभ हुई थी। 17 मार्च से 27 अप्रैल तक (42 दिन) में 4,20, 837 किसानों ने गेहूं बिक्री के लिए पंजीकरण कराया है। यह आंकड़े बताते हैं कि योगी सरकार की नीतियों से प्रसन्न होकर प्रतिदिन एक हजार किसान गेहूं खरीद कर रहे हैं। योगी सरकार के निर्देश पर क्रय केंद्रों पर किसानों के लिए शुद्ध पेयजल, छाजन समेत सभी व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं।

जिन किसानों ने गेहूं बिक्री के लिए अभी तक पंजीकरण या नवीनीकरण नहीं कराया है, पर पंजीकरण-नवीनीकरण करा सकते हैं। गेहूं बिक्री के लिए इस पोर्टल/मोबाइल ऐप पर पंजीकरण अनिवार्य है। किसान अपनी समस्या 18001800150 पर भी अंकित करा रहे हैं, जिसका निस्तारण अधिकारियों द्वारा सुनिश्चित कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एक तरफ जहां सुबह 8 बजे रात्रि 8 बजे तक प्रतिदिन क्रय केंद्र खुले हैं। वहीं अवकाश में भी अफसर गांव-गांव पहुंचकर किसानों से संपर्क स्थापित कर रहे हैं। रविवार को अवकाश के दिन भी खाद्य व रसद विभाग के अधिकारियों ने किसानों से वार्ता करते हुए मोबाइल क्रय केंद्र के जरिए गेहूं खरीद की।

# अगले सीजेआई पर दबाव बनाने की रणनीति पर काम कर रही है भाजपा : शाहनवाज़ आलम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। वक़्फ़ मुद्दे पर केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट में तार्किक जवाब दाखिल नहीं कर पायी है। उसके जवाब में सुप्रीम कोर्ट पर अपनी बहुमत का धौंस जताने, उसकी संवैधानिक हैसियत को नज़र अंदाज़ करने और अगले मुख्य न्यायाधीश आरएस गवई पर दबाव बनाने की रणनीति देखी जा सकती है। ये बातें कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज़ आलम ने साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 192 वीं कड़ी में कहीं।

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि केंद्र सरकार का सुप्रीम कोर्ट से यह कहना कि वक़्फ़ क़ानून को चुनौती देना न्यायिक समीक्षा के मूल सिद्धांत के खिलाफ़ है, संविधान पर हमला है, क्योंकि संविधान सुप्रीम कोर्ट को संसद की किसी भी कार्यवाई की समीक्षा का सिर्फ़ अधिकार ही नहीं देता बल्कि उसे बहुमत के बल पर अपनी मर्ज़ी से संविधान को बदलने से भी रोकता है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार के तर्क को सही माना जाए तब तो भाजपा सरकार संविधान की प्रस्तावना में से सेकुलर और समाजवादी शब्द भी हटा सकती है। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने अपने कई फैसलों में कहा है कि प्रस्तावना में संसद भी बदलाव नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि इस तथ्य को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता कि भाजपा संविधान की प्रस्तावना में से इन दोनों शब्दों को हटाने के लिए राज्य सभा में दो बार प्राइवेट मेंबर बिल ला चुकी है और उसके नेता सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दायर कर चुके हैं। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि अगले मुख्य न्यायाधीश आरएस गवई के सामने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के अल्पसंख्यक दर्जे, अल्पसंख्यक वर्गों को अपने शिक्षण संस्थानों को चलाने का अधिकार देने वाले संविधान के अनुच्छेद 30, पूजा स्थल अधिनियम 1991, यूनिफॉर्म सिविल कोड जैसे आरएसएस के विभाजनकारी और सांप्रदायिक एजेंडे से जुड़े मुद्दे होंगे। नवम्बर तक के कार्यकाल में बीजेपी उनपर दबाव बनाकर अपने पक्ष में फैसले लेने की कोशिश करेगी। उनके सामने भी चुनौती होगी कि वे डीवायी चंद्रचूड़ और रंजन गोगोई की तरह सरकार के दवाव में आ जाएंगे या अपनी स्वायत्तता बचाए रख पाएंगे। उन्होंने कहा कि जस्टिस गवई से जुड़ा यह तथ्य भी संज्ञान में रखा जाना चाहिए कि दलितों के आरक्षण के बटवारे के पक्ष में वो बोल चुके हैं जो आरएसएस और भाजपा का स्वतंत्र दलित राजनीति को कमज़ोर करने का एजेंडा रहा है। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि मुस्लिम समाज दलितों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा उसके साथ खड़ा रहा है। इसलिए अगर आज अल्पसंख्यकों के मौलिक अधिकारों को सुनिश्चित करने वाले अनुच्छेद 25 और 26 पर मनुवादी सरकार हमला करती है तो उन्हें भी खुलकर मुसलमानों के साथ खड़ा होना चाहिए।

## रोडवेज बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर एक की मौत

**मास्टरबाग कँदुनी।** सुबह रेडिको खेतान फैक्ट्री के गेट के सामने उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम की बस Up41At4513 बिसवां से आ रही तेज रफ्तार ने बाइक सवार लोगों को जबरदस्त टक्कर मारी दी जिससे बाइक सवार चारों लोगों को जयराम पुत्र गजोधर 20वर्ष, विवेक पुत्र छोटेलाल 19वर्ष,आशीष पुत्र छोटेलाल 22वर्ष विकास पुत्र रामकिशन19वर्ष निवासी मजिगवां खुर्द को गम्भीर चोटें आई जिन्हें वहां पर उपस्थित क्षेत्रीय लोगों, कंदुनी चौंकी इंचार्ज की मदद से सीएचसी कसमण्डा भेजा गया जहां से डाक्टरों द्वारा गम्भीर हालत को देखते हुए सीतापुर जिला अस्पताल रेफर किया गया वहीं पर पारिवारिक जनो आकर फैक्ट्री के गेट पर धरना प्रदर्शन घंटों तक चलता रहा धरना को बड़ा देखते हुए रामपुर कला थाना प्रभारी ने सिधौली क्षेत्राधिकारी को अवगत कराया क्षेत्राधिकारी कपूर कुमार अपने सहकर्मियों सहित मौके पर आकर घंटों मशक्कत कर भीड़ पर नियंत्रण किया वहीं पर मास्टर बाग चौकी इंचार्ज वीरेंद्र सरोज आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा रेडिको खेतान फैक्ट्री के एचआर हेड अजय गोस्वामी ने लिखित पूर्ण इलाज कराने का आश्वासन दिया था खबर लिखे जाने तक सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार एक लड़के आशीष,,पारुल,, पुत्र छोटेलाल निवासी मजिगवा खुर्द की मौत हो गयी है।

## संविदा कर्मचारियों ने मंत्री व सांसद को सौंपा ज्ञापन, छंटनी रोकने की मांग

**सीतापुर।** जिले के विद्युत विभाग में कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने रविवार को नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु और सांसद राकेश राठौर को एक ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने ज्ञापन के माध्यम से अपनी छंटनी पर रोक लगाने की मांग की है।संविदा कर्मचारियों का कहना है कि वे पिछले 15 वर्षों से ईमानदारी और निष्ठा के साथ विद्युत विभाग में विभिन्न पदों पर कार्य कर रहे हैं। इसके बावजूद हाल ही में छंटनी की आशंका ने उनके भविष्य पर संकट खड़ा कर दिया है। कर्मचारियों ने मांग की कि उनके अनुभव और सेवा को देखते हुए किसी भी प्रकार की छंटनी न की जाए तथा उन्हें स्थाई किए जाने की दिशा में उचित कदम उठाए जाएं।मंत्री राकेश राठौर गुरु और सांसद राकेश राठौर ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित विभाग से वार्ता कर समाधान का प्रयास किया जाएगा।संविदा कर्मचारियों ने उम्मीद जताई कि सरकार उनके साथ न्याय करेगी और उनकी वर्षों की मेहनत को सम्मान देगा।

## चोरी की योजना बनाते 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक सीतापुर, अंकुर अग्रवाल महोदय द्वारा जनपद में चोरी/नकबजनी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए रोकनें व अपराधियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के अनुपालन के क्रम में क्षेत्राधिकारी बिसवां श्री सतीश चंद्र शुक्ल के निकट पर्यवेक्षण में थाना मानपुर पुलिस टीम द्वारा चोरी की योजना बनाते हुए 02 शातिर अभियुक्तगण 1.संदीप वर्मा पुत्र राकेश वर्मा निवासी ग्राम बिसेण्डा थाना मानपुर जनपद सीतापुर 2.सुमित त्रिवेदी पुत्र राजू त्रिवेदी नि0ग्राम डफरा थाना मानपुर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण उपरोक्त से चाबियों का गुच्छा, 02 अदद छोटा बड़ा पेचकस, एक अदद लोहे की सरिया जिस पर प्लास्टिक का हैण्डिल लगा हुआ व एक अदद प्लास्टिक टार्च बरामद हुए । उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त सुमित उपरोक्त अभ्यस्त किस्म का अंतर्जनपदीय अपराधी है जिसके विरुद्ध पूर्व में भी जनपद लखनऊ में चोरी जैसे आपराधिक कृत्य के संबंध में अभियोग पंजीकृत हैं। बरामदगी/गिरफ्तारी के संबंध में अभियुक्तगण के विरुद्ध मु0अ0सं0 79/25 अन्तर्गत धारा 313 बीएनएस पंजीकृत कर अभि0गण उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

## वैध शस्त्र व कारतूस सहित अभियुक्त गिरफ्तार

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी सदर श्री दिनेश कुमार शुक्ल के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त विद्यासागर पुत्र राजेन्द्र निवासी नैपालापुर थाना कोतवाली देहात जनपद सीतापुर को 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में थाना कोतवाली देहात पर मु0अ0सं0 105/25 धारा 25(1- 3) इ इएट्ठ पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है।

# डॉ. सौरभ मालवीय की किताब का हुआ लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। भागदौड़ के समय में संतों के विषय में पढ़कर मन को शांति प्राप्त होती है। हमारे पास संतों की शिक्षाओं एवं उनके उपदेशों के रूप में ज्ञान का अपार भंडार है। भारतीय ज्ञान परम्परा भारत का जीवन दर्शन है। हमारे संत हमारे पथप्रदर्शक है। विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय साधारण सभा की धम्मोर बैठक में उक्त बातें उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की अध्यक्ष प्रो.कीर्ति पाण्डेय ने डॉ.सौरभ मालवीय द्वारा लिखित पुस्तक भारतीय संत परम्परा : धर्मदीप से राष्ट्रदीप के लोकार्पण के अवसर पर कहीं।

उन्होंने कहा कि भारत में अनेक संत हुए हैं, जिन्होंने विश्व को मानवता का संदेश दिया। संतों की शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी उस समय थीं जब उन्होंने उपदेश दिए थे। आज जब लोग पश्चिमी सभ्यता के पीछे भाग रहे हैं तथा जीवन मूल्यों को भूल रहे हैं, ऐसी परिस्थिति में संतों की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार अत्यंत आवश्यक हो जाता है। इस पुस्तक में 16 संतों के जीवन एवं उनके उपदेशों को प्रस्तुत किया गया है, जिनमें रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास, महान कृष्ण भक्त सूरदास, महान भक्त कवि रसखान, कबीर, रैदास, मीराबाई, नामदेव, गोरखनाथ, तुकाराम, मलूकदास, धनी धरमदास, धरनीदास, दूलनदास, भीखा साहब एवं चरणदास सम्मिलित हैं। इन सभी संतों ने देश में भक्ति की गंगा प्रवाहित की। इनकी रचनाओं ने लोगों में भक्ति का संचार किया। इसमें ऐसे भी संत हैं, जिन्होंने गृहस्थ जीवन में रहकर ईश्वर की भक्ति की। उन्होंने अपने परिवार एवं परिवारजनों के प्रति अपने सभी दायित्वों का निर्वाह किया। इनमें ऐसे भी संत हैं, जिन्होंने सांसारिक संबंधों से नाता तोड़कर अपना संपूर्ण जीवन प्रभु की भक्ति में व्यतीत कर दिया। संतों ने कभी किसी को अपने पारिवारिक कर्तव्यों से विमुख होने के लिए नहीं कहा, अपितु अपने संपूर्ण कर्तव्यों का पालन करते हुए ईश्वर की साधना करने का संदेश दिया। डॉक्टर मालवीय की यह पुस्तक उपयोगी सिद्ध होगी। इस अवसर पर विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचंद्र जी, डॉ. राममनोहर जी, डॉ.जय प्रताप सिंह, राजबहादुर दीक्षित समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

# आज 'नया भारत' पर्यावरण के क्षेत्र में भी दुनिया का पथप्रदर्शक बन रहा है: मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ 'मन की बात' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर पेड़ लगाने की अपील

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की चर्चा की। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर इस अभियान की सराहना की। मुख्यमंत्री ने लिखा कि आज 'नया भारत' पर्यावरण के क्षेत्र में भी दुनिया का पथप्रदर्शक बन रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम में आगामी 5 जून 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के एक वर्ष पूर्ण होने पर देशवासियों को इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान हर भारतवासी को प्रकृति से अपने रिश्ते को प्रगाढ़ करने का अवसर प्रदान करता है। 5 जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' पर इस अभियान में जुड़ना, एक वृक्ष लगाना और उसे अपनी मां के चरणों में समर्पित करना पुण्य कार्य है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट करते हुए लिखा कि मां जीवन देती हैं, वृक्ष प्राणवायु देते हैं। दोनों के प्रति कृतज्ञता का यह अनुपम संगम प्रधानमंत्री जी की दूरदृष्टि और संवेदनशील नेतृत्व का जीवंत प्रमाण है। आज 'नया भारत' पर्यावरण के क्षेत्र में भी दुनिया का पथप्रदर्शक बन रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने विगत आठ वर्ष में 204.92 करोड़ पौधरोपण किया है। वहीं इस वर्ष सीएम योगी के नेतृत्व में 36.81 करोड़ पौधरोपण किया गया। इस वर्ष भी इस अभियान को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के नेतृत्व में वन विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है।



योगी आदित्यनाथ रविवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की

## जलभराव रोकने के लिए नाले-नालियों के अवैध निर्माण तोड़े जाएं: एके शर्मा

**लखनऊ।** नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जल भराव रोकने के लिए नाले-नालियों पर हुए अवैध निर्माण को तोड़ा जाएगा। बरसात से पहले 30 मई तक सभी छोटे-बड़े नाले व नालियों की सफाई अनिवार्य रूप से करा ली जाए। नगर विकास मंत्री ने रविवार को वर्चुअल समीक्षा के दौरान निकाय कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि बरसात में कहीं से भी जलभराव की शिकायत नहीं आनी चाहिए। अभी से जांच कर लें कि सभी पंपिंग स्टेशन चालू हालात में रहें। शहरों की नियमित साफ-सफाई के लिए मानव शक्ति और मशीन का समुचित उपयोग किया जाए। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था को और बेहतर किया जाए। नाले नालियों की सफाई के लिए समय से टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाए। सफाई व्यवस्था, कूड़ा प्रबंधन और वेंडिंग जोन की व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार किया जाए। सभी अधिकारी नगरों में चल रहे स्वच्छ सर्वेक्षण के कामों पर भी विशेष ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि गर्मी में नागरिकों को पीने के पानी की समस्या न हो। सभी जलाशयों, तालाबों का सुंदरीकरण कराया जाए। गौशालाओं में पल रही गायों को गर्मी में चारे पानी की कमी न रहे। इसके विशेष प्रबंध किए जाए। नगरीय क्षेत्रों में भी पौधरोपण प्रतिवर्ष कराया जाता है, लेकिन देखा जाता है कि देखभाल सही से न होने से बहुत से पौधे नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने वाराणसी, अलीगढ़, अयोध्या, लखनऊ, गोरखपुर, मथुरा, कानपुर नगर के नगर आयुक्तो से सीधे संवाद कर साफ सफाई, स्वच्छता व सुंदरीकरण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

# वन नेशन वन इलेक्शन का विधान देश को बनाएगा समृद्ध राष्ट्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ/गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी राष्ट्रहित में तथा देशवासियों के हित में पूरे देश में वन नेशन वन इलेक्शन का विधान लागू करना चाहते हैं, लेकिन विपक्षी इसे लागू होते नहीं देखना चाहते। उन्होंने कहा कि देश में वन नेशन वन इलेक्शन का विधान लागू होने से लोकसभा, सभी राज्यों की विधानसभाओं तथा स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ होंगे। देश में अलग-अलग चुनाव होने से बहुत सारा पैसा और संसाधन खर्च होता है, जो बचेगा। यही पूंजी देश की तरक्की में लगेगी और देश एक समृद्ध राष्ट्र बनेगा। लेकिन विरोधियों को देश की खुशहाली रास नहीं आ रही और राष्ट्र हित में लाई जा रही इस व्यवस्था का विरोध कर रहे है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता मजबूत होगी। नक्सलवाद, आतंकवाद और क्षेत्रीयता की भावना खत्म होगी। डेढ़ से दो वर्षों में देश की जीडीपी में बढ़ोतरी होगी और 2047 तक हमारा देश एक समृद्ध विकसित राष्ट्र बन सकेगा। समय, धन व देश के संसाधनों को बचाने तथा राष्ट्र प्रथम की भावना को मजबूत करने के लिए 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' बहुत आवश्यक है। मंत्री ए.के. शर्मा रविवार को अपने एक दिवसीय प्रवास पर गोरखपुर जनपद पहुंचे और वहां पर गोरखपुर क्लब में वन नेशन वन इलेक्शन पर आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग कर कार्यक्रम को संबोधित किया। सर्वप्रथम उन्होंने भगवान गोरखनाथ और गोरक्षपीठ को नमन किया और विगत दिनों आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में निर्दोष व्यक्तियों की हत्या करने पर उनके सम्मान में दो मिनट का मौन धारण करवाकर मृत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कर्मभूमि पर आकर गौरांवित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि भारत में 1967 तक एक राष्ट्र एक चुनाव की व्यवस्था लागू थी। 1995 से लेकर 2025 तक देश में कहीं न कहीं पर प्रतिवर्ष चुनाव हो रहे थे। प्रदेश में ही 2022 में विधानसभा चुनाव हुए, 2023 में स्थानीय निकाय के चुनाव हुए है। अलग-अलग चुनाव हो होने से विकास कार्य बाधित होते है। सरकारी मशीनरी के लंबे समय तक चुनाव में लगे रहने से विकास कार्य समय से पूरे नहीं हो पाते और नीतिगत निर्णय भी प्रभावित होते है। इतना ही नहीं मतदाताओं की रुचि भी बार-बार के चुनाव होने से वर्तमान लोकतांत्रिक व्यवस्था में कम हो रही है।

उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ राष्ट्रीयता को मजबूत करना है। प्राचीन काल में हमारा देश बहुत ही समृद्ध और सशक्त राष्ट्र था। ब्रिटिश अर्थशास्त्री ने भी माना है कि प्राचीन काल में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की एक चौथाई थी, जिसे विदेशी आक्रांताओं, मुगलों और अंग्रेजी शासन के दौरान नष्ट कर दिया गया।मोदी जी के कुशल नेतृत्व में एक बार फिर से भारत देश अपने पुराने गौरव और समृद्धि को प्राप्त करने जा रहा है। देश की बहुत सी व्यवस्थाओं को एकीकृत करके नागरिकों को बेहतर सुविधाएं दी जा रही है।

जैसे कि वन नेशन वन पावर ग्रिड से बेहतर विद्युत आपूर्ति, वन नेशन वन राशन कार्ड से देश में कहीं पर भी राशन प्राप्त करने की सुविधा, जम्मू कश्मीर से धारा 370 को हटाकर वन नेशन वन कांस्टीट्यूशन की व्यवस्था को लागू किया गया है। इसी प्रकार से सभी देशवासियों के सहयोग से वन नेशन वन इलेक्शन का विधान भी शीघ्र ही लागू होगा। कहा कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति 02 सितंबर

# वक्फ को लेकर भ्रांतियां फैला रहा है विपक्ष: डॉक्टर रमापति राम त्रिपाठी

## भाजपा ने वक्फ सुधार जागरण अभियान का किया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कुशीनगर। वक्फ सुधार कानून देश के उन पिछड़े,दबे,कुचले मुसलमानों का हक दिलाने के लिए है जो वर्षों से हकदार थे लेकिन मुठ्ठी भर अमीर वक्फ की संपत्तियों पर कुंडली मारकर बैठे हुए हैं वे नहीं चाहते हैं कि देश के गरीब मुसलमान आगे बढ़ें। इसलिए हिन्दू मुस्लिम तकरार के लिए भ्रम पैदा कर रहे हैं।

कांग्रेस ने देश को अल्पसंख्यक बनाम बहुसंख्यक की राजनीति करते हुए देश में तुष्टिकरण और विभाजनकारी नीति पर काम करते हुए सत्ता सुख के लिए सिर्फ देश के संसाधनों को ही नहीं लूटा बल्कि देश की जनता के साथ भी छल किया है। यह बातें भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रमापति राम त्रिपाठी ने कहा।वह रविवार को रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय में आयोजित वक्फ सुधार जनजागरण अभियान जिला कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वक्फ संशोधन बिल दोनों सदनों में पास हो गया है। अब वक्फ बिल को लेकर विपक्ष भ्रांतिया फैला रहा है। विपक्ष के झूठ और भ्रमजाल को दूर करने के लिए वक्फ सुधार जनजागरण अभियान प्रारंभ किया गया है। इसमें हमको बताना है कि, किस तरह पूर्व में वक्फ द्वारा पसमांदा मुसलमानों, पिछड़े वर्ग के साथ हिन्दू, सिख, ईसाई समाज के धार्मिक स्थलों, जमीनों पर अवैध कब्जा था। विधेयक से बौखलाकर विपक्ष वक्फ जमीनों पर कब्जा बनाये रखने के लिये तरह-तरह के हथकंडे अपना रहा है। सपा और कांग्रेस के घिनौने कृत्य को उजागर करने एवं अल्पसंख्यकों तक सही जानकारी पहुंचाने के लिए गांव गांव वक्फ सुधार जन जागरण अभियान चलाना है। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने वक्फ सुधार कानून के विशेषताओं का बखान किया। स्वागत अभियान संयोजक डॉ डीएन कुशवाहा और संचालन अभियान सह संयोजक धन्नजय तिवारी द्वितीय ने किया। कार्यशाला को अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष शाही फैजान खान, खड्डा विधायक विवेकानंद पाण्डेय, हाटा विधायक मोहन वर्मा, रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड ने भी सम्बोधित किया।इस अवसर पर अनवारुल शेख, आलमगीर खान, शमशेर अली, जावेद अख्तर, मुमताज आलम,अकमल हुसैन,कैश खान, इब्राहिम अंसारी, नासिर लारी, आमिर सिद्दीकी, गुलफाम आदि उपस्थित थे।

# डीएम ने कान्हा गौशाला कटघर लालगंज का किया आकस्मिक निरीक्षण



## निरीक्षण के दौरान जिलधिकारी ने गौवंशों के स्वास्थय के बारे ली जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। जनपद के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने आज कान्हा गौशाला कटघर लालगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया। गौशाला पहुंचे जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान भीषण गर्मी एवं धूप को देखते हुए पशुओं की सुरक्षा एवं बचाव हेतु टीन शेड बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने पशुओ के लिये भूसा, चारा, पानी आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। साथ उन्होंने गौशाला में गौवशों के लिये पीने के पर्याप्त पानी के लिये सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी लालगंज एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर आयोजित हुआ प्रबुद्ध सम्मेलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पडरौना, कुशीनगर। एक देश, एक चुनाव विकसित भारत की आधारशिला है और यह एक मजबूत व स्थिर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण कारक साबित होगा। एक देश-एक चुनाव' संविधान की मूल भावना को दोबारा स्थापित करने वाला कदम है। यह केवल चुनाव खर्च और आचार संहिता तक सीमित विषय नहीं बल्कि यह देश की राजनीतिक स्थिरता, सुशासन और विकास को नई दिशा देने का माध्यम है।

उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व सदस्य विधान परिषद डॉ धर्मेंद्र ने रविवार को पडरौना के एक होटल में आयोजित एक देश एक चुनाव प्रबुद्ध सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद 1952 से लेकर साल 1967 तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ ही होते आए। कंाग्रेस परिवार में जब अस्थिरता के बादल छाने लगे तो पार्टी ने उस अस्थिरता को देश पर भी थोप दिया। संविधान को दरकिनार करते हुए साल 1972 में होने वाला चुनाव 1971 में करवा दिया। श्री सिंह ने कहा कि एक देश एक चुनाव को लेकर बड़े पैमाने पर जन जागरण की जरूरत है। राजनीतिक स्थिरिता के लिए इसे जरूरी बताते हुए उन्होंने बताया कि बार-बार होने वाले चुनाव से देश की जनता पर पर 3.5 से 4.5 लाख करोड़ रुपये का बोझ पड़ता है । आर्थिक बोझ के साथ साथ विकास कार्य भी प्रभावित होते हैं।

पडरौना विधायक विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि वर्तमान चुनाव प्रणाली में देश में वर्ष में पांच से छह चुनाव कराए जा रहे हैं। बार-बार चुनाव कराने से देश चुनावी मोड़ में रहता है। इससे देश पर आर्थिक बोझ बढ़ता है।

उदित नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ममता मणि त्रिपाठी ने कहा कि एक देश एक चुनाव व्यवस्था बेहद कारगर साबित होगी। बार-बार चुनाव पर होने वाले अंधाधुंध खर्च में कटौती करके उस पैसे को देश के विकास और लोगों के कल्याण पर खर्च किया जा सकेगा। इसमें प्रबुद्ध वर्ग अहम भूमिका निभा सकते हैं। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल एक साथ चुनाव स्वीकार नहीं कर रहे हैं, जिसके चलते यह विषय जनता के बीच में आ गया है। उन्होंने कहा कि हम जनता से अपील करते हैं कि अगर वें एक देश एक चुनाव के पक्ष में हैं और पैसे की बर्बादी से बचना चाहते हैं, तो राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री तक अपना समर्थन भेजें।

सम्मेलन को पूर्व जिलाध्यक्ष लल्लन मिश्र, अभियान संयोजक पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने भी सम्बोधित किया। संचालन जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल द्वारा किया गया।इस अवसर पर दीपनारायण अग्रवाल, शिवकुमारी देवी,आनन्द उर्फ बासुकी गुप्ता, जगदम्बा अग्रवाल, मीनू जिंदल, अजय सर्राफ, संजय टिबड़ेवाल, अंशुमान बंका,अमन बंका, अतुल टिबड़ेवाल, डॉ मृगेन्द्र राव, डॉ शैलेन्द्र तिवारी सहित सैंकड़ों की संख्या में

# संस्कृति यूनिवर्सिटी मथुरा द्वारा गुरु सम्मान अभिनंदन कार्यक्रम भव्यता के साथ आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। संस्कृति यूनिवर्सिटी मथुरा द्वारा माय एम हब ऑफ़ एजुकेशन एवं कोचिंग फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में गुरु सम्मान अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन सैफायर होटल में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों से पधारे शिक्षकों, कोचिंग फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों तथा वित्त विहीन विद्यालय संगठन के प्रतिनिधियों का भव्य सम्मान किया गया। कार्यक्रम मे संस्कृति यूनिवर्सिटी मथुरा के संकाय टोनी शर्मा तथा एवं विकास पांडे द्वारा विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी सभी उपस्थित शिक्षाविदों को दी गई। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में विश्वविद्यालय के निरंतर प्रयासों एवं नवीन पहलों के विषय में भी विस्तार से अवगत कराया। कार्यक्रम में कॉलेज कॉल करो एवं माय एम हब ऑफ़ एजूकेशन के निदेशक आलोक वर्मा, एवं कोचिंग फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया रायबरेली के अध्यक्ष विक्रम सिंह द्वारा समस्त शिक्षकों का सम्मान किया गया। इसी के साथ विद्यालय संगठन के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह तथा कोचिंग एसोसिएशन के संरक्षक शक्ति धर बाजपेई एवं आलोक सिंह को भी मंच के माध्यम से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मीडिया बंधुओं का भी विशेष सम्मान किया गया। जिन्होंने शिक्षा के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर कोचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष विक्रम सिंह ने भी अपने प्रेरक शब्दों के माध्यम से सभी उपस्थितजनों को संबोधित किया और शिक्षा के क्षेत्र में उच्च आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।सभी सम्मानित अतिथियों एवं संस्थानों ने इस भव्य आयोजन की सराहना करते हुए इसे शिक्षा क्षेत्र के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बताया। कार्यक्रम के समापन पर संस्कृति यूनिवर्सिटी मथुरा के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक उत्कृष्ट कार्य करने के संकल्प के साथ सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# भागवत कथा के आखिरी दिन श्रोताओं ने कथा का किया रसपान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज,रायबरेली। शिवगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत भवानीगढ़, देहली में सप्तवेदी, गणेश आंबिका, रूद्र हनुमत देव, सहित मोक्षदायिनी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन यजमान कालिका प्रसाद मिश्रा, सपत्नीक राजेश्वरी मिश्रा, के यहां आनंद मिश्रा के द्वारा संकल्पित पांचवी श्रीमद् भागवत कथा के हो रहे भव्य आयोजन में आखिरी दिन कथा का श्रवण करने के लिए श्रोतागणों की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। आपको बता दें कि, भवानीगढ़, देहली गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन रविवार को वृंदावन से पधारे कथा व्यास पंडित वागीश रामचंद्र दास ने प्रमुख रूप से भगवान श्री कृष्णा और सुदामा की मित्रता व ऊधौ गोपी संवाद कृष्ण रुक्मणी विवाह भगवान का स्वधामगमन परीक्षित मोक्ष जैसी कथाओं का व्याख्यान करते हुए कथा व्यास ने बताया कि, मित्रता कैसी हो यह हमें भगवान श्री कृष्णा तथा सुदामा की मित्रता से सीखना चाहिए, मित्र के प्रति ईमानदारी, त्याग, और सम्मान का भाव ही सच्ची मित्रता कहलाती है। कथा व्यास ने बताया कि, भगवान श्री कृष्ण ने ऊधौ जी को वृंदावन भेजा परंतु जब वहां पर ऊधो जी पहुंचे तो गोपियों के प्रेम में ऐसा डूबे कि वह भी प्रेम मय हो गए। और वह स्वयं ब्रज से नहीं आना चाहते थे भगवान कृष्ण ने माता रुक्मणी से विवाह किया। प्रभात क्षेत्र में जब कालांतरण में समय बीता भगवान ने पृथ्वी पर खूब शासन किया जब समय आया तो भगवान अपने स्वधाम को चले गए। कथा व्यास द्वारा विभिन्न प्रसंगों को सुनकर पांडाल में उपस्थित समस्त श्रोता भाव विभोर हो गए।महराजगंज क्षेत्र के ग्राम सभा जिहवा के रहने वाले आनंद मिश्रा ने बताया कि, हर दूसरे महीने अलग-अलग स्थानों पर उनके द्वारा संकल्पित श्रीमद् भागवत कथाओं का आयोजन किया किया जा रहा है।

# गर्मी शुरू होते ही खोखले साबित हो रहे विद्युत विभाग के नियमित आपूर्ति के वादे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। गर्मी प्रारंभ होते ही विद्युत विभाग द्वारा नियमित आपूर्ति के किए गए वायदे खोखले साबित हो रहे हैं। विगत दो-तीन दिनों से विद्युत आपूर्ति की स्थिति बार-बार बाधित होने से उपभोक्ताओं की स्थिति बद से बदतर् होती जा रही है। जितना लोग विद्युत आपूर्ति की शिकायत कर सुधार की मांग कर रहे हैं, उतनी ही ज्यादा विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था पहले से भी खराब होती जा रही है। विभाग के मुताबिक बीते शनिवार की रात 10:10 बजे से रात 11 बजे तक रोस्टिंग का हवाला देकर विद्युत व्यवस्था ध्वस्त रही, उसके बाद 11:50 से सुबह 8:30 तक फिर विद्युत व्यवस्था बाधित कर दी गई। जिसके कारण क्षेत्र की लगभग एक लाख आबादी और 7 हजार उपभोक्ता इस भीषण गर्मी में हाथ से पंखा जलते रहे, तथा हैंडपंप से फ्लोराइड युक्त जहरीला पानी पीने को मजबूर हुए। आपको बता दें कि, विद्युत पावर हाउस चंदापुर के अंतर्गत आने वाले सभी फीडरों पर रात भर विद्युत व्यवस्था ध्वस्त रही। सुबह जब फोन करके उपभोक्ताओं ने जानकारी ली तो लाइनमैन चंद्रभान ने बताया कि, रात में तेज हवाओं के कारण बछरावां से 33केवी ब्रेकडाउन होने कारण उपभोक्ताओं को बिजली उपलब्ध नहीं हो सकी। इसी तरह आज रविवार को भी शाम 4:22 बजे विद्युत आपूर्ति बहाल होने के बाद शाम 4:50 पर पुनः बाधित कर दी गई। उपभोक्ताओं को इस अघोषित विद्युत संकट का सामना करना पड़ रहा है।

विद्युत उपभोक्ताओं को आए दिन नई-नई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, समय-समय पर रखरखाव के नाम पर दिनभर आपूर्ति बंद रखकर कार्य कराए जाने का दवा भी किया जाता है, लेकिन उपयोग के अवसर पर भी विद्युत आपूर्ति हमेशा की तरह बाधित हो जाती है। इन सारी समस्याओं को लेकर अगर स्थिति जस की तस बनी रही तो उपभोक्ता अशोक कुमार, पूरन सेठ, राजकुमार नेता, बेचू लाल समेत ग्रामीण आंदोलन को बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी विभाग की होगी।

शहर और कस्बे की बात कौन करें ग्रामीण क्षेत्रों में भी वोल्टेज कम रहने के कारण विद्युत उपकरण सही ढंग से काम नहीं कर पाते हैं। गर्मी के मौसम के प्रारंभ होने के साथ बिजली की बढ़ी मांग के अनुरूप नियमित आपूर्ति न होने से उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करने की स्थिति निर्मित होती जा रही है, साथ ही पर्याप्त वोल्टेज न होने के कारण व्यावसायिक गतिविधियां भी बाधित हो रही है। जिसके कारण महाराजगंज कस्बे के व्यवसायी वर्ग में भी विद्युत व्यवस्था को लेकर नाराजगी व्याप्त है। उधर महराजगंज पावर हाउस के अंतर्गत नगर महराजगंज में लगे ट्रांसफार्मर पर क्षमता से अधिक भार होने के कारण शाम के बाद लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। समय रहते विद्युत विभाग में सुधार न होने पर व्यावसायिक गतिविधियों के संचालन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# ग्राम कोइंदी बुजुर्ग में धारा 24 के तहत पैमाइश सम्पन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/ कुशीनगर। उपजिलाधिकारी तमकुहीराज के आदेश पर रविवार को ग्राम पंचायत कोइंदी बुजुर्ग में धारा 24 के तहत भूमि पैमाइश करायी गई। भूमि विवाद के निस्तारण के लिए राजस्व टीम ने मौके पर उपस्थित होकर सीमांकन व निशानदेही करायी।राजस्व निरीक्षक वेदप्रकाश व हल्का लेखपाल शैलेन्द्र मिश्र ने वादी व प्रतिवादी की उपस्थिति में पैमाइश कार्य सम्पन्न कराया। पैमाइश के दौरान दोनों पक्षों को भूमि की वास्तविक स्थिति समझायी गयी और विवादित भूमि पर सीमा चिह्न स्थापित किए गए।

राजस्व टीम ने सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर सीमांकन को रिकॉर्ड में दर्ज किया।वादी व प्रतिवादी पक्ष से जुड़ी महिलाएं व ग्रामीण भी मौके पर मौजूद रहे। उपजिलाधिकारी के निर्देश पर निष्पक्ष तरीके से कार्यवाही करते हुए राजस्व टीम ने यह सुनिश्चित किया कि किसी भी पक्ष को कोई आपत्ति न रहे। ग्रामीणों ने राजस्व टीम की तत्परता और पारदर्शिता की सराहना की।

# 50 वर्षों से एकनिष्ठ व कर्तव्यनिष्ठ पत्रकार हैं ओमप्रकाश : राजा महेश्वर प्रताप

## कलम के साधक श्री सिंह के योगदान को वक्ताओं ने सराहा- सहभोज व पत्रकार सम्मान समारोह में उमड़ा आत्मीयता का सागर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/कुशीनगर। गोरखपुर यूनिट की स्थापना काल से लेकर 50 वर्ष पूरा होने पर दैनिक जागरण ने स्वर्ण जयंती वर्ष आयोजित किया। गत दिनों आयोजित इस समारोह में दैनिक जागरण के वरिष्ठ पत्रकार तमकुहीराज ओमप्रकाश सिंह को सम्मानित किया गया। तमकुही स्टेट परिवार ने इनके प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए रविवार को तमकुहीरोड के शहनाई मैरैज हाल में पत्रकार सम्मान एवं सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया। पत्रकारिता में श्री सिंह के योगदान को वक्ताओं ने मिल का पत्थर बताया।समारोह को संबोधित करते हुए राजा महेश्वर प्रताप शाही ने कहा कि ओमप्रकाश सिंह समाचार पत्र के प्रति एकनिष्ठ व कर्तव्यनिष्ठ रहे। समाज के प्रति उनका समर्पण भी उल्लेखनीय है।

उनकी प्रेरणा से आज अनेक पत्रकार लेखनी के माध्यम से समाज सेवा कर रहे हैं। श्री सिंह के सम्मान समारोह का हिस्सा बनना अपने आप में एक सुखद अनुभूति है। चेयरमैन प्रतिनिधि त्रिभुवन प्रसाद जायसवाल ने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में ओमप्रकाश सिंह ने अपनी संवेदनशीलता से आदर्श स्थापित किए हैं। सत्य और निष्पक्षता की जिस भावना से उन्होंने कार्य किया, वह आज के दौर में भी प्रेरक है। व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष विजय कुमार देवड़ा ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकारों के अनुभवों से हम सभी को मार्गदर्शन मिलता है। प्रवक्ता सुनील कुमार मिश्र ने कहा कि ओमप्रकाश सिंह जैसे पत्रकारों ने समाज में सकारात्मक सोच और जनचेतना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

वरिष्ठ भाजपा नेता बाबू कौशल सिंह ने कहा कि आज जब पत्रकारिता अनेक चुनौतियों का सामना कर रही है, तब श्री सिंह का आदर्श अनुकरणीय है। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद उर्फ ओसियर सिंह ने कहा कि ओमप्रकाश सिंह केवल पत्रकार नहीं, बल्कि एक युगद्रष्टा हैं। उनकी लेखनी ने समाज में विचारों का नवोत्थान किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्तित्व को सम्मानित करना स्वयं पत्रकारिता का सम्मान करना है। सामाजिक कार्यकर्ता मायाशंकर निर्गुणायत ने कहा कि ओमप्रकाश सिंह जैसे साधक पत्रकारों की साधना के कारण ही आज पत्रकारिता समाज के भरोसे का माध्यम बनी है। हियुवा के मंडल अध्यक्ष रमेश ब्याहुत ने कहा कि नई पीढ़ी को श्री सिंह के जीवन से निष्ठा, धैर्य और सेवा भावना की सीख लेनी चाहिए। समारोह में आए अतिथियों का स्वागत दैनिक जागरण के तहसील प्रभारी धनेश्वर पांडेय एवं ग्रापए के मंडल मंत्री गोरखपुर अजय कुमार सिंह ने पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र प्रदान कर किया गया।

कार्यक्रम का संचालन पीके महाविद्यालय के प्राचार्य डा विवेक पांडेय ने किया।इस अवसर पर ग्रापए तहसील अध्यक्ष राजकुमार चौबे,अंजनी सिंह,अशोक तिवारी, धनंजय मिश्र, दीपक मिश्रा, कृष्णमुरारी पांडेय, अजय शर्मा, अनिल चौरसिया, ओपी राय, जगदम्बा राय,राजेश यादव, संजीव राय, संदीप तिवारी, शशिभूषण उपाध्याय,प्रेमशंकर सिंह सूर्यवंशी, मुकुल मिश्र,राजेश यादव,अभय पांडेय और शैलेश बंटी आदि रहे।

# सांसद राहुल गांधी ने पत्र भेजकर प्रकट की संवेदना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। बीते 9 मार्च को कस्बे के रहने वाले कांग्रेसी नेता व वरिष्ठ व्यापारी अनुराग अग्रहरि के चाचा आशीष अग्रहरि का निधन हो गया था। जिसके पश्चात आज रविवार को नेता प्रतिपक्ष व जिले के सांसद राहुल गांधी द्वारा उनके निधन पर शोक प्रकट करते हुए पत्र भेजकर दुखप्रकट किया कांग्रेस नगर अध्यक्ष अंकुर जायसवाल और प्रिंशू वैश्य ने राहुल गांधी का पत्र अनुराग अग्रहरि को सौंपा। राहुल गांधी ने पत्र के माध्यम से पुण्य आत्मा की शांति व परिजनों को कष्ट सहन करने की ईश्वर से कामना की।

# गोण्डा में अतिक्रमण के गुनहगार जिम्मेदार! यहां तो हर मोड़ पर अवैध टैक्सी-आटो स्टैंड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। सूबे मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने कई बार अवैध टैक्सी स्टैंड हटाने का आदेश दिया है, लेकिन गोण्डा जनपद में जिम्मेदार ही अवैध टैक्सी स्टैंड बनवा रहे हैं।आटो व टैक्सी चालकों के साथ पुलिस,प्रशासन व नगर पालिका के अधिकारी भी गुनहगार हैं,क्योंकि यहां हर तिराहे व चौराहे पर अ वैध स्टैंड सड़कों पर बने हुए हैं।इस कारण न सिर्फ वाहनों की रफ्तार रुकती है,बल्कि आए दिन हादसे भी होते हैं।गोण्डा नगर कोतवाली क्षेत्र में ट्रैफिक पु लिस ने ई-रिक्शा के चार रूट तय किए थे,जिनके हिसाब से गोण्डा समेत पूरे शहर में करीब पांच अ स्थाई प्राइवेट टैक्सी स्टैंड संचालित हो रहें है।शहर में दर्जनों की संख्या में अवैध स्टैंड संचालित होते हैं।



### स्टैंड माफिया नगर पालिका क्षेत्र में बेचते हैं सड़क

ट्रैफिक पुलिस ने हाल में ही ई-रिक्शा का रूट प्ला न बनाया है।इससे पहले जिले में नगर पालिका प रिषद या नगर पालिकाओं की ओर से कोई स्टैंड स्थाई रूप से नहीं बनाया गया है।सभी स्टैंड अवैध रूप से माफिया चला रहे हैं,जो हर आटो से बीस से तीस रुपये प्रतिदिन या पांच सौ से आठ सौ रुप ये प्रतिमाह वसूलते हैं। सफ़ेदपोशों के संरक्षण में टै क्सी स्टैंड माफिया खुलेआम सड़क बेचते हैं और आटो चालकों को रशीद भी देते हैं। बावजूद इसके पुलिस,नगर पालिका परिषद या प्रशासनिक अधि कारी इन पर सख्ती नहीं करते।

### दो पुलिस चौकियो के पास चल रहा टैक्सी स्टैंड

माफिया ने पुलिस चौकी को भी नहीं छोड़ा,माफिया पुलिस चौकी के सामने सड़क पर अपनी गाड़ि यों को खड़ी करके गोंडा से लखनऊ के लिए सवा रियां बैठाते हैं चौराहों पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैना त रहते हैं,जो यहां आने वाले फरियादियों को सड़ क किनारे वाहन नहीं खड़ा करने देते।इन पुलिस कर्मियों के सामने ही अवैध स्टैंड बनाक र आटो व ई-रिक्शा वाले खुलेआम सड़क पर क ब्जा किए खड़े रहते हैं।इनके खिलाफ कोई कार्र वाई नहीं करता है।

### आधे से अधिक सड़क के हिस्से पर कब्जा

शहर में दर्जनों से अधिक स्थान पर अवैध स्टैंड हैं। मुख्य स्थानों की बात करें तो रोड़ वेज बस अड्डा पर चारों मार्ग पर स्टैंड हैं। सिर्फ रोड़ वेज बसों के आने-जाने के बस स्टैंड संचालित किया गया है। बाकी रोडवेज बस स्टैंड के पास से किसी भी प्राइ वेट टैक्सी वाहन क़ो संचालित होने की अनुमति नहीं है।लेकिन चारो दिशाओं की ओर जाने वाले मार्गों के आधे से अधिक हिस्से पर टैक्सी,आटो व ईरिक्शा चालकों का कब्जा रहता है।यू-टर्न के बा वजूद जाम लगता है।यहां दो स्थान पर पूरे दिन पु लिसकर्मी तैनात रहते हैं,लेकिन आटो व ई-रिक्शा चालक बेलगाम हैं।इसी तरह अवैध स्टैंडों ने झंझरी ब्लॉक चुंगी नाका,बहराइच रोड नारायण पेट्रोल पम्प,गुरु नानक पुलिस चौकी,यशमय स्कूल, अग्र सेन चौक,समेत पूरे शहर की दुर्गति की गई है।

### एलबीएस चौराहे से जिला अस्पताल तक परेशान

एलबीएस चौराहा,सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला में बनी दुकानो के सामने,गुरु नानक पुलिस चौकी,रो डवेज पुलिस चौकी,अग्रसेन चौक,झंझरी ब्लॉक के सामने चुंगी नाका,धानेपुर उतरौला रोड यशमय स्कूल,आदि स्थानों पर बस,आटो,प्राइवेट टैक्सी सहित अन्य वाहन अवैध रूप से खड़े होते हैं। इससे आम वाहन चालक रोज परेशान होते हैं।

### गोंडा नगर पालिका परिषद क्षेत्र में नहीं इंतजाम

नगर पालिका परिषद की ओर से क्षेत्र में कोई भी स्थाई टैक्सी स्टैंड नहीं बनाया गया है । इस कारणगुरु नानक पुलिस चौकी,सरयू प्रसाद कन्या पाठ शाला,नारायण पेट्रोल पंप बहराइच रोड,अग्रसेन चौक गोंडा-बलरामपुर रोड फ्लाई ओवर समेत कई जगहों पर अवैध स्टैंड बनाकर आटो चालक रास्ता रोक लेते हैं। इस कारण जाम लगता है और हादसे भी होते हैं।आम जनता का कहना है कि इच्छा श क्ति की कमी के कारण सड़कों पर कब्जा होता है।पुलिस प्रशासन को इन अवैध स्टैंड के खिलाफ सि र्फ खानापूर्ति की करवाई होती है।वही पूरे शहर में अवैध टैक्सी व आटो स्टैंड ने पूरे शहर में अव्यव स्था फैला रखी है। यातायात पुलिस भी अनदेखा कर देती है और प्रशासन भी मौन रहता है।

### ई-रिक्शा के चालकों के रूट निर्धारित

ट्रैफिक के प्रभारी जगदंबा प्रसाद गुप्ता ने बताया की पूरे जिले में लगभग सात ई- रिक्शा पंजीकृत हैं जिनमे में से नगर पालिका क्षेत्र में तीन हजार ई- रि क्शा दौड़ रहे हैं,जिसमे से 15,सौ ई -रिक्शा का रूट लगभग चार भागों में विभाजित कर दिया गया है।

## डीएम साहब वजीरगंज में मनरेगा मजदूरों को नहीं मिल रहा रोजगार, जेसीबी से करा रहे खुदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। वजीरगंज विकास खंड की ग्राम पंचायत व जीरगंज में नियम-कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।माजरा यह है कि गांव में क़र्बला रोड़ पर नाला खुदाई का काम चल रहा है।लेकिननाला खोदने के लिए गांव के मजदूरों के हाथों को काम न देकर जेसीबी मशीन से काम करवाया जा रहा है और पीले ईट से नाली का निर्माण कराया जा रहा है।जिले की आदर्श ग्राम पंचायत वजीर गं ज में इस समय जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है,जिस के क्रम में जिम्मेदार मनरेगा मजदूरो की दिहाड़ीपर खुलेआम जेसीबी चलाते हुये पीले व अद्धे ईंटों से मानक विहीन नाली का निर्माण करा रहे हैं।ब ता दें कि,इस मानक विहीन नाली का निर्माण वजी रगंज के कर्बला रोड पर कराया जा रहा है। जिस की खुदाई मनरेगा मजदूरों से न करवाते हुये पंचाय त सचिव और प्रधान खुलेआम जेसीबी से करवा रहे हैं।इतना ही नहीं साथ में जो निर्माण कार्य करा या जा रहा है उसमें मानक विहीन पीले अद्धे ईंटों से कराया जा रहा है।जिसको न देखने वाला कोई है और न रोकने -टोकने वाला कोई है।लोगों की माने तो इस तरह कई निर्माण व कार्य विकासखंड वजीरगंज के आदर्श ग्राम पंचायत वजीरगंज में औ र भी किये गये हैं,जिसपर जाँच टीम भी बैठी पर स्थानीय स्तर पर जिम्मेदारों के उच्चाधिकारियों से संबंध और चढ़ावे के नीचे सारी जाँचें पता नहीं कहाँ गुम हो गईं।लोगों के मुताबिक स्थानीय ग्राम प्रधान के उच्चाधिकारियों से संबंध तो हैं ही, नेता ओं और मंत्रियों से भी गहरे संबंध हैं।इस लिये यहाँ मानक को ताक पर रखकर अपनी मन- मर्जी से मानक विहीन कार्य कराते हुये ग्राम पंचायत के विकास कार्यो के लिये आवंटित धन का जमकर बंदरबांट किया जा रहा है।हालांकि,जब इस संबंध में जब नवागत एडीओ पंचायत सतीश तिवारी से जानकारी चाही गई तो उन्होने बताया कि,उन्हें इस संबंध में जानकारी नहीं है कि,निर्माण किसके नि धि से हो रहा है।यदि यह निर्माण ग्राम पंचायत नि धि से है और उसमे जेसीबी से कार्य कराया गया है तथा निर्माण कार्य पीली ईंट से कराया जा रहा है तो जो भी नियमानुसार कार्रवाई होगी वह इसके जिम्मेदारों पर कराई जायेगी।

## प्रशासनिक उदासीनता से सूखे अमृत सरोवर,कैसे बुझेगी बेजुबानों की प्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। सूखी हलक जिंदा रहने की जद्दोजहद के साथ भागदौड़ कर रहे बेजुबान पक्षियों और मवेशि यों को जल शून्य गांव के ताल तलैया मुंह चिढ़ा रहे हैं।अमृत सरोवरों में पानी भराने के लिये जिला प्र शासन बेखबर है।पंद्रह दिन से तेज धूप और गर्म हवा के थपेड़ों से तपिश भरा मौसम बेजुबान पशु पक्षियों के लिये भारी पड़ता जा रहा है।गांवो में सरकारी योजनाओं के तहत लाखों खर्च से खोदे गये अमृत सरोवर तालाबों में कहीं भी बूंद भर पा नी नजर नहीं आ रहा है।मौसम की तपिश में सूखी हलक लिए पशु पक्षियों को पानी की तलाश में ल म्बी भागदौड़ करनी पड़ रही है। प्रकृति के भरोसे जीवन बशर करने वाले बेजुबान पशु पक्षियों पर बढ़ती गर्मी भारी पड़ रही है।देखा जाय तो जिले के विकास खंड़ में अमृत सरोवर,मॉडल तालाबों के नि र्माण के पीछे जहां सरकार का एक उद्देश्य वर्षा ज ल संचयन का था,वहीं दूसरी सोच यह भी थी कि प्रकृति के भरोसे जीवन बसर करने वाले पशु पक्षि यों को इन तालाबों पर प्यास बुझाने के लिये पानी मिल जायेगा।लेकिन वहीं तालाबों के भीटे पर लगे पेड़ों से छांव भी मिल जायेगी।लेकिन पंचायतों की गैर जिम्मेदाराना कार्यशैली से न तो तालाबों में पा नी भराया जा रहा है और न ही सुरक्षा का कोई बंदोबस्त है।रख रखाव के अभाव में लगे पेड़ ही कही कही ही नजर आ रहे हैं।ऐसे मे मौसम की तपिश बेजुबान मवेशियों और पक्षियों पर भारी पड़ रही है।जिला प्रशासन भी इस आसन्न संकट से बे खबर अभी तक विकास खंड के जलशून्य तालाबों में पानी भराने की पहल नहीं कर सका है।

## प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने महाराजा सुहेल देव स्मारक स्थल का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्रा, जिलाधिकारी मोनिका रानी, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, पर्यटन एवं सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव, राजा पयागपुर यशवेन्द्र विक्रम सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेल देव जी के स्मारक स्थल पर पहुँच कर महाराजा सुहेलदेव जी की अश्वारोही प्रतिमा को नमन करने के पश्चात स्मारक स्थल एवं चित्तौरा झील की निर्माणाधीन विकास परियोजना मन्दिर, घाट, महाराजा सुहेल देव जी की मूर्ति, भव्य द्वार, पार्किंग स्थल, बाउण्ड्रीवाल इत्यादि कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का जायज़ा लेते हुए कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया।स्मारक स्थल का निरीक्षण करते हुए प्रमुख सचिव श्री मेश्राम ने निर्देश दिया कि स्मारक स्थल की भव्यता के अनुसार यहां पर लैण्ड स्केपिंग व ग्रासिंग का कार्य कराया जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि लैण्ड स्केपिंग व ग्रासिंग के कार्य में वन व उद्यान विभाग की मदद ली जाय। चित्तौरा झील के निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव ने राजस्व विभाग को झील की पैमाईश कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिया कि झील के चारों ओर पाथ-वे के साथ-साथ झील की साफ-सफाई, बोटिंग सुविधा व अन्य सौन्दर्यीकरण करण के प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होनें पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिया गया कि परिसर में फसाड लाईट तथा वीआईपी गेस्ट हाउस तथा हाल के साज-सज्जा के लिए प्रस्ताव तैयार करने निर्देश दिये।प्रमुख सचिव श्री मेश्राम ने कार्यदायी संस्था सी एण्ड डीएस व राजकीय निर्माण निगम को निर्देश दिया कि परिसर की साफ-सफाई तथा ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पौधों में नियमानुसार वाटरिंग की जाय तथा पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगवाया जाय। प्रमुख सचिव श्री मेश्राम ने पर्यटन सूचना अधिकारी को निर्देशित किया कि महाराजा सुहेलदेव के जीवन पर आधारित म्यूजियम की स्थापना हेतु प्रस्ताव भिजवायें ताकि आने वाले पर्यटकों को महाराजा सुहेलदेव जी के जीवन के बारे में जानकारी हो सके। उन्होनें स्नानघाट का निरीक्षण करने के दौरान निर्देश दिया कि स्नानघाट के आस-पास साफ-सफाई के बेहतर प्रबन्ध किये जायें। उन्होंने स्मारक स्थल व परिसर को विभिन्न प्रकार के पौधों से आर्कषक बनाये जाने का सुझाव दिया ताकि पर्यटकों को स्मारक स्थल का भ्रमण करने पर सुकून का एहसास हो।

## बांसगांव: अफसरों की अनदेखी से क्षेत्र की ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बांसगांव, गोरखपुर । क्षेत्र के विभिन्न चौराहों पर टेम्पों टैक्सी वालों का जमघट लगे होने से यातायात व्यवस्था चरमरा सी गयी है। दूसरी तरफ स्थानीय प्रशासन द्वारा इसकी अनदेखी करते रहने से ट्रैफिक जाम के कारण आमजन के कराहते रहना उनकी नियति बन गयी है।तहसील मुख्यालय का मुख्य चौराहा भी इससे अछूता नहीं है। यहां पर तो हालात इतना बदतर बताया जा रहा है कि बेखौफ टेम्पों चालक चौराहे से लगायत तहसील और मुंसफी गेट तक धड़ल्ले से सवारियां भरने में लगे हैं। जबकि पूरे तहसील क्षेत्र की प्रशासनिक व्यवस्था का दायित्व संभालने वाले अफसरों का कार्यालय तथा आवास बांसगांव में ही है। ऐसी ही स्थिति कौड़ीराम की भी बतायी जा रही है। इसी प्रकार बताते हैं कि महाबीर छपरा-कुसमौल मार्ग तिराहे पर टेम्पों टैक्सी वालों ने अवैध वाहन स्टैंड बना रखा है। यहां पर आड़े तिरछा बेतरतीब खड़े रहने वाले वाहनों ने नाकों दम कर डाला है। गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन मार्ग पर स्थित इस अवैध वाहन स्टैंड के चलते आयेदिन जाम की स्थिति तो पैदा होती ही रहती है, साथ ही कुसमौल मार्ग से फोरलेन मार्ग पर आने जाने वाले वाहन चालकों को दुर्घटना का भय भी सताता रहता है।ऐसा नहीं प्रशासनिक व्यवस्था की कमान संभाल रहे अफसर इससे अनजान हैं। इन अफसरों को भी आने जाने के दौरान इस संकट का सामना करना पड़ता है। मगर चालक द्वारा वाहन में लगे हूटर को बजाते ही अफसरों के जाने का रास्ता साफ हो जाता है। पर, आमजन को इस समस्या को लेकर हलकान होते रहना उनकी नियति बन गयी है।

### उनवल में एटीएम तोड़ने के प्रयास की सूचना पर पहुंची पुलिस

**खजनी, गोरखपुर।** खजनी थाने की उनवल पुलिस चौकी के निकट स्थित टेकवार चौराहे पर स्थित एसबीआई एटीएम तोड़ने की सूचना पर बीती रात लगभग 2.30 बजे मौके पर पुलिस पहुंची तो एटीएम का शटर बाहर से बंद मिला। शटर में लगे तालों में भी कोई खरोंच के निशान तक नहीं थे। बताया गया कि इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस सिस्टम से कनेक्टेड एटीएम से छेड़छाड़ की सूचना तत्काल संबंधित बैंक तक पहुंच जाती है। उनवल टेकवार चौराहे पर स्थित एसबीआई शाखा के बाहर मुख्य मार्ग पर लगे एटीएम से छेड़छाड़ की सूचना तत्काल बैंक के हेडक्वार्टर मुंबई पहुंच गई थी। शाखा प्रबंधक रोशन कुमार ने बताया कि मुंबई हेडक्वार्टर से उन्हें सूचना मिली थी। मौके पर पुलिस और अधिकारियों के पहुंचने पर सब कुछ ठीक मिला।बताया गया कि यदि कोई एटीएम के शटर को भी तेजी से हिलाए या लोहे की रॉड आदि से उठाने का प्रयास करे तो सिक्योरिटी सिस्टम अलर्ट हो जाता है और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से सूचना हेड ऑफिस तक पहुंच जाती है। इस संदर्भ में थाने की प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर अर्चना सिंह ने बताया कि देर रात लगभग 2.30 बजे एटीएम से छेड़छाड़ की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची थी लेकिन वहां सब कुछ ठीक मिला।

### विहिप तथा बजरंग दल का आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन



**उन्नाव।** बड़ा चौराहा स्थित पर विहिप और बजरंग दल का प्रदर्शन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे श्री नारायण गिरि जी महराज श्री शक्ति धाम आश्रम अमिलाह टिकौली उन्नाव ने कहा कि पाक आतंकवादियों ने कश्मीर के पहलगाम में निहत्थे निर्दोष हिन्दुओं की हत्या की उन्नाव में इसके विरोध प्रदर्शन प्रकट करते हुए बताया कि मोदी सरकार को आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्यवाही कराना चाहिए तथा देश की 140 करोड़ जनता मोदी सरकार के साथ है।पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में फूंका गया पुतला गया पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी व्यापारियों ने दुकानें बंद कर जताया विरोध जताया । मुख्य रूप से श्री नारायण गिरि जी महराज श्री शक्ति धाम आश्रम अमिलाह टिकौली व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित मिश्रा मौजूद बीजेपी के सदर विधायक कार्यक्रम में शामिल हुए शहर के बड़े चौराहे पर उमड़ा जनसैलाब उमड़ा। शहीद यात्रियों को दी गई श्रद्धांजलि विहिप के राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत हुआ प्रदर्शन।

## एक राष्ट्र एक चुनाव पर संगोष्ठी का आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भटहट, गोरखपुर। क्षेत्र में के ज़ौरहर(परसिया) में स्थित सिग्नेचर रिजॉर्ट में एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक महेन्द्र पाल सिंह मौजूद रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने किया।इनके अलावा कार्यक्रम में पिपराइच विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे एवं अपना उद्बोधन दिया।कार्यक्रम के संयोजक जीतन सिंह पूर्व मण्डल अध्यक्ष भटहट रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि ''एक देश, एक चुनाव'' का अर्थ है कि देश की संसद (लोकसभा) और सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाएं। वर्तमान में हमारे देश में विभिन्न राज्यों के चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं, जिससे लगातार आचार संहिता लागू रहती है, शासन का कामकाज प्रभावित होता है और चुनावी खर्च भी बहुत बढ़ जाता है।विधायक ने एक राष्ट्र एक चुनाव का फायदा गिनवाते हुए कहा कि ''एक देश, एक चुनाव'' के कई फायदे हैं:इससे चुनावी खर्च में भारी कमी आएगी।सरकारें पूरे कार्यकाल के दौरान विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगी।बार-बार चुनावी माहौल से जनता और प्रशासन को राहत मिलेगी।देश की ऊर्जा और संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सकेगा।विधायक ने अंत में कहा कि ''एक देश, एक चुनाव'' एक दूरदर्शी विचार है, जो यदि सही तरीके से लागू किया जाए तो हमारे देश को एक नई दिशा और गति दे सकता है।कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेताकार्यक्रम में सहकारी बैंक सभापति संतराज यादव, भाजपा वरिष्ठ नेता लाल जी गुप्ता, राधेश्याम सिंह, बक्शीस अहमद वारसी, ब्लॉक प्रमुख चरगावां श्रीमती बंदना सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना, भटहट ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राघवेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख आनन्द शाही, चेयरमैन संजय मद्धेशिया, भाजपा जिला मंत्री नरेन्द्र सिंह, रामानन्द यादव समेत भारी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संविदा चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति के लिये साक्षात्कार तिथियाँ निर्धारित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों हेतु चिकित्सा अधिकारी (एमबीबीएस/डेंटल सर्जन/आयुष चिकित्सक) के संविदा पदों पर नियुक्ति के लिए जनपद बहराइच में साक्षात्कार कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक सरजू खान ने बताया कि जनपद बहराइच में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत शेष रिक्त संविदा पदों हेतु चिकित्सकों की पूर्व में आवेदन फार्मों की स्क्रीनिंग प्रक्रिया 1 मार्च 2025 को संपन्न कर ली गई थी, और दस्तावेज सत्यापन (डीवीपी) 6 एवं 7 मार्च 2025 को आयोजित किया गया था। अब केवल पात्र पाए गए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 8 एवं 9 मई को सभागार, विकास भवन, बहराइच में संपन्न कराया जाएगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा पत्र जारी किया गया है।जारी पत्र के अनुसार, एमबीबीएस चिकित्सकों के संविदा पद हेतु साक्षात्कार 8 मई 2025 को प्रातः 10रू30 बजे से अपराह्न 3रू00 बजे तक संपन्न होंगे। तत्पश्चात, डेंटल सर्जन पद हेतु साक्षात्कार इसी दिन अपराह्न 3रू30 बजे से सायं 5रू00 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।आयुष चिकित्सकों के पद हेतु साक्षात्कार 9 मई 2025 को प्रातः 10:30 बजे से सायं 4:00 बजे तक संचालित होंगे। इसके बाद 09 मई को ही सायं 4:15 बजे से 5:00 बजे तक राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत कार्यरत आयुष चिकित्सकों का साक्षात्कार लिया जाएगा। सभी साक्षात्कार सभागार, विकास भवन, बहराइच में संपन्न किए जाएंगे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय शर्मा ने सभी अभ्यर्थियों से अपेक्षा की है कि वे अपने समस्त मूल शैक्षिक एवं अनुभव प्रमाण पत्रों के साथ उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ लेकर निर्धारित तिथि एवं समय पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए जनपद बहराइच की आधिकारिक वेबसाइट बहराइच डाट एनआईसी डाट इन पर संपर्क किया जा सकता है।

### कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने आतंकी हमले में शहीद हुए शुभम द्विवेदी के परिजनों से की मुलाकात



**उन्नाव।** कानपुर निवासी शुभम जिनको आतंकियों ने पहली गोली मारी थी और वो शहीद हुए थे , आज कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन के पत्र से से शुभम के परिजनों से सहमति लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है जिसमें चार प्रमुख मांगे परिवार के लिए मांगी है । शुभम के घर पहुंचने वालो में संस्था के संरक्षक श्री बाल योगी अरुण चैतन्य पूरी जी महाराज कानपुर। बैसवारा कल्याण समिति के मुन्ना सिंह अवधूत जी एवं बैसवारा कल्याण समिति के महामंत्री हरि ओम सिंह ने इस पुनीत कार्य में सहयोग किया एवं उन्नाव से कानपुर चलकर शुभम द्विवेदी के घर जाकर पुष्प अर्पित कर शहीद शुभम को श्रद्धांजलि अर्पित की !! परिवार जनों ने सभी का आभार जताया एवं एक और निवेदन किया परिवार का कहना था शासन तक आप सब यह बात पहुंचा दें शुभम को शहीद का दर्जा प्राप्त हो उनकी इस मांग को भी पत्र में लिख कर मुख्यमंत्री को फैक्स किया जाएगा साथ ही मुख्यमंत्री कार्यालय से इस प्रकरण में जवाब का इंतजार भी रहेगा !! ईश्वर शुभम के परिजनों को इस दुख की घड़ी में शक्ति प्रदान करें ।

# नाले की सफाई के नाम पर दो लाख से अधिक का भुगतान, हुई शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिले में मनरेगा योजना अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के लिए अवैध कमाई का जरिया बन गया है। फर्जी मजदूरों की फोटो अपलोड करके खुदाई के नाम पर लाखों लाख रूपये का बंदरबांट किया जा रहा है। भ्रष्टाचार के इस खेल में ब्लॉक से लेकर जिले के अधिकारियों की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता है। यहीं कारण है कि, शिकायत को अफसर गंभीरता से ना लेते हुए रद्दी की टोकरी में डाल कर भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रहे हैं। ताज़ा मामला दुबेपुर ब्लॉक के चकरपुर गांव का है।

चकरपुर ग्राम पंचायत में तिवारीपुर बाडर से शिवमूर्ति के खेत तक एक नाला स्थिति है, जिसकी लम्बाई करीब 500 मीटर है। नाला झाड़ - झंखाड़ से पटा पड़ा है। नाले की फर्जी खुदाई दिखा कर करीब 2.8 लाख रूपया निकाल लिया गया है। शिकायतकर्ता राजेश सोनकर ने 18 अप्रैल को डीसी मनरेगा को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उक्त नाले की खुदाई वर्ष 2023-24 में क्षेत्र पंचायत से कराया गया था। उसी नाले की कागजों में खुदाई कर फर्जी तरीके से भुगतान की तैयारी की जा रही है। मामले में कोई कार्यवाही नहीं हुई। नतीजा रहा कि, 22 अप्रैल को 208908 रुपए का भुगतान करा लिया गया है। शिकायतकर्ता ने पूरे मामले की स्थलीय जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

**अज्ञात व्यक्तियों की फोटो लगा कर कराया भुगतान**

सुल्तानपुर चकरपुर गांव में नाले की फर्जी सफाई में भी फर्जीवाड़ा किया गया है। भुगतान के लिए जिन कथित मनरेगा मजदूरों की फोटो अपलोड की गई है, वे ग्राम पंचायत के निवासी ही नहीं हैं।

## पहलगाम नरसंहार: नागरिकों का फूटा गुस्सा आतंकवाद पाकिस्तान विरोधी लगे नारे,मृत पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि



कैनविज टाइम्स संवाददातान्यूज

**राम वाटिका से डिग्री कॉलेज चौराहे तक निकाला गया कैंडल मार्च उपस्थित रहे भारी संख्या में लोग : ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा**

पीलीभीत।जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 28 पर्यटकों की निर्मम हत्या के विरोध में समाज के नागरिकों का आक्रोश उमड़ पड़ा। सभी ने एक साथ पाकिस्तान मुर्दाबाद और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए इस्लामिक आतंकवाद का पुतला फूंका।सभी ने आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए दीप प्रज्वलित कर दो मिनट का मौन धारण किया। ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने कहा कि पहलगाम की आतंकवादी घटना से पूरा देश स्तब्ध है। उन्होंने कहा कि यह हमला न केवल मानवता पर धब्बा है, बल्कि देश के करोड़ों हिंदुओं की सुरक्षा पर भी सीधा प्रहार है। इस हमले के पीछे इस्लामिक आतंकवादियों का हाथ बताते हुए कहा कि कायर आतंकवादी कश्मीर में लगातार आतंक का माहौल बना रहे हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर सरकार के कथित नरम रवैये की आलोचना करते हुए कहा कि इसी कारण इस्लामी आतंकवाद पुनः पैर पसार रहा है और हिंदुओं की पहचान पूछकर उनकी हत्याएं की जा रही हैं। इस विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा, कृष्ण बाल वर्मा, धनपाल सिंह,पुनीत सिंह, जितेंद्र गंगवार, सुरेश वर्मा,राजवीर राठौर, सर्वेश गंगवार सहित बड़ी संख्या में बच्चे और नागरिक उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में इस कायराना हमले की निंदा की और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया।

### चार्ज संभालते ही तेज तर्रार आईपीएस ने किया पूरे जनपद के थानों का निरीक्षण



पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद की कमान संभालते ही हजारा, पूरनपुर सहित पूरे जनपद के थानों निरीक्षण किया बीसलपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया थाना कार्यालय, मालखाना, शस्त्रागार, सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला साइबर हेल्पडेस्क, बैरिक,हवालात एवं सीसीटीवी कैमरों का गहन निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय के अभिलेखों एवं प्रपत्रों की समीक्षा कर उन्हें अद्यावधिक एवं सुव्यवस्थित रखने हेतु निर्देशित किया। साथ ही लंबित माल-मुकदमाती एवं लावारिस वाहनों के शीघ्र निस्तारण हेतु विशेष अभियान चलाने तथा आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन एवं अन्य स्रोतों से प्राप्त जनशिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।थाना परिसर में स्थित कण्डम निष्प्रयोज्य इमारत को निस्तारण एवं पुनर्निर्माण के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए गए हैं इसके अतिरिक्त,पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना बीसलपुर स्थित मेस का भी निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता की जांच की गई।मेस में साफ-सफाई एवं भोजन की गुणवत्ता को बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए है।

### ट्रैक्टर चालक और श्रमिक की पिटाई पर सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव पूरे बसई मजरे भेलाई कला में यूकेलिप्टस के पेड़ काटकर ले जा रहे ट्रैक्टर चालक व अन्य की पिटाई करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे बसई मजरे भेलाई कला निवासी मोहम्मद इरसाद पुत्र स्वर्गीय अब्दुल हमीद खां ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि मैं अपने हिस्से की भूमि पर लगे यूकेलिप्टस के पेड़ो को कटवा रहा था और ट्रैक्टर ट्राली पर लादकर ले जा रहा था तभी गांव के ही मोहम्मद अहमद उर्फ रज्जन पुत्र अब्दुल कादिर व मोहम्मद समीर पुत्र मोहम्मद अहमद उर्फ रज्जन व साकीला बानो पत्नी मोहम्मद अहमद व इस्तियाक अहमद पुत्र मोहम्मद मजीद व रफीकुल निशा पत्नी इस्तियाक अहमद व नावेद पुत्र नसीर व अन्य अज्ञात लोगों द्वारा एक राय होकर ट्रैक्टर पर लदे सफ़ेदा के पेड को जो मेरे हिस्से का था ट्रैक्टर डाइवर जयराम पुत्र देवी निवासी बारकोट व लेबर सतीश पासी को सभी लोगों द्वारा ट्रैक्टर रोक करके बैठे ड्राइबर जयराम व सतीश पासी को शनिवार की शाम को लगभग साढ़े आठ बजे खेत मे उतारकर जात सूचक गालिया देते हुये लाठी डण्डो व लात घूसों से बुरी तरह से मारा पीटा है जिसमे बुरी तरह से ड्राइबर व श्रमिक जख्मी हो गये है। पीड़ितों की माने तो इन लोगों द्वारा गाली गलौज के साथ ही जानमाल की धमकी देते हुये भाग निकले। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सात नामजद लोगों के खिलाफ एससीएसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्जकर लिया है लेकिन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार नही किया है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### अवैध तमंचा और कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना बाजार शुकुल पुलिस ने गांव रग्घूपुर के पास से एक अदद तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर रविवार को उप निरीक्षक सत्य प्रकाश तिवारी मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर संजीत पुत्र संजय निवासी ग्राम पूरे रामदीन मजरे इन्दरिया थाना बाजार शुकुल को ग्राम रग्घूपुर के पास से एक अदद तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

### कानपुर देहात से चोरी की गई बाइक के साथ वाहन चोर गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना फुरसतगंज पुलिस ने कानपुर देहात जनपद से चोरी की गई एक मोटर साइकिल के साथ शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना फुरसतगंज के उप निरीक्षक रामवीर सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोटर साइकिल सवार एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर पूंछताछ की गई व मोटरसाइकिल के कागजात दिखाने को कहा गया तो कागजात दिखा न सका व बताया कि यह मोटरसाइकिल मेरी नही हैं जिसे ई चालान एप पर देखा गया तो उक्त बरामद मोटरसाइकिल नम्बर यूपी 77 वी 1214 जनपद कानपुर में पंजीकृत पायी गई जिसके सम्बंध में थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात में चोरी का अभियोग पंजीकृत है। चोरी की बाइक बरामदगी के आधार पर उदय भान सिंह पुत्र रामबरन सिंह निवासी ग्राम धरम सराय मजरे पीढ़ी थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी को बुसैला मोड़ के पास से समय करीब साढ़े नौ बजे रात में गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष श्रीराम ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

### एसडीएम के अर्दली पर लगा भ्रष्टाचार का आरोप 5 वर्षों से तैनात एक ही तहसील में ट्रांसफर कराने की मुख्यमंत्री से की मांग

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह के अर्दली रजत कुमार पर खनन माफिया और राइस मिलर्स व भट्टा संचालकों से धन की उगाही के मामले मे मुख्यमंत्री से शिकायत की गई शिकायतकर्ता ने ये आरोप भी लगाया की उपजिलाधिकारी का हाथ होने के कारण उक्त रजत कुमार का तबादला पूरनपुर तहसील से नहीं हो पाया। अर्दली रजत कुमार को तहसील पूरनपुर में लगभग 05 वर्ष हो चुके है। इसकी जान पहचान सभी माफियाओं से होने कारण पूरनपुर में अर्दली का आंतक व्याप्त है। जिस कारण तहसील पूरनपुर में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है।शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री से मांग करी कि अर्दली रजत कुमार की पांच वर्ष में खरीदी गई सम्पत्ति की जांच कराकर उक्त को तहसील पूरनपुर से हटाया जाये एवं सख्त से सख्त कार्यवाही की जायें जिससे क्षेत्र में भ्रष्टाचार को फैलने से रोका जा सके।

## भाजपा के मण्डल उपाध्यक्ष पर प्राणघातक हमला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**परिजनों ने गम्भीर हालत में एम्स अस्पताल रायबरेली में भर्ती कराया**

अमेठी । थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के गांव गोयन से निमंत्रण से लौट रहे भाजपा सिंहपुर के मण्डल उपाध्यक्ष पर लाठी डंडों और लोहे की राड से पीट पीटकर मरणासन्न कर दिया गया जिससे भाजपा नेता को गम्भीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन सीएचसी सिंहपुर लेकर पहुंचे जहां पर चिकित्सकों ने जिला रेफरल हॉस्पिटल तिलोई रेफर कर दिया जहां पर चिकित्सकों ने हालत गम्भीर होने के कारण एम्स रायबरेली रेफर कर दिया। पुलिस ने चचेरे भाई की तहरीर पर एक दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। थाना क्षेत्र के माठागांव मजरे महिया सिंदुरिया निवासी भाजपा नेता बिपिन सिंह पुत्र राम शरण सिंह शनिवार की रात करीब साढ़े नौ बजे अपने भतीजे भानू प्रताप सिंह व चचेरे भाई दिलीप सिंह व एक अन्य युवक के साथ गोयन गांव के विजय बहादुर सिंह के यहां पर आयोजित तिलक समारोह से वापस लौट रहे थे तभी गांव के ही लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते गोयन व सिंदुरिया के बीच मोबाइल टॉवर के निकट लाठी डंडे व लोहे की सरिया व राड से लैस होकर अचानक बिपिन व भानू प्रताप को जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। साथ मे ही दूसरी बाइक पर सवार दिलीप व बौरे बिपिन को मार खाता देखकर डर के मारे जान बचाकर भाग निकले। चचेरे भाई दिलीप ने बताया कि सभी हमलावर बिपिन को जान से मारने की बात कह रहे थे।मैंने घटना की सूचना अपने भाई अश्विनी को दिया। तभी शोरगुल सुनकर अन्य लोगों को आता देख हमलावर बिपिन को मरणासन्न छोड़कर भाग निकले। तब हम लोगों ने घायल बिपिन व भानू प्रताप को एम्बुलेंस से लेकर सीएचसी सिंहपुर पहुंचे जहां से चिकित्सकों ने रेफरल हॉस्पिटल तिलोई रेफर कर दिया जहाँ चिकित्सकों ने एम्स रायबरेली रेफर कर जहां घायल का उपचार चल रहा है।घायल भाजपा नेता के चचेरे भाई दिलीप सिंह ने घटना मे शामिल ग्यारह लोगों को नामजद व दो तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। मामले में विपिन सिंह के साथी दिलीप सिंह ने गांव निवासी गिरिजा शंकर, देवेश, हर्ष शुक्ला, शेष शुक्ला, आदर्श शुक्ला, विपिन यादव, विनय यादव, अमन गुजर, लालू यादव और लालू यादव के लड़के को नामजद करते हुए दो से तीन अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष सच्चिदानंद राय ने बताया कि तहरीर.मिल गयी है आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं मे मुकदमा दर्जकर विधिक कार्यवाही की जा रही।

## मुख्यमंत्री से मिली ब्लॉक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह भेंट किया राम दरबार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।विकास खंड की ब्लॉक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंचकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार मुलाकात की है। मुलाकात के दौरान ब्लॉक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विकासखंड पूरनपुर क्षेत्र पंचायत के अंतर्गत कराए गए जा रहे विकास कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्लॉक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह से कहा कि क्षेत्र की जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य कराओ प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करो।जिससे लोगों को इनका भरपूर लाभ मिल सके। और क्षेत्र का हर तरह से विकास हो सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्लॉक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह की बातों को गंभीरता पूर्वक सुनने के बाद हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिया है। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान ब्लॉक प्रमुख के पुत्र शमिक प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे हैं। मुख्यमंत्री ने उनको प्रसन्न होकर दुलार किया। ब्लॉक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को राम दरबार भेंट किया जिसको मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता पूर्वक स्वीकार किया है।

## भट्ठा मजदूर पर फायरिंग करने वाला अभियुक्त अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। थाना कुड़वार क्षेत्र के ग्राम उत्मानपुर में 1 अप्रैल 2025 को श्यामसुन्दर सिंह उर्फ लहूरी सिंह के भट्ठे पर मजदूर को गोली मारने की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।थानाध्यक्ष कुड़वार अमित कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बीएनएस से संबंधित अभियुक्त मित्रसेन मौर्या पुत्र राममिलन,निवासी ग्राम हिगुल गौरा, थाना कादीपुर, जनपद सुलतानपुर को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से एक देशी तमंचा 12 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त ने अपने सहअभियुक्तों के साथ मिलकर मजदूर को गोली मारने की घटना स्वीकार की। उसके खिलाफ बरामद अवैध असलहे को लेकर थाना कुड़वार पर आर्म्स एक्ट में अलग से एफआईआर पंजीकृत किया गया है। पुलिस अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्यवाही कर रही है। अभियुक्त का आपराधिक इतिहास रहा हैं मित्रसेन मौर्या के खिलाफ पहले से ही गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें आर्म्स एक्ट, हत्या, गैंगस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट आदि शामिल हैं। कुल 8 आपराधिक मुकदमे उसके खिलाफ पंजीकृत हैं।गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा,प्रभारी स्वाट टीम निरीक्षक धीरेन्द्र सिंह,निरीक्षक यदुवीर सिंह,वरिष्ठ उप निरीक्षक दिनेश यादव,स्वाट व सर्विलांस टीम के अन्य सदस्य वासुदेव यादव, सुधाकर शर्मा, राहुल यादव, अभिषेक प्रताप सिंह, विकास सिंह, इमाम हुसैन, तेजभान, ऋत्विक दीक्षित, शैलेश राजभर और अनुराग ने मुख्य भूमिका निभाई।

## आतंकवाद के खिलाफ अधिवक्ताओं ने अपर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले ने 28 बेगुनाहों की जान ले ली यह मानवता के खिलाफ सबसे बड़ा अपराध है। जिसकी कोई माफी नहीं है।सपा अधिवक्ता सभा पीलीभीत के जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला एडवोकेट के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा इस दौरान मुख्य रूप से सपा जिला प्रवक्ता एडवोकेट अमित पाठक, विधानसभा अध्यक्ष धनपति वर्मा एडवोकेट,सपा जिला सचिव एडवोकेट शराफत यार खां,राजीव यादव एडवोकेट,आशीष सक्सेना एडवोकेट,प्रशांत यादव,अमित रस्तोगी एडवोकेट,प्रदीप श्रीवास्तव एडवोकेट,रामू पांडे एडवोकेट,अमित यादव एडवोकेट,रोहिताश कुमार सिंह,हीरालाल वर्मा,जयप्रकाश वर्मा,गोविंद पांडेय,संजीव शर्मा,राजेश गंगवार,मो. नवी,पंकज कुमार तिवारी,विद्याराम वर्मा सहित अधिवक्ता सभा के पदाधिकारी उपस्थित रहे हैं।

## हाथी घोड़े के साथ धूमधाम से श्रद्धालुओं ने निकाली कलश यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील के के हैंहनाकला गांव में जयप्रकाश मिश्र पुत्र स्वर्गीय घनश्याममिश्रा के आयोजन में कलश यात्रा हजारों शद्धालुओं ने दर्जनों घोड़े एक हाथी के साथ निकली। मिश्रा आवास से प्रारंभ हुई कलश यात्रा के दौरान मुख्य यजमान राजकिशोरी मिश्रा एवं पुत्र अरुण मिश्रा के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता रामचंद्र मिश्रा, गुरुदीन यादव, सुनील सिंह, अवधेश दुबे जिला पंचायत सदस्य बद्रीनाथ यादव रमावती केसा वती शांती मिश्रा रामेश्वर गप्ता मुरली शुक्ला आदि हजारों श्रद्धालु सिर पर कलश धारण किए हाथी घोड़े फिर डीजे भक्ति गीतों के साथ , बल्दीराय कस्बा होते हुए पुनः भ्रमण करते हुए जयप्रकाश मिश्रा के आवास पर समाप्त हुई । इस दौरान लोगों ने पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत सम्मान किया। कथा शुभांरभ 28 अप्रैल से शुरू होकर 4 मई तक चलेगा । कथा का वाचन स्वामी राधवेंद्राचार्य जी महाराज अयोध्या धाम करेंगे ।

### किसान नेताओं ने सदर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पीलीभीत।भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय आवाहन पर पहलगाम की आतंकी घटना में देश में मारे गए पर्यटको की घटना को लेकर जिला मुख्यालय पीलीभीत जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह के नेतृत्व में एवं समस्त कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी ने एकत्र होकर निर्दोष लोगों की हत्या के संबंध में 2 मिनट का मौन धारण किया और उनकी आत्मा की शांति के लिए मौन धारण किया। वह प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी पीलीभीत को दिया गया इस मौके पर मौजूद जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह, जिला प्रभारी दिनेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष राजवीर सिंह, जिला उपाध्यक्ष रामगोपाल वर्मा, सदर तहसील अध्यक्ष रेशमा वर्मा, रामश्री देवी, कर्मजीत सिंह, माखनलाल राठौर,शमीम अली,रामकुमार प्रजापति, सर्वेश कुमार प्रजापति, ज्वाला प्रसाद, रामचंद्र, पूरनलाल, चंद्र सेन, रामकुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे हैं।

## राहुल को सुप्रीम फटकार

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को वीर सावरकर पर की गई विवादित टिप्पणी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगानी पड़ीं है। अदालत ने राहुल गांधी से कहा कि उन्हें स्वतंत्रता सेनानियों का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए और यदि भविष्य में ऐसे बयान दिए गए तो अदालत इस पर संज्ञान लेगी। यह मामला राजनीतिक और कानूनी दृष्टि से महत्वपूर्ण बन चुका है, क्योंकि यह बयान न केवल राहुल गांधी के लिए बल्कि अन्य नेताओं के लिए भी एक चेतावनी बन सकता है।राहुल गांधी ने 17 दिसंबर 2022 को महाराष्ट्र के अकोला में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान वीर सावरकर पर एक विवादित टिप्पणी की थी। उन्होंने सावरकर को अंग्रेजों का नौकर और पेंशन लेने वाला बताया था। राहुल गांधी का यह बयान भारतीय राजनीति और इतिहास के संदर्भ में अत्यधिक संवेदनशील माना गया, क्योंकि वीर सावरकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक प्रमुख नेता थे। उनके योगदान को लेकर विभिन्न दृष्टिकोण रहे हैं, लेकिन राहुल गांधी का यह बयान आलोचनाओं के साथ-साथ कानूनी विवादों का कारण बना। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी के बयान पर सख्त नाराजगी जताई। अदालत ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। न्यायमूर्ति ने राहुल गांधी से कहा, आप एक जिम्मेदार राजनेता हैं, आपको इस प्रकार के गैर-जिम्मेदाराना बयान नहीं देने चाहिए। इसके साथ ही अदालत ने चेतावनी दी कि अगर भविष्य में इस प्रकार के बयान दिए गए, तो वह इस मामले पर गंभीरता से विचार करेगा और संज्ञान ले सकता है। सुनवाई के दौरान जस्टिस दीपांकर दत्ता ने यह भी कहा कि राहुल गांधी ने बिना इतिहास को पूरी तरह समझे ऐसा बयान दिया. उन्होंने कहा कि आप उन लोगों के बारे में कैसे ऐसा कह सकते हैं जिन्होंने देश को आज़ादी दिलाई? राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी अंग्रेज अधिकारियों को पत्र भेजते थे तो लिखते थे- योर फ़ेथफुल सर्वेंट। तो क्या उसके चलते आप महात्मा गांधी को भी अंग्रेजों का नौकर कहेंगे। स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान करना गलत है। बहुत समय से राहुल गाँधी और कॉन्ग्रेस पार्टी लगातार वीर विनायक दामोदर सावरकर का अपमान करने में लगी हुई रही है । मैं माफ़ी नहीं माँगूँगा, मैं सावरकर नहीं हूँ सावरकर मनुस्मृति को मानते थे तो संविधान के बिल्कुल उलट है। सावरकर को संविधान में भारतीयता भी नहीं दिखा था।राहुल गाँधी बार-बार ये डायलॉग बोलते रहे हैं और कॉन्ग्रेस पार्टी इसका वीडियो भी शेयर कर रही है। ये अलग बात है कि राफ़ेल से लेकर 'मोदी' सरनेम वाले लोगों को गाली देने तक, राहुल गाँधी अदालतों में माफ़ी माँगते रहे हैं। इतने चुनाव हारने के बावजूद बार-बार एक महान स्वतंत्रता सेनानी का अपमान किया जा रहा है। राहुल दोहराते है कि मैं सावरकर नहीं हूं तो दरअसल में राहुल गाँधी सावरकर बन भी नहीं सकते। जब राहुल गाँधी के दादी के पिता जवाहरलाल नेहरू नहीं बन पाए, तो राहुल गाँधी क्या बनेंगे। जवाहरलाल नेहरू जब नाभा जेल में थे, तब उनके पिता ने न जाने कहाँ-कहाँ पैरवी कर के उन्हें 12 दिनों में ही निकलवा लिया था। जबकि, वीर सावरकर ने 11 वर्षों तक जेल भी नहीं, बल्कि उससे भी खौफनाक कालापानी की सज़ा भुगती। उनके भाई गणेश भी उसी जेल में थे, लेकिन दोनों की मुलाकात तक नहीं होती थी। भले ही आज सावरकर की देशभक्ति पर आज कंाग्रेस के नेता राहुल गांधी सवाल उठाते रहे हैं लेकिन उनकी दादी इंदिरा गांधी ने आज से 42 साल पहले 20 मई 1980 को सावरकर को ''देश का महान सपूत'' कहा था। तकरीबन दो साल पहले साल 2018 के अक्टूबर माह की बात है कि जब पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और भाजपा आईटी सेल के मुखिया अमित मालवीय वीर सावरकर और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से जुड़े एक मसले पर एकराय थी। अमित मालवीय ने एक ट्वीट किया था, जिसमें एक इमेज पोस्ट की गई थी। जिसमें इंदिरा गांधी और वीर सावरकर की तस्वीरें दिखाई दे रही हैं। इस इमेज में इंदिरा गांधी के वीर सावरकर के बारे में दिया गया बयान दिखाई दे रहा है। जिसमें इंदिरा गांधी ने कहा था कि सावरकर द्वारा ब्रिटिश सरकार की आज्ञा का उल्लंघन करने की हिम्मत करना हमारी आजादी की लड़ाई में अपना अलग ही स्थान रखता है।

# सामुदायिक हिंसा का बढ़ता खतरा

**भारत -पाकिस्तान के विभाजन के बाद पाकिस्तान में हिन्दुओं की आबादी 23 फीसदी थी, अब 3.7 फीसदी रह गईं। लगातार वहां हिंदुओं की आबादी घट रहीं है। हालांकि भारत में मुसलमानों के खिलाफ कुछ लिंचिंग की घटनाएं हुईं, लेकिन जैसा हिन्दुस्थान में हिन्दुओं के साथ हो रहा है, वैसा नहीं हुआ। वैसे अमेरिका में भी हिन्दुओं और सिखों के खिलाफ नस्लीय हिंसा हुईं है। हिंदुओं के मंदिरों को भी निशाना बनाया गया है। नस्लीय टिप्पणीयां हुईं हैं, लेकिन पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसी नहीं। हमें इस तरह की सामुदायिक हिंसा से बचना होगा। राजनैतिक लाभ लेने के लिए देश को हिंदू -मुसलमान में बांटना ठीक नहीं। इससे देश की एकता, अखंडता कमजोर होगी। साम्प्रदायिक हिंसा को किसी भी तरीके का राजनैतिक संरक्षण नहीं मिलाना चाहिए। नफ़रती बयानबाजी और सोशलमीडिया पर फ़ैलते भड़काऊ वीडियो और संदेश पर कड़ाई से प्रतिबन्ध लागू होना चाहिए।**

भारत में हिन्दुओं पर सामुदायिक हिंसा की बढ़ती घटनाओं ने सरकार और देश की सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। अपने ही देश में बहुसंख्य हिन्दू हिंसक घटनाओं का शिकार हो रहा है। वैसे सामुदायिक और नस्लीय हिंसा पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है। लेकिन भारत के आसपास पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हमले और हिंसा बढ़ गई हैं। नेपाल जैसे देश में भी रामनवमी जुलूस पर हिंसा को अंजाम दिया गया। भारत के पड़ोसी इस्लामिक देश में हिन्दुओं की स्थिति बद से बदतर है, जबकि ये कभी भारत के हिस्सा थे। यहाँ हिन्दुओं पर लगातार धार्मिक उत्पीड़न और हिंसा की घटनाएं भारत की चिंता को बढ़ा दिया है। आतंकवाद से लड़ रहे भारत के सामने सामुदायिक हिंसा की घटनाएं बड़ी चुनौती बन रहीं हैं। सबसे अहम मुद्दा यह है कि अपने देश में ही हिन्दू बाहुल्य होने के बाद भी वह सामुदायिक हिंसा का शिकार बन रहा है। जबकि चीन में उइगर मुसमानों का दमन किसी से छुपा नहीं है, लेकिन चीन के खिलाफ पाकिस्तान, बांग्लादेश खामोश हैं। कश्मीर के पहलगाम में हुआ नरसंहार इसका ताज़ा उदाहरण है। भारत में इस तरह की हिंसा के पीछे वोट बैंक के लिए राजनीतिक तुष्टिकरण सबसे बड़ी समस्या है।

भारत में हिन्दुओं पर हिंसक हमले इस्लामिक आतंकवाद की एक सोची समझी रणनीति है। पाकिस्तान, बांग्लादेश में हिंदुओं का सफाया हो रहा है, जबकि अफगानिस्तान में हिन्दुओं की आबादी गिनती पर आ गईं है। भारत में इस तरह के सामुदायिक और धार्मिक दंगे भड़काने के लिए पाकिस्तान मूल रूप से जिम्मेदार है। लेकिन हम इस तरह की बात कर अपनी जिम्मेदारी से बच भी नहीं सकते हैं। भारत इस्लामिक आतंकवाद से तो हमेशा से पीड़ित रहा है। लेकिन हाल के वर्षों में राजनैतिक कारणों और उसके फैसलों से देश में सामुदायिक हिंसा, प्रदर्शन और पत्थरबाजी की घटनाएं बढ़ गईं हैं। दोनों समुदायों में एक दूसरे के प्रति नफरत और डर का माहौल पैदा हुआ है। इस तरह की सामुदायिक हिंसा के पीछे सामाजिक, आर्थिक, राजनीति, सोशलमीडिया और धार्मिक कारण मुख्य हैं, जिसकी वजह से ऐसी घटनाएं देश के धार्मिक और सांप्रदायिक तानेबाने को विभाजित करती दिखती हैं।

जम्मू -कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने जिस तरह निर्दोष पर्यटकों का नरसंहार किया, वह मानवता के खिलाफ है। इस हिंसा में 26 लोगों की मौत हुई और कई घायल हुए। आतंकवादियों ने सिर्फ हिन्दुओं को निशाना बनाया और उनका धर्म पूछ कर उन्हें गोली मारीं । हालांकि की कश्मीर में इस नरसंहार को लेकर काफी गुस्सा देखा जा रहा है। इस बात पर भी गुस्सा है कि हमले में सिर्फ हिन्दू मारे गए। लोगों का कहना है कि पर्यटकों की जान बचाने के लिए एक मुस्लिम भी मारा गया। अब पूरा कश्मीर पीड़ित परिवारों के साथ है। देश के कई हिस्सों में मुस्लिम संस्थाओं ने प्रदर्शन कर पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी भी की है।

इस साजिश के पीछे हाल में पाकिस्तान आर्मी चीफ जनरल कियानी की तरफ दिया गया वह उकसाऊ बयान भी अहम माना जा रहा है, जिसमें उन्होंने भारत व हिन्दुओं के खिलाफ भड़काने वाला बयान दिया था। कियानी के बयान के ठीक कुछ दिन बात पहलगाम में आतंकी हमला हुआ है, जिसमें पर्यटकों का धर्म पूँछ कर नरसंहार किया गया। यह पाकिस्तान की सोची समझी रणनीति है, क्योंकि वह भारत से सीधी जंग में कभी नहीं जीत सकता है। ऐसी स्थिति में वह हिन्दुओं को निशाना बनाकर भारतीय मुसलमानों का मसीहा बनना चाहता है। खैबर पख्तून में बलोच आर्मी की तरफ से किए ट्रेन हाईजैक के पीछे वह भारत का हाथ मानता है। जिसकी वजह से वह बौखलाया था और बदले के लिए बेताब था।

उधर कश्मीर में धारा 370 खत्म होने के बाद कश्मीर आहिस्ता-आहिस्ता विकास की मुख्यधारा में लौट रहा है। आतंकी घटनाएं कम हुईं हैं। पर्यटकों की आमद बढ़ने लगी है। सेबों की खेती लहलाहने लगी है। यह सब देख



पाकिस्तानी फ़ौज में बौखलाहट है जिसकी वजह से वह इस तरह की सामुदायिक हिंसा की साजिश रच रहा है। कश्मीर में सामुदायिक हिंसा की यह पहली घटना नहीं है। आतंकवादियों ने पुलवामा जैसी घटनाओं को अंजाम दिया है। कश्मीर में साल 2019 के बाद धारा 370 लागू होने के बाद यह पहली सबसे बड़ी आतंकी नरसंहार की घटना है। दूसरा अहम कारण ये कि कश्मीर के राजनैतिक और अलगाववादी कभी शान्ति और विकास नहीं चाहते हैं। क्योंकि धारा 370 खत्म होने के बाद उनकी तमाम स्वतंत्रता जहाँ बाधित हुईं, वहीं आर्थिक नुकसान हुआ है। वहां के राजनेताओं और अलगाववादियों का पाकिस्तान प्रेम दुनिया में जगजाहिर है। इसके बावजूद धारा 370 का खात्मा, तीन तलाक कानून और वक्फ संशोधन जैसे राजनैतिक फैसले इस आग में घी का काम किया है। हालांकि यह आम मुसलमानों और कश्मीरियों की सोच नहीं है। यह सिर्फ अलगाववादियों की सोच है।

इस घटना में केंद्र और राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकतीं। जब वहां काफी तादात में पर्यटकों की आमद हो रहीं थी तो पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सेना और राज्य पुलिस के जवानों की तैनाती क्यों नहीं की गईं। कियानी के विभाजनकारी संदेश को हमारी सरकार, ख़ुफ़िया एजेंसिया और सुरक्षा एजेंसिया नहीं समझ पाईं। ऐसे संवेदनशील पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा के सख्त इंतजाम होने चाहिए थे। राज्य में इस तरह की घटनाएं पर्यटन उद्योग और उसकी संभावनाओं पर पानी फ़ेरती हैं। हम अपनी चूक और नाकामियों से नहीं बच सकते। यह गंभीर मंथन का विषय है। कश्मीर के पर्यटन स्थलों पर हमें सुरक्षा व्यवस्था को सख्त रखना होगा। भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने होंगे। यह हमला भारत की आत्मा पर है यह राजनीति का वक्त नहीं है। सारा देश गुस्से में है। रणनीति बनाकर पाकिस्तान और आतंकवाद को सबक सिखाने की जरूरत है।

कश्मीर के पूर्व बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ संशोधन कानून के विरोध में हिन्दुओं को जिस तरह निशाना बनाया गया, वह किसी से छुपा नहीं है। इसके अलावा रामनवमी जुलूस पर महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश भी सुनियोजित तरीके से हिन्दुओं पर हमले हुए। उत्तर प्रदेश में संभल किसी से छुपा नहीं है। वहां किस तरह हिन्दुओं का उत्पीड़न हुआ, उसे कौन नहीं जानता। हिंसक हमलों में उनकी संपत्तियों और मंदिरों को नष्ट किया गया। पश्चिम बंगाल राज्य में हिन्दुओं को पलायित होना पड़ा। पीड़ित हिन्दू बंगाल पुलिस की मदत के लिए चिल्लाते रहे, लेकिन कोई सुरक्षा नहीं मिली। बाद में बंगाल उच्च न्यायालय के आदेश के बाद हिंसा प्रभावित इलाके में केंद्रीय बल पंहुचा। यही हाल बांग्लादेश का है। भारत ने पाकिस्तान से अलग कराया उसी बांग्लादेश में पाकिस्तान की सह पर अतिवाद पांव पसार रहा है। बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद हिन्दुओं के घरों, व्यवसायों और मंदिरों पर बड़े पैमाने पर हमले हुए। यूएन की एक रिपोर्ट में बताया गया कि हिन्दुओं को लक्षित कर हमले किए, जिसमें 1400 लोगों की मौत हुईं। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि बांग्लादेश में साल 2024 की हिंदुओं के खिलाफ 2200 हिंसक घटनाएं दर्ज की गईं।

भारत -पाकिस्तान के विभाजन के बाद पाकिस्तान में हिन्दुओं की आबादी 23 फीसदी थी, अब 3.7 फीसदी रह गईं। लगातार वहां हिंदुओं की आबादी घट रहीं है। हालांकि भारत में मुसलमानों के खिलाफ कुछ लिंचिंग की घटनाएं हुईं, लेकिन जैसा हिन्दुस्थान में हिन्दुओं के साथ हो रहा है, वैसा नहीं हुआ। वैसे अमेरिका में भी हिन्दुओं और सिखों के खिलाफ नस्लीय हिंसा हुईं है। हिंदुओं के मंदिरों को भी निशाना बनाया गया है। नस्लीय टिप्पणीयां हुईं हैं, लेकिन पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसी नहीं। हमें इस तरह की सामुदायिक हिंसा से बचना होगा। राजनैतिक लाभ लेने के लिए देश को हिंदू -मुसलमान में बांटना ठीक नहीं। इससे देश की एकता, अखंडता कमजोर होगी। साम्प्रदायिक हिंसा को किसी भी तरीके का राजनैतिक संरक्षण नहीं मिलाना चाहिए। नफ़रती बयानबाजी और सोशलमीडिया पर फ़ैलते भड़काऊ वीडियो और संदेश पर कड़ाई से प्रतिबन्ध लागू होना चाहिए। देश, संसद और उसकी संवैधानिक संस्थाएं जाति, धर्म और समुदाय से सर्वोपरि हैं। हमें उनका सम्मान करना होगा। हमें किसी कानून या बिल से असहमति है तो देश में अदालत और कानून भी है। हिंसा और अपनी ताकत दिखाने के बजाय हमें ऐसी संस्थाओ का सम्मान करना होगा। हमारे लिए देश सर्वोपरि है। प्रभुनाथ शुक्ल

# पहलगाम में इंसानियत की हत्या

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाँव में हुए आतंकी हमले में जहाँ हिन्दू पर्यटकों को उनका नाम गोली मार दी गई। ये हमला सिर्फ एक हत्या नहीं, बल्कि धार्मिक पहचान के आधार पर की गई घृणा और आतंक का प्रतीक है तो है ही, वहीं इंसानियत की भी हत्या है। यह घटना भारत की एकता, नागरिक सुरक्षा और धार्मिक सहिष्णुता पर चोट बताकर चेतावनी देती है कि यदि अब भी ठोस कदम नहीं उठाए गए तो अगला शिकार कोई और होगा। यह घटना शोक प्रकट करने की बजाय जवाबदेही, निर्णायक कार्रवाई और सामाजिक चेतना की मांग करती है, ताकि आतंक के आगे इंसानियत बार-बार न मरे।

22 अप्रैल की सुबह के कुछ शांत लम्हे। जम्मू-कश्मीर के पहलगाँव में बर्फीली वादियाँ पर्यटकों का स्वागत कर रही थीं। नवविवाहित जोड़े, बच्चे, बुज़ुर्ग ऽ सबको उम्मीद थी कि कश्मीर की हवा में सुकून मिलेगा, तनाव से कुछ राहत मिलेगी। लेकिन तभी आतंक की आहट हुई। बंदूकें गरजीं। और उस वादी में जहाँ बर्फ गिरती है, अब खून बहा। राजस्थान से आया एक नवविवाहित दंपत्ति भी उन्हीं पर्यटकों में था। दोनों ने अभी पांच दिन पहले ही शादी की थी। वो अपने हनीमून के लिए कश्मीर आए थे। लेकिन शायद किस्मत को कुछ और ही मंज़ूर था। आतंकियों ने गाड़ी रोकी, नाम पूछा, पहचान की और फिर गोली मार दी। युवक हिन्दू था। बस यही उसके मरने की वजह बन गई। सिर में गोली लगी। मौके पर ही दम तोड़ दिया। उसकी पत्नी, जिसके हाथों की मेंहदी अभी भी गीली थी, स्तब्ध खड़ी थी। शोक से ज़्यादा वो एक अनकहे डर में जमी हुई थी-जैसे समय वहीं थम गया हो।

यह सिर्फ एक आतंकी हमला नहीं था। यह योजनाबद्ध नरसंहार था। एक सोच के तहत, एक धर्म के आधार पर। आज आतंकवाद महज़ क्षेत्रीय या वैचारिक लड़ाई नहीं रह गया है। यह अब धार्मिक पहचान को मिटाने का एक उपकरण बन चुका है। यह हत्या बताती हैं कि कुछ तत्व अब यह तय कर चुके हैं कि कौन जिएगा, कौन मरेगा और यह फ़ैसला नाम पूछकर किया जाएगा। क्या यही इंसानियत है, क्या यही 'कश्मीरियत' है, जिसके नाम पर हम वर्षों से शांति की दुहाई दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर उस पत्नी की तस्वीर वायरल हुई, जो अपने पति के शव को निहार रही थी। न चीख, न रोना, न प्रतिरोध। बस एक स्थिर मौन- जो पूरी व्यवस्था पर सबसे कठोर आरोप बन गया। उस मौन में एक सवाल छुपा है ˮहमने क्या ग़लत कियाˮ क्या एक जोड़े का कश्मीर आना, उसकी सुंदरता देखना, उसकी वादियों से प्यार करना अब गुनाह बन चुका है। हमें समझना होगा कि इस तस्वीर में केवल एक महिला नहीं थी, बल्कि उस पूरे राष्ट्र की आत्मा थी, जख़्मी, असहाय और शर्मसार।

हर हमले के बाद सरकार की ओर से एक तैयार स्क्रिप्ट आती है- निंदा, मुआवज़ा, जाँच। लेकिन जवाबदेही कहीं नहीं होती। क्या यह सवाल नहीं पूछा जाना चाहिए कि घाटी में आतंकियों को खुलेआम चलने-फिरने की छूट कैसे मिलती है। वे नाम पूछकर कैसे किसी को गोली मार सकते हैं और फिर बच निकलते हैं। क्या पर्यटन सीजन में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती नहीं होनी चाहिए। क्या जम्मू-कश्मीर प्रशासन को यह नहीं पता कि ऐसे हमले पर्यटन, अर्थव्यवस्था और भारत की एकता ऽ तीनों पर हमला करते हैं।

जब भी भारत आतंक के ख़िलाफ़ सख़्ती दिखाता है तो मानवाधिकार की दुकानें खुल जाती हैं। दिल्ली, लंदन, न्यूयॉर्क ऽ हर जगह के तथाकथित बुद्धिजीवी अचानक 'संवेदना' से भर जाते हैं। लेकिन जब किसी हिंदू नागरिक को सिर्फ उसके नाम के कारण सिर में गोली मारी जाती है, तब यही आवाज़ें खामोश हो जाती हैं। क्यों? क्या एक विशेष समुदाय के पीड़ितों के लिए ही संवेदना है। क्या हिन्दू होना अब मानवाधिकार के चश्मे से अदृश्य हो जाना है। पहलगाँव हमला केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं है, यह भारत की आत्मा पर हमला है। यह संदेश देने की कोशिश है कि ˮयहाँ तुम्हारी जगह नहीं है। यह भारत की एकता, समरसता और धर्मनिरपेक्षता को चुनौती है। यदि हमने इस चुनौती को केवल ट्वीट और मोमबत्तियों से उत्तर दिया, तो अगला निशाना कोई और शहर, कोई और नाम, कोई और नवविवाहित होगा। हमेशा की तरह, इस हमले के पीछे जिस आतंकी संगठन का नाम आया - 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' ऽ वह लश्कर-ए-तैयबा का ही नया अवतार है।

### सेहत मंत्र

## जोड़ों और मांसपेशियों के दर्द को कम करता है जायफल

जायफल रसोई में इस्तेमाल होने वाली एक महत्वपूर्ण स्पाइस है। इसे दुनियाभर में विभिन्न व्यंजनों में इस्तेमाल किया जाता है। यह खाद्य पदार्थों में मिठास लाता है। जायफल न सिर्फ भोजन के स्वाद को बढ़ाता है, बल्कि इससे खाने से काफी अच्छी महक आती है। यूं तो आप भी जायफल का इस्तेमाल अपने भोजन में करते होंगे, लेकिन क्या आप इससे होने वाले फायदों से वाकिफ हैं। अगर आप हर दिन अत्यधिक तनाव का सामना करते हैं तो आपको जायफल का सेवन अवश्य करना चाहिए। जायफल में मिरिस्टिसनि और एलिमिसिन पाया जाता है, यह कपांउड दिमाग को रिलैक्स करने का काम करते हैं। इतना ही नहीं, जायफल में मस्तिष्क में न्यूरोट्रांसमीटर सेरोटोनिन और डोपामाइन को बढ़ावा देने की क्षमता होती है। जिसके कारण आप तनाव व अवसाद से आसानी से बाहर आ सकते हैं। इसके लिए आप थोड़ा सा जायफल पाउडर लेकर उसे आंवला के रस में मिलाकर सेवन करें। जायफल का सेवन आपके मस्तिष्क की कार्यक्षमता को भी बेहतर बनाता है। दरअसल, जायफल में मिरिस्टिसनि और मैकलिगनन होता है, जो मानव के मस्तिष्क और उसकी मेमोरी पावर को बूस्टअप करने का काम करता है। इतना ही नहीं, जायफल एकाग्रता और ध्यान केन्द्रति करने की क्षमता में भी सुधार करता है। इसके लिए आप हर रात सोने से पहले एक गिलास गर्म पानी में जरा सा जायफल का पाउडर मिक्स करके इसका सेवन करें। जिन लोगों को रात में ठीक तरह से नींद न आने की समस्या होती है, उनके लिए जायफल किसी रामबाण से कम नहीं है। यह अनिद्रा के लिए एक नेचुरल रेमिडी है। दरअसल, जायफल में मैग्नीशियम प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। मैग्नीशियम मस्तिष्क में तंत्रिका तनाव को कम करने और सेरोटोनिन के उत्पादन को बढ़ावा देने में मदद करता है। इसके लिए आप हर रात सोने से पहले एक गिलास दूध में चुटकी भर जायफल पाउडर, बादाम व इलायची डालकर सेवन करें।

### धर्म मंत्र

## यदि आप आर्थिक तंगी से हैं परेशान तो करें गुरुवार का व्रत

अगर आप आर्थिक तंगी से परेशान हैं या घर में किसी लड़की की शादी नहीं हो पा रही हैं तो ऐसे में गुरुवार का व्रत फायदेमंद होगा। तो आइए हम आपको गुरुवार व्रत का नियम, महत्व तथा उद्यापन विधि के बारे में बताते हैं। अगर आप अपनी परेशानी को कम करने के लिए गुरुवार का व्रत रखना चाहते हैं तो पौष मास को छोड़ कर किसी भी महीने के शुक्ल पक्ष के गुरुवार से व्रत प्रारम्भ कर सकते हैं। किसी भी शुभ काम की शुरूआत करने के लिए शुक्ल पक्ष उत्तम रहता है इसलिए गुरुवार का व्रत भी शुक्ल पक्ष से ही प्रारम्भ करें। गुरुवार का दिन भगवान विष्णु का होता है इसलिए विष्णु जी को प्रसन्न करने के लिए आप गुरुवार का व्रत रख सकते हैं। गुरुवार का व्रत बहुत आसान और प्रभावकारी होता है। इसके लिए बहुत कम सामान की जरूरत होती है। पूजा करने के लिए केले का पेड़, विष्णु भगवान की फोटो, चने की दाल, गुड़, हल्दी और हवन करने के लिए उपले इत्यादि। गुरुवार को सुबह जल्दी उठकर स्नान कर साफ कपड़े पहनें। उसके बाद पूजा घर की सफाई कर हाथ में चावल और पीले फूल लेकर 16 बृहस्पतिवार व्रत रखने का संकल्प करें। एक छोटा पीला कपडा विष्णु भगवान को चढ़ाएं और लोटे के जल में गुड़, चने की दाल डालकर विष्णु भगवान को स्नान कराएं। उसके बाद पीले फलों का भगवान को भोग लगाएं। इसके बाद कथा पढ़े और आरती करें। उसके बाद लोटे में बचे पानी को केले के पेड़ में डाल दें। साथ ही ध्यान रखें कभी भी बृहस्पतिवार के दिन केले का सेवन न करें। बचे हुए प्रसाद में गुड़ और चने की दाल गाय को खिलाएं इससे आपको बहुत पुण्य मिलेगा।

### पर्यटन



## दुनिया की सबसे बड़ी तोप जयबाण देख कर आप रह जाएंगे दंग

पहियों पर रखी हुई दुनिया की सबसे बड़ी तोप जयबाण देखनी है तो चले आये जयपुर के समीप जयगढ़ किले पर। मुझे कुछ दिन पूर्व इसे देखने का मौका मिला। मेरे साथ सैकड़ों सैलानी आश्चर्य के साथ इसे निहार रहे थे। एक फ्रांस के पर्यटक से पूछ लिया हाऊ यू फील तो बोला उठा क्याइट वन्डरफुल। यह तोप वास्तव में जयगढ़ दुर्ग की शान और पर्यटकों के आकर्षण का विशेष केंद्र है। लाखो पर्यटकों की पसंद जयबाण तोप का निर्माण 1720 ई. में जयपुर के मिर्ज़ा राजा जयसिंह द्वारा मुगल राजा मोहमद शाह के समय करवाया गया था। विश्व की सबसे बड़ी यह तोप जयगढ़ किले के डूंगर दरवाजे की बुर्ज पर स्थित है। अधिक बवजन होने से इसे कभी किले से बाहर नहीं ले जाया गया और न कभी यह किसी युद्ध में काम मे लाई गई। यह दुनिया में सबसे प्रसिद्ध तोप है। जयबाण एक दोपहिया गाड़ी पर स्थित है। पहियों व्यास में 4.5 फीट हैं। गाड़ी परिवहन के लिए दो हटाने योग्य अतिरिक्त पहिये लगाए गए हैं। इन पहियों का व्यास 9.0 फुट हैं। इस तोप से 100 किलोग्राम गनपाउडर से बना 50 किलोग्राम वजन का गोले दागा जा सकते था। तोप की बैरल की लंबाई 20.2 फीट है और इसका वजन 50 टन है। बैरल के आगे की ओर नोक के निकट परिधि 7.2 फीट है और पीछे की 9.2 फीट है। बैरल के बोर का व्यास 28 सेमी है और छोर पर बैरल की मोटाई 21.6 सेमी है। बैरल के पीछे की तरफ मोटाई धीरे-धीरे बढ़ जाती है। बैरल पर दो कड़ियाँ है जो कि एक क्रेन की सहायता से इसे उठाने के लिए उपयोग की जाती थीं। बैरल पर आगे की ओर पुष्प आकृति है और केंद्र में मोर की एक जोड़ी बनाई गई है। पीछे की ओर बतख की एक जोड़ी दिखाई देती है। इस तोप को एक बार ही परीक्षण-फायरिंग के लिए चलाया गया था तो जयपुर से करीब 35 किमी दूर स्थित चाकसू नामक कस्बे में गोला गिरने से एक तालाब बन गया था। इस तोप को बनाने के लिए जयगढ़ दुर्ग में ही एक कारखाना बनवाया गया था। इसकी नाल भी यहीं पर विशेष तौर से बनाए सांचे में ढाली गई थी। लोहे को गलाने के लिए भट्टी भी यहां बनाई गई। इसके प्रमाण जयगढ में आज भी मौजूद है। इस कारखाने में और भी तोपों का निर्माण हुआ। विजयदशमी के दिन इस तोप की विशेष पूजा की जाती है। यहां के तोप ढालने के कारखाने में बनी अनेक छोटी-बड़ी करीब दो दर्जन से अधिक तोपों को एक संग्रहालय बना कर प्रदर्शित किया गया हैं।

# समाज कल्याण विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत बृहद जागरूकता अभियान का किया गया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। प्रदेश सरकार के मंशानुरूप एवं जिलाधिकारी के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा रामार्पित महाविद्यालय गाजीपुर कोटवा सड़क में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत बृहद जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रीमती सुषमा वर्मा, नारकोटिक्स सेल के प्रभारी अनूप कुमार शुक्ला, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर लव भूषण गुप्ता, बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान के अध्यक्ष रत्नेश कुमार, रिदम फाउंडेशन के प्रबंधक अश्विनी रंजन, सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप सारंग, महाविद्यालय के प्रबंधक मनीष कुमार सिंह डायरेक्टर प्रांजल सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन करके शुभारंभ किया। इस



कार्यक्रम में 500 की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थिति रही, जिन्हें जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा बाराबंकी को नशामुक्त करने की शपथ दिलाई गई। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है इस बुराई को समाज से दूर रखने के लिए हर संभव प्रयास करने चाहिए। श्रीमती सुषमा वर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन नशा जैसी बुराई को खत्म करने का दृढ़ निश्चय किया है और जिलाधिकारी के निर्देश पर क्षेत्र में स्कूल व कॉलेज के छात्रों को छात्रों युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है। नारकोटिक सेल के प्रभारी अनूप कुमार शुक्ला ने कहा कि बाराबंकी ड्रग्स के कारोबार का हक बन चुका था पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर

**नशा एक सामाजिक बुराई है, इसे समाज से दूर रखने के लिए हर संभव प्रयास करें: जिला समाज कल्याण अधिकारी**

ड्रग्स कारोबार पर अंकुश लगाया जा रहा है काफी हद तक सफलताएं मिल रही हैं। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर लव भूषण गुप्ता ने बताया कि अनेक दवाएं जिनका दुरुपयोग युवा नशे के रूप में कर रहे हैं इससे युवा दूर रहें अपने करियर पर फोकस करें। कार्यक्रम में गीतकार साहब नारायण शर्मा ने नशे से दूर रहने के प्रेरणा गीत प्रस्तुत किए गए।

महाविद्यालय के प्रबंधक मनीष कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया वहीं निर्देशक प्रांजल सिंह व नीरज शुक्ला ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन रत्नेश कुमार द्वारा किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के बीएड संकाय की होड सरिता तिवारी, प्रशासक हरिओम तिवारी जुल्फिकार हैदर रिजवी राम नारायण सिंह पंकज शुक्ला नीरज कुमार कुंदन लाल, चाइल्ड लाइन के सुपरवाइजर अवधेश कुमार, राम कैलाश, पूनम रत्नाकर, समाज कल्याण विभाग से अधीक्षक संतोष कुमार, सुबोध कुमार शशिवेंद्र सिंह, सर्वेश कुमार व विनोद कुमार, रामसनेहीघाट प्रेस क्लब के अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा सचिव राकेश श्रीवास्तव अमर बहादुर सिंह सहित 500 की संख्या में छात्र छात्राओं ने नशे से दूर रहने की शपथ ली।

कार्यक्रम से पूर्व छात्र छात्राओं की स्लोगन लेखन व चार्ट प्रतियोगिता हुई जिसमें स्थान लाने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

# जल शक्ति मंत्री ने कबूलपुर बूथ पर सुनी मन की बात



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। रविवार को जल शक्ति मंत्री मा0 स्वतंत्र देव सिंह ने तहसील हैदरगढ़ के लोनीकटरा स्थित कबूलपुर बूथ पर पहुँच कर मा0 प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम का 121 वां अंक सुना। जहां सर्वप्रथम जल शक्ति मंत्री का जिलाध्यक्ष श्री अरविंद मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्षा मा0 राजरानी रावत व विधायक हैदरगढ़ मा0 दिनेश रावत ने उनका भव्य स्वागत किया। जिसके बाद मा. मंत्री ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों के लिए सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ दो मिनट का मौन रखा। फिर कबूलपुर बूथ पर मा0 प्रधानमंत्री जी के मन की बात के कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां पर उन्होंने विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यों की जमकर सराहना की। जो कि समाज के उत्थान के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि देश के सभी बूथों पर मा0 प्रधानमंत्री जी के मन की बात सुनी जाती है। जिसमें वह ऐसे ही सामाजिक लोगों की चर्चा करते हैं जिन्होंने बड़ा सामाजिक योगदान दिया होता है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष शशांक कुशमेश, श्री सचिन वर्मा सहित भारी संख्या में लोग शामिल रहे।

# नगर निकायों द्वारा अवैध होर्डिंग्स/बैनर हटाने का अभियान जारी

**नगर पालिका नबाबगंज सहित जिले की सभी नगर पंचायतों में अबतक हटाये गए 4059 अवैध होर्डिंग्स/बैनर**

**स्वच्छ और सुंदर लगने लगी शहर की सड़कें**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। नगर निकायों द्वारा मुख्य मार्गो पर लगे स्ट्रीट लाइट के पोल पर विभाग की अनुमति के बिना लगाए गए होर्डिग बोर्ड को उतारने के 7 दिवसीय अभियान के तहत सातवें दिन भी नगर पालिका नवाबगंज और जिले की सभी नगर पंचायतों के कर्मचारियों ने सैकड़ों पोल पर लगे होर्डिंग बोर्ड को हटाकर अपने कब्जे में ले लिए। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद नवाबगंज श्री संजय शुक्ला ने बताया कि अभियान के तहत नगर पालिका नबाबगंज



सहित जिले की सभी नगर पंचायतों में अबतक 4059 अवैध होर्डिंग्स/बैनर हटाये जा चुके है। गत 20 अप्रैल से इस अभियान की शुरुआत नगर पालिका परिषद नवाबगंज और जिले की सभी 13 नगर पंचायतों में एक साथ की गई थी जिसके क्रम में जिले की सभी 13 नगर पंचायतों में अभियान पूरा कर लिया गया है। परंतु नगर पालिका परिषद नवाबगंज में एक दो दिन यह अभियान और चलेगा।

स्वच्छ और सुंदर लगने लगी शहर की सड़कें नगर पालिका परिषद नबाबगंज और जिले की सभी 13 नगर पंचायतों में सड़कों के किनारे और स्ट्रीट लाइट के पोल पर लगी बेतरतीब अवैध होर्डिंग्स/बैनर हटाये जाने के बाद सड़कें सुंदर लगने लगी है। जनता प्रशासन के इस कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा भी कर रही है।

# समाजशास्त्र विभाग द्वारा कैरियर गाइडेंस हेतु सत्र का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर । दिन रविवार को कमला नेहरू संस्थान के समाजशास्त्र विभाग के छात्रों को स्टेप अहेड इंडिया ने कैरियर गाइडेंस के लिए एक सत्र का आयोजन किया । इस अवसर पर स्टेप अहेड इंडिया के मेंटर अजय कुमार मिश्रा ने छात्रों को सामाजिक सेवा में विभिन्न फैलोशिप सरकारी क्षेत्र में यंग प्रोफ़ेशनल कंसल्टेंट और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में समाजशास्त्र विभाग के छात्रों के लिए उपलब्ध कैरियर अवसरों के बारे में बताया। इस दौरान समाजशास्त्र विभाग और स्टेप अहेड इंडिया ने एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए जिसके जरिए स्टेप अहेड इंडिया संस्थान के समाजशास्त्र के छात्रों को करियर गाइडेंस से प्लेसमेंट में सहयोग करेगी। डा. कुलदीपक पाण्डेय ने बताया कि देश के युवाओं को सोशल सेक्टर में करियर बनाने के लिए सहयोग करने वाले संस्था स्टेप अहेड इंडिया




अबतक 40000 से ज्यादा युवाओं को सामाजिक क्षेत्र में और सरकारी क्षेत्र में फ़ेलोशिप यंग प्रोफ़ेशनल प्रोग्राम और एन जी ओ में रोजगार दिलाने में मदद कर चुकी है ।

इन्होंने कहा कि सामाजिक संस्था स्टेप अहेड इंडिया के साथ मिलकर समाजशास्त्र के छात्रों को बेहतर रोजगार दिलाने के लिए इस कार्यक्रम की शुरूआत हुई है। संस्था के सहयोग से विभाग के छात्रों को करियर गाइडेंस और प्लेसमेंट में सहयोग मिलेगा। इस अवसर पर डॉ नीतू सिंह ने बताया की हमारा लक्ष्य है कि हम ग्रामीण और छोटे शहरों के छात्रों को कैरियर गाइडेंस के जरिए बेहतर संस्थानों में एक ऐसा रोजगार उपलब्ध करा सके। जिससे वह नौकरी करते हुए देश की सेवा भी करें। आगामी महीनों में स्टेप अहेड इंडिया इन छात्रों को करियर चुनाव करने मे मदद करेगी। अवसर पर नीरज सिंह आकांशा निवेदिता उज्ज्वला व सानिया सहित कई स्नातक और परास्नातक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया ।

## सामुदायिक शौचालय में लटका ताला खुले में शौच करने को मजबूर है ग्रामीण

बलदीराय/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । धनपतगंज विकासखंड के तुलसीपुर गांव में विगत चार माह से सार्वजनिक शौचालय में ताला लटका हुआ है कई बार ग्रामीणों ने शिकायत भी की परंतु सामुदायिक शौचालय का ताला नहीं खुल सका। शौचालय का ताला न खुलने से ग्रामीण खुले में शौच करने को मजबूर है। एक तरफ योगी सरकार स्वच्छ भारत मिशन की योजना चला रही है वही तुलसीपुर गांव में ग्राम प्रधान व अंय कर्मचारी महत्वाकांक्षी योजना को पलीता लगा रहे हैं। शौचालय बंद होने से ग्रामीण रोष में है।

## बीस वर्ष से फरार गैंगस्टर वारंटी को किया गिरफ्तार

बलदीराय /सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हलियापुर पुलिस ने बीते बीस वर्षों से फरार चल रहे गैंगस्टर वारंटी शक्ति सिंह को , रविवार को उप निरीक्षक राम जी और घनश्याम तिवारी की अगुवाई में गिरफ्तार कर लिया। शक्ति सिंह पुत्र स्वर्गीय सुखदेव सिंह हलियापुर गांव का निवासी है। वर्ष 2003 में उनके खिलाफ हत्या के प्रयास और यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।थानाध्यक्ष तरुण पटेल ने बताया कि उस पर कोतवाली नगर थाने में जानलेवा हमले व गैंगस्टर एक्ट की धारा 3(1) के तहत मामला लंबित था।गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

## हेमंत के हत्यारोपितों को मिलेगी कड़ी सजा : दिलीप पटेल

वाराणसी। शिवपुर खुशहाल नगर स्थित ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल परिसर में कक्षा 12वीं के छात्र हेमंत पटेल की विगत दिनों हुई हत्या से क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। इसी क्रम में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल ने पिंडरा विधानसभा के ग्राम सभा मरुई पहुँचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की और अपनी संवेदना प्रकट की। उन्होंने मृतक छात्र के पिता एडवोकेट कैलाश प्रसाद वर्मा से मिलकर ढांढस बंधाया और आश्वस्त किया कि हत्यारों को जल्द ही कानून सख्त सजा देगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कहा कि इस दुख की घड़ी में भारतीय जनता पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी और परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा। दिलीप पटेल ने मृतक के परिजनों से मिलकर स्पष्ट शब्दों में भरोसा दिलाया कि अपराधी कानून के शिकंजे से नहीं बच सकेंगे। परिवार से मुलाकात के दौरान भाजपा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी क्षेत्रीय अध्यक्ष के साथ मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने रामनगर बंदरगाह का किया निरीक्षण

वाराणसी । जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने रविवार को वरुणा नदी के चैनलाइजेशन एवं तटीय विकास परियोजना के अंतर्गत, दोनों किनारों पर गिरने वाले शहरी नालों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घरेलू सीवर के पानी के उचित निस्तारण की व्यवस्था का भी जायजा लिया।

सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि एक नाले को छोड़कर शेष सभी नाले चोक्ड हैं। वर्षा ऋतु में जलभराव के कारण अत्यधिक मात्रा में सिल्ट/गाद तथा ठोस अपशिष्ट जमा हो जाता है, जिससे संरचनाओं की कार्यक्षमता प्रभावित होती है। इसके अतिरिक्त, आईसी चैम्बर में लगी स्क्रीन की नियमित सफाई न होने के कारण सीवेज का ओवरफ्लो भी देखा गया। अधिकारियों ने यह भी बताया कि परियोजना के कार्यों का उचित अनुरक्षण न होने से कई संरचनाएं क्षतिग्रस्त हो गई हैं, क्योंकि नगर निगम द्वारा अब तक परियोजना का हैंडओवर नहीं लिया गया है। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग, नगर निगम, जल निगम तथा कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल को आईआईटी बीएचयू द्वारा तैयार डिजाइन/ड्राइंग का गहन अध्ययन कर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, अपर नगर आयुक्त को कॉरिडोर के आसपास व्यापक सफाई अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी आदमपुर में प्रस्तावित यूनिटी मॉल के निर्माण स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। वहाँ उन्होंने जीएम-डीआईसी और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से निर्माण कार्यों की प्रगति संबंधी जानकारी ली। उन्होंने डंप गार्बेज हटाने, पेड़ों की कटाई, हाईमास्ट लाइट टावर, पानी की पाइपलाइन और विद्युत पोलों की शिफ्टिंग जैसे कार्यों के त्वरित भुगतान कराकर निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अपर नगर आयुक्त को कैंपस स्थित पुरानी बिल्डिंग का मूल्यांकन कराकर, सक्षम अधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति गठित कर ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया सुनिश्चित करने के भी आदेश दिए।

# 36 फ्लैट खरीदारों को मिला मालिकाना हक,चाबियां पाकर खिले चेहरे

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा। सूरजपुर स्थित सेक्टर साइट-सी स्थित मिगसन ग्रीन मेंशन सोसाइटी के निवासियों के लिए रविवार का दिन ऐतिहासिक रहा। वर्षों से जिसका इंतजार था, वह सपना अब पूरा हो गया । सोसाइटी में रजिस्ट्री प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में सरकार फ्लैट खरीदारों को राहत देने के लिए सतत प्रयासरत है। विधायक तेजपाल नागर की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने मिगसन ग्रीन मेंशन सोसाइटी के 36 फ्लैट खरीदारों को उनके रजिस्ट्री दस्तावेज प्रदान किए। अगले कुछ दिनों में लगभग 200 और रजिस्ट्रियों के पूरे होने की संभावना है, और यह प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी। 10 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद आज इन खरीदारों को मालिकाना हक प्राप्त हुआ। इस अवसर पर एक रजिस्ट्री हस्तांतरण समारोह भी आयोजित किया गया, जिससे सोसाइटी में उत्सव का माहौल बन गया। समारोह में विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि लंबे समय से अपने घर के मालिक बनने का सपना देख रहे खरीदारों का आज सपना साकार हो गया। यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। विधायक ने इसे एक पुण्य कार्य बताते हुए सभी को बधाई दी। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में बताया कि यह परियोजना वर्ष 2011 में प्रारंभ हुई थी और 2016 में निर्माण पूर्ण हो गया था। हालांकि, एफएआर (फ्लोर एरिया रेशियो) 3.50 होने के कारण नक्शा स्वीकृत नहीं हो सका था। अब सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं और परियोजना को पूर्णता प्रमाण पत्र मिल चुका है, जिससे रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू हो सकी है। उन्होंने सोसाइटी के सभी खरीदारों को मालिकाना हक मिलने पर शुभकामनाएं दीं। रजिस्ट्री हैंडओवर समारोह में दादरी विधायक तेजपाल नागर के अलावा, यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी, ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस और एसीईओ प्रेरणा सिंह, ओएसडी अभिषेक पाठक, प्रबंधक पीपी सिंह, सोसाइटी के प्रतिनिधिमंडल तथा अन्य निवासी उपस्थित रहे।

# दिल्ली के उपमुख्यमंत्री प्रवेश वर्मा ने किए मां विंध्यवासिनी के दर्शन

**स्वागत से अभिभूत, देश-प्रदेश की सुख-शांति के लिए की प्रार्थना**

एजेंसी

मीरजापुर। दिल्ली सरकार के उपमुख्यमंत्री प्रवेश वर्मा रविवार दोपहर विंध्याचल धाम पहुंचे। उन्होंने विधिवत पूजन-अर्चन कर मां विंध्यवासिनी देवी के दर्शन किए और देश तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर नगर विधायक रत्नाकर मिश्र भी उनके साथ उपस्थित रहे, जिन्होंने पूजा की समस्त व्यवस्थाओं का समुचित प्रबंधन किया और उपमुख्यमंत्री को पूरे विधि-विधान से मंदिर का दर्शन कराया। मां विंध्यवासिनी के दर्शन के उपरांत उपमुख्यमंत्री वर्मा ने कहा कि विंध्यधाम आकर आत्मा को असीम शांति और ऊर्जा मिलती है। मां के आशीर्वाद से न केवल दिल्ली, बल्कि समूचे देश का कल्याण होगा। मां से प्रार्थना है कि हर घर में सुख, समृद्धि और शांति का वास हो। इस दौरान मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। स्थानीय पुलिस बल और सुरक्षाकर्मियों ने व्यवस्था संभाल रखी थी ताकि श्रद्धालुओं और वीआईपी आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर ट्रस्ट द्वारा विशेष व्यवस्थाएँ की गई थीं, जिसमें पुष्प, प्रसाद और पूजा सामग्री का प्रबंध भी शामिल था। उपमुख्यमंत्री के आगमन पर श्रद्धालुओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कई श्रद्धालु उनके साथ फोटो खिंचवाते और आशीर्वाद लेते नजर आए। दर्शन के बाद प्रवेश वर्मा ने मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं से भी संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना।

# मॉडल रोड के रूप में विकसित होगी जेनेस्मा रोड

**निर्माण के लिये 5 करोड़ 47 लाख रुपये हुए जारी**

**बस स्टैंड से वाया जेनेस्मा रेलवे स्टेशन तक बनेगी डिवाइडर युक्त रोड**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । नगर पालिका परिषद नवाबगंज में बस स्टैंड से वाया जेनेस्मा रेलवे स्टेशन तक की रोड डिवाइडर युक्त मॉडल रोड के रूप में विकसित की जाएगी। इस रोड को महानगरों की सड़क के तर्ज पर रोल मॉडल के रूप में बनाया जाएगा। नगर पालिका नवाबगंज के ईओ श्री संजय शुक्ला ने बताया कि बस स्टैंड से वाया जेनेस्मा रेलवे स्टेशन तक की रोड डिवाइडर युक्त मॉडल रोड के रूप में बनेगी, सड़क की चौड़ीकारण का कार्य आवास विकास परिषद कार्यदायी संस्था द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी जी के



विशेष प्रयासों से इस सड़क के निर्माण के लिये 5 करोड़ 47 लाख रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। शीघ्र ही निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था द्वारा शुरू कराया जाएगा।

पहले अवैध अतिक्रमण से लगता था भीषण जाम

जेनेस्मा वाली रोड पर पहले भीषण जाम लगता था। सब्जी बेचने के लिये आवंटित चबूतरों पर नियमों के विपरीत लोगों द्वारा अतिक्रमण करते हुए बिना परमिशन के अवैध तरीके से टीन शेड दुकानें बना ली गयी थी इसके बाद सब्जी की दुकानें सड़क तक बढ़कर लगने लगी थी जिससे लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता था। जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील प्रशासन, पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त टीम गठित करके अवैध अतिक्रमण को विगतमाह हटवाया गया था। जिसके बाद लोगों को जाम की समस्या से राहत मिली।

सड़क का थ्री डी मैप हुआ जारी

रोल मॉडल के रूप में विकसित होने वाली जेनेस्मा रोड की थ्री डी मैप जारी की गयी है जिसमें महानगरों की तर्ज पर सड़क को सुंदर और भव्य रूप में दर्शाया गया है। किनारों पर भी विशेष प्रकार की सजावट की जाएगी साथ ही पुलिस लाईन तिराहे को भव्य रूप दिया जाएगा। डिवाइडर पर स्ट्रीट लाइटें और हरे भरे पड़ें अपनी सुदंरता बिखेरेंगे।

## एक राष्ट्र, एक चुनाव को घर-घर तक पंहुच लोगों को जागरूक करेगा महिला मोर्चा: रजनी तिवारी

कानपुर। प्रधानमंत्री द्वारा देश के युवाओं, महिलाओं और गरीब वर्ग के लिए चलाई जा रही योजनाएं आज धरातल पर प्रभावी रूप से लागू हो रही हैं और भारत अब एक विकसित राष्ट्र की दिशा में तेजी से अग्रसर है। यह बातें रविवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा,महानगर द्वारा ओंकारेश्वर विद्यालय, जवाहर नगर में प्रबुद्ध वर्ग की महिलाओं की एक संगोष्ठी ''एक राष्ट्र, एक चुनाव'' विषय पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार की मंत्री रजनी तिवारी ने कही। मंत्री ने कहा कि बार-बार चुनाव होने के कारण देश में बार-बार आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है, जिससे विकास कार्य बाधित होते हैं। साथ ही शिक्षकों, शिक्षा मित्रों और सरकारी कर्मचारियों को बार-बार चुनाव ड्यूटी में लगाया जाता है, जिससे उनका मूल कार्य प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि 1951 से 1967 तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते थे, और अब फिर से देश को सशक्त बनाने के लिए एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रणाली को लागू करना आवश्यक हो गया है। मंत्री ने महिलाओं से आग्रह किया कि वे इस विषय पर जागरूकता फैलाएं और इसे जन-आंदोलन का रूप दें, क्योंकि संगठित होकर ही इस महत्वपूर्ण परिवर्तन को संभव बनाया जा सकता है। इस संगोष्ठी का विषय ''एक राष्ट्र, एक चुनाव'' रहा, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिष्ठित महिलाएं उपस्थित रहीं।

# भारतीय महिला हॉकी टीम पर्थ में ऑस्ट्रेलिया ए से 2-3 से हारी

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया दौरे के अपने दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ़ दृढ़ निश्चयी और धैर्यपूर्ण प्रदर्शन किया, लेकिन 2-3 से हार गई। ज्योति सिंह (13वें मिनट) के गोल से भारत ने बढ़त बनाई, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया ए ने एवी स्टैंसबी (17वें मिनट), डेल डोल्केंस (48वें मिनट) और जेमी-ली सुरहा (52वें मिनट) के गोल की मदद से वापसी की। भारत का दूसरा गोल सुनीता टोप्पो (59वें मिनट) ने किया।



भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया ए की तुलना में तेजी से शुरुआत की। अपने आक्रमण में शानदार नियंत्रण दिखाया। शुरुआती दबाव मेजबानों पर था, क्योंकि भारत ने तेजी से आक्रमण किया। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया ए ने अपनी स्थिति बनाए रखी और भारतीय महिला हॉकी टीम को कड़ी मेहनत करनी पड़ी। अंततः भारतीय टीम ने पहले क्वार्टर के अंतिम चरण में एक पीसी जीता और ज्योति सिंह ने 13वें मिनट में बिना समय गंवाए अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी।

ऑस्ट्रेलिया ए ने दूसरे क्वार्टर में वापसी की और उन्हें पेनाल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे एवी स्टैंसबी ने 17वें मिनट में गोल में बदल दिया। हाफ-टाइम ब्रेक तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं।

ब्रेक के बाद, ऑस्ट्रेलिया ए और भारतीय महिला हॉकी टीम दोनों ही दूसरे गोल के लिए प्रयासरत थीं, जिसके परिणामस्वरूप दोनों छोर पर हमलों की झड़ी लग गई। क्वार्टर के शुरुआती चरणों में ऑस्ट्रेलिया ए ने सबसे ज़्यादा हमले किए, जबकि भारतीय महिला हॉकी टीम ने जवाबी हमला किया और तीसरे क्वार्टर को मजबूती से समाप्त किया। दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं।

अंतिम क्वार्टर की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया ए ने बढ़त बना ली, क्योंकि डेल डोल्केंस ने मेजबान टीम के लिए 48वें मिनट में गोल करके स्कोर 2-1 कर दिया। इसके तुरंत बाद जेमी-ली सुरहा ने 52वें मिनट में एक और गोल किया। मेजबान टीम 3-1 से आगे थी, लेकिन भारतीय महिला हॉकी टीम ने वापसी की और सुनिलिता टोप्पो ने 59वें मिनट में गोल किया। हालांकि, भारतीय महिला हॉकी टीम बराबरी का गोल नहीं कर पाई और ऑस्ट्रेलिया ने जीत हासिल कर ली। भारतीय महिला हॉकी टीम दौरे के तीसरे मैच में 1 मई को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी।

# पाकिस्तान से व्यापार पूरी तरह बंद करेंगे भारतीय व्यापारी: कैट

एजेंसी

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के कारण भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बहुत बढ़ गया है। इस तनाव के बीच भारत के व्यापारियों ने पाकिस्तान के साथ व्यापार न करने का कड़ा निर्णय लिया है। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने सर्वसम्मति से पाकिस्तान के साथ हर तरह का व्यापार पूरी तरह से बंद करने का फैसला किया है।कैट के राष्ट्रीय महामंत्री तथा दिल्ली के चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने रविवार को इसकी जानकारी दी। कारोबारी संगठन कैट की दो दिवसीय राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल की (25-26 अप्रैल) बैठक भुवनेश्वर में हुई, जिसमें देशभर के 26 राज्यों के 200 से अधिक प्रमुख व्यापारिक नेताओं ने भाग लिया। इस बैठक में पाकिस्तान से सभी तरह का व्यापार बंद करने का फैसला लिया गया। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री तथा दिल्ली के चांदनी चौक से



सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि इस दो दिवसीय बैठक में पारित सर्वसम्मत प्रस्ताव में सभी व्यापारी नेताओं ने एक स्वर से पहलगाम में आतंकी घटना की कड़ी निंदा करते हुए पाकिस्तान के साथ व्यापारिक संबंधों का पूर्ण बहिष्कार करने का आह्वान किया है। इसके पहले वर्ष 2019 में पुलवामा आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापारिक संबंधी में तल्खी आ गई थी, जिसके बाद दोनों देशों के बीच व्यापार में भारी गिरावट आई थी। व्यापारियों के इस पैसले से पाकिस्तान को कई बेहद आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई नहीं हो सकेगी। इससे पाक में दवाइयां, रसायन, फल-सब्जियों समेत कई आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता प्रभावित होगी। हालांकि, इस निर्णय के कारण भारत पर भी असर पड़ेगा। क्योंकि नमक एवं आभूषण से लेकर निर्माण क्षेत्र और जूट की अनेक वस्तुएं पाकिस्तान से आयात की जाती हैं, लेकिन इसके बाद भी व्यापारियों ने एकतरफा निर्णय लेते हुए पाकिस्तान से व्यापार बंद करने का निर्णय लिया है।

उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 के दौरान भारत ने पाकिस्तान को करीब 50 करोड़ डॉलर मूल्य के उत्पादों का निर्यात किया था, जिनमें मुख्य रूप से दवाइयाँ, रसायन, चीनी और ऑटो पार्ट्स शामिल थे। इसी समयावधि में पाकिस्तान से भारत का आयात मात्र 0.42 मिलियन डॉलर रहा। अब इस व्यापार को भी समाप्त करने का निर्णय व्यापारियों ने लिया है। वर्ष 2018 में भारत-पाकिस्तान के बीच लगभग 3 बिलियन डॉलर का वार्षिक व्यापार हुआ था जो वर्ष 2024 में 1.2 बिलियन डॉलर रह गया था।

# बेस्ट फीलि्डंग के लिए प्रसिद्ध जोंटी रोड्स आज पहुंचेंगे छत्तीसगढ़

एजेंसी

रायपुर। बेस्ट फीलि्डंग के लिए मशहूर पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी जोंटी रोड्स को चाहने वाले रायपुरिंस के लिए एक अच्छी खबर है। जोंटी रोड्स आज रविवार को राजधानी रायपुर आ रहे हैं, जहाँ वह क्रिकफ़ेस्ट के चयनित छात्रों के लिए फीलि्डंग मास्टर क्लास लेंगे। वह रायपुर के अवंती विहार स्थित इमर्जिंग क्रिकेट एकेडमी के मैदान जाएँगे। उल्लेखनीय है कि क्रिकफ़ेस्ट एक महीने तक चलने वाला क्रिकेट मास्टर क्लास समर कैंप है, जिसका आयोजन अरण्य ने एकाना के सहयोग से किया है। इस कैंप में भारतीय टीम के हेड कोच



**क्रिकफ़ेस्ट में चयनित छात्रों को पूर्व अतंरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी जोंटी रोड्स सिखाएंगे क्रिकेट के गुर**

गौतम गंभीर मेंटर की भूमिका निभा रहे हैं। इसी संदर्भ में जोंटी रोड्स रायपुर आकर क्रिकफ़ेस्ट के छात्रों को फीलि्डंग का प्रशिक्षण देंगे। यह एक बेहतरीन अवसर है युवा क्रिकेटर्स के लिए, जहाँ वे विश्वस्तरीय फीलि्डंग के गुर सिख पाएँगे।

# ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग ने न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर को किया रोशन

एजेंसी

गुरुग्राम (हरियाणा)। ग्लोबल इंडियन-प्रवासी कबड्डी लीग (जीआई-पीकेएल) भारत और दुनिया भर में लोकप्रियता हासिल कर रही है। रविवार को न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित टाइम्स स्क्वायर पर एक डिजिटल कैंपेन के जरिए भारत के पारंपरिक खेल कबड्डी को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया गया। यह ऐतिहासिक कदम भारतीय कबड्डी के लिए एक बड़ी छलांग साबित हुआ, जिसने न केवल इस खेल की वैश्विक अपील को उजागर किया, बल्कि लीग के सीमाओं से परे दर्शकों से जुड़ने के प्रयासों को भी रेखांकित किया। टाइम्स स्क्वायर पर कबड्डी की यह भव्य उपस्थिति भारत के स्वदेशी खेल की दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल मंचों में से एक पर शानदार प्रस्तुति का प्रतीक बनी। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी जीआई-पीकेएल में अपने अनुभव का आनंद ले रहे हैं, जो दुनिया भर में कबड्डी की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। केन्या की आइरीन एटिएनो ओटिएनो, जो जीआई-पीकेएल में हरियाणवी ईगल्स टीम का हिस्सा हैं, ने कहा, ''मेरा अनुभव बहुत सीखने वाला रहा है, क्योंकि मुझे लगा था कि मैं कबड्डी के सभी नियम जानती हूं। लेकिन यहां आकर मुझे एक और अधिक पेशेवर तरीके से कबड्डी खेलना सीखने को मिला। मैं बहुत विनम्र महसूस कर रही हूं।

हंगरी की जीता कोर्बर ने कहा, ‟मैं इस अनुभव का बहुत आनंद ले रही हूं। मेरे देश (हंगरी) के लोग मानते हैं कि मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि जीआई-पीकेएल में खेल रही हूं, और वे पूरे टूर्नामेंट के दौरान मेरा समर्थन कर रहे हैं।'' जीआई-पीकेएल के प्रति प्रतिक्रिया पर बात करते हुए होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष कांति डी. सुरेश ने कहा, ‟टाइम्स स्क्वायर पर कबड्डी को देखना हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। यह हमारे इस विश्वास को और मजबूत करता है कि कबड्डी अब वैश्विक मंच के लिए तैयार है। हम बेहद रोमांचित हैं कि दुनिया हमारे खेल को इतने उत्साह के साथ अपना रही है। इस महीने की शुरुआत में, जीआई-पीकेएल के आगाज से पहले दिल्ली-एनसीआर, बरेली, लखनऊ, देहरादून, गोरखपुर, हैदराबाद और मुंबई जैसे प्रमुख शहरों में 30 से अधिक प्रमुख होर्डिंग्स लगाए गए थे, जिसने ग्लोबल इंडियन-प्रवासी कबड्डी लीग के लिए एक भव्य दृश्य प्रस्तुत किया। इस बीच, लीग अब अपने निर्णायक चरण की ओर बढ़ रही है, जहां पंजाबी टाइगर्स, मराठी वल्चर्स, तमिल लायंस और भोजपुरी लेपर्ड्स ने शनिवार को गुरुग्राम विश्वविद्यालय में पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। पहला सेमीफाइनल सोमवार को शाम 7:00 बजे मराठी वल्चर्स और पंजाबी टाइगर्स के बीच खेला जाएगा, जबकि दूसरा सेमीफाइनल तमिल लायंस और भोजपुरी लेपर्ड्स के बीच होगा। फाइनल मुकाबला 30 अप्रैल को निर्धारित है। महिला वर्ग में मुकाबले रविवार से फिर शुरू होंगे। शाम 6:00 बजे पंजाबी टाइग्रेस बनाम मराठी फाल्कन्स के बीच भिड़ंत होगी, इसके बाद 7:00 बजे तेलुगू चीता बनाम हरियाणवी ईगल्स का मुकाबला होगा। दिन का समापन 8:00 बजे भोजपुरी लेपर्डे स और तमिल लायनेस के बीच मैच के साथ होगा, जिसके साथ महिला लीग चरण का समापन होगा।

# आईपीएल 2025: बारिश की भेंट चढ़ा पंजाब किंग्स और केकेआर का मुकाबला, दोनों को मिले एक-एक अंक

एजेंसी

कोलकाता। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का 44वां मुकाबला बारिश की वजह से बिना नतीजे के रहा। कोलकाता के ईडन गार्डन मैदान में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और पंजाब किंग्स के बीच खेले गए इस मुकाबल में पंजाब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 201 रन बनाए। वहीं, कोलकाता की पारी में सिर्फ एक ओवर का खेल हो सका, जिसमें केकेआर ने बिना कोई विकेट खोए 7 रन बनाए। इस बेनतीजा मैच के बाद दोनों टीमों को एक-एक अंक मिले। इस तरह पंजाब के पास 11 अंक और केकेआर के 7 अंक हो चुके हैं।



टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी पंजाब ने शानदार शुरुआत की। दोनों सलामी बल्लेबाजी प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह ने टीम को तेज रनगति के साथ रन बनाने शुरू किए। दोनों के बीच 120 रन की साझेदारी हुई। 12वें ओवर में प्रियंश 35 गेंदों में 69 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में 8 चौके और 4 छक्के लगाए। फिर कप्तान श्रेयश अय्यर ने प्रभसिमरन के साथ मिलकर 40 रन जोड़े तभी प्रभसिमरन आउट हो गए। उन्होंने 6 चौके और 6 छक्कों की मदद से 49 गेंदों 83 रन की पारी खेली। उनके बाद टीम का स्कोर 200 के पार जरूर पहुंचा लेकिन रनगति पहले के मुकाबले काफी कम रही। कप्तान श्रेयश 25 रन और जोश इंग्लिश 11 रन बनाकर नाबाद रहे। जबकि ग्लेन मैक्सवेल एक बार फिर रन बनाने में विफल रहे। उन्होंने 7 रन बनाए। जबकि बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजे गए मार्को यानसे भी कुछ खास नहीं कर सके और 7 गेंदों में 3 रन बनाकर आउट हुए। कोलकाता के लिए वैभव अरोड़ा ने दो विकेट चटकाए जबकि वरुण चक्रवर्ती और आंद्रे रसल को 1-1 सफलता मिली।

## सर्राफा बाजार में सोने के भाव में मामूली गिरावट, चांदी की कीमत में उछाल

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार सोने के भाव में मामूली गिरावट का रुख नजर आ रहा है। वहीं, चांदी के भाव में आज तेजी दर्ज की गई है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 98,210 रुपये से लेकर 98,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 90,020 रुपये से लेकर 90,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं, चांदी के भाव में तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,01,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।

दिल्ली में 24 कैरेट सोना 98,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 90,170 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 98,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,020 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## आईपीएल 2025: कॉर्बिन बॉश ने मुंबई इंडियंस के लिए किया डेब्यू

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का 45वां मैच रविवार को मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच खेला जा रहा है। मैच में लखनऊ की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया है। मुंबई की टीम बल्लेबाजी कर रही है। इस मैच में मुंबई इंडियंस की तरफ से साउथ अफ्रीका के ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश ने आईपीएल में डेब्यू किया है।

मुंबई इंडियंस ने अनोखे अंदाज में सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, ''बिग बॉश (कॉर्बिन बॉश) चाहते हैं आप उनका एमआई डेब्यू जरूर देखें।''

कॉर्बिन बॉश को मुंबई इंडियंस ने मेगा ऑक्शन में नहीं खरीदा था। वह चोटिल तेज गेंदबाज लिजाद विलियम्स की जगह मुंबई की टीम में रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम शामिल हुए थे। साउथ अफ्रीका के इस स्टार क्रिकेटर ने 86 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 81 के हाइएस्ट स्कोर के साथ 663 रन बनाएं हैं और 59 विकेट लिए हैं।

## डब्ल्यूटीटी कंटेंडर ट्यूनिशिया 2025: मानुष शाह और दीया चितले ने जीता मिक्स्ड डबल्स का खिताब

नई दिल्ली। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों मानुष शाह और दीया चितले ने शनिवार को ट्यूनिशिया में खेले गए डब्ल्यूटीटी कंटेंडर 2025 टूर्नामेंट में मिक्स्ड डबल्स खिताब अपने नाम किया। फाइनल में इस भारतीय जोड़ी ने जापान के सोरा मात्सुशिमा और मिवा हरिमोटो को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराया।

भारतीय जोड़ी ने फाइनल में 11-9, 5-11, 14-12, 3-11, 11-6 से जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में मानुष और दीया ने ट्यूनिशियाई-मिस्र की जोड़ी वसीम एस्सिद और हना गोडावेरे को सीधे गेमों में हराते हुए फाइनल में प्रवेश किया था। मानुष ने मनव ठक्कर के साथ पुरुष डबल्स के सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। हालांकि, सेमीफाइनल में उन्हें जर्मनी के बेनेडिक्ट डूडा और आंद्रे बर्टेल्समायर के खिलाफ 11-8, 7-11, 11-8, 9-11, 10-12 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी एक समय मैच प्वाइंट पर थी, लेकिन निर्णायक गेम में बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी। महिला एकल में दीया चितले का सफर प्री-क्वार्टर फाइनल (राउंड ऑफ 16) में खत्म हो गया। उन्हें जर्मनी की साबिने विंटर ने 11-8, 6-11, 7-11, 9-11 से हराया। इससे पहले दिया ने राउंड ऑफ 32 में भारत की टॉप खिलाड़ी मनिका बत्रा को हराकर सनसनी मचाई थी। पुरुष एकल में हरमीत देसाई भी राउंड ऑफ 16 में हार गए। उन्हें जापान के छठी वरीयता प्राप्त हिरोटो शिनोजुका ने 11-9, 9-11, 8-11, 1-11 से मात दी।

## कोपा डेल रे फाइनल: बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को 3-2 से हराया, कोंडे ने एक्स्ट्रा टाइम में किया विजयी गोल

सेविले। बार्सिलोना के डिफेंडर जूल्स कोंडे ने शनिवार को सेविले में खेले गए रोमांचक कोपा डेल रे के फाइनल में अतिरिक्त समय में गोल दागकर अपनी टीम को रियल मैड्रिड पर 3-2 की शानदार जीत दिलाई। इस जीत के साथ बार्सिलोना ने रिकॉर्ड 32वां स्पेनिश कप अपने नाम किया।

ला कार्तूजा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पेड्री (28वें मिनट) ने बार्सिलोना को बढ़त दिलाई। लेकिन दूसरे हाफ में सात मिनट के भीतर किलियन एम्बाप्पे (70वें मिनट) और ऑरेलियन चूअमेनी (77वें मिनट) के गोल से रियल मैड्रिड ने मैच में वापसी कर ली। फिर 84वें मिनट में फ़ेरान टोरेस ने गोल कर मैच को अतिरिक्त समय में पहुंचाया। अंततः जूल्स कोंडे ने निर्णायक गोल दागकर बार्सिलोना को ऐतिहासिक जीत दिलाई।

मैच के अंतिम क्षणों में रियल मैड्रिड के डिफेंडर एंटोनियो रुडिगर को रेफरी की ओर वस्तु फेंकने के कारण लाल कार्ड दिखाया गया। वहीं लुकास वाज़क्वेज़ भी विरोध करने पर बाहर कर दिए गए। रियल कोच कार्लो एंसेलोटी ने मैच के बाद रेफरी पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। रियल मैड्रिड ने एम्बाप्पे को शुरुआती एकादश में नहीं रखा था, लेकिन चोट से उबरने के बाद वह दूसरे हाफ में मैदान पर उतरे और 70वें मिनट में शानदार फ्री-किक से स्कोर बराबर किया। इसके बाद चूअमेनी ने हेडर से मैड्रिड को बढ़त दिलाई। बार्सिलोना के लिए युवा विंगर लामिन यमाल ने भी शानदार प्रदर्शन किया और टोरेस को बराबरी का गोल करने में मदद की ।अतिरिक्त समय में बार्सिलोना ने दबदबा बनाए रखा। अंततः लुका मोड्रिच की गलती का फायदा उठाते हुए कोंडे ने दूर से शक्तिशाली शॉट लगाया और बार्सिलोना को विजयी बना दिया।

# शेयर बाजार में सुधार के लक्षण दिखते ही प्राइमरी मार्केट में बढ़ी हलचल, अगले सप्ताह पांच नए आईपीओ की लॉन्चिंग

एजेंसी

नई दिल्ली। अप्रैल में घरेलू शेयर बाजार में सुधार के लक्षण दिखते ही प्राइमरी मार्केट में भी हलचल तेज होने लगी है। सोमवार 28 अप्रैल से शुरू हो रहे कारोबारी सप्ताह में पांच नए आईपीओ लॉन्च होने वाले हैं। इनमें से इलेक्ट्रिक टू व्हीलर बनाने वाली कंपनी एथर एनर्जी का आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट का है, जबकि चार आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। एथर एनर्जी के आईपीओ के साथ ही प्राइमरी मार्केट में फरवरी के बाद से जारी मेनबोर्ड सेगमेंट का सूखा भी खत्म होने वाला है। एथर एनर्जी के पहले मेनबोर्ड सेगमेंट में क्वालिटी पावर इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट्स का आईपीओ 14 से 18 फरवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस शेयर की लिस्टिंग 24



फरवरी को हुई थी। उसके बाद से अभी तक मेनबोर्ड सेगमेंट में एक भी आईपीओ लॉन्च नहीं हुआ है।

एथर एनर्जी का 2,981.06 करोड़ रुपये का आईपीओ 28 अप्रैल को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में 30 अप्रैल तक आवेदन किया जा सकता है। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 304 से 321 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 46 शेयर का है। कंपनी के शेयर 2 मई को अलॉट किए जाएंगे, जबकि इनकी लिस्टिंग 6 मई को बीएसई और एनएसई पर होगी। इसी तरह आईवरे सप्लाई चेन सर्विसेज का 27.13 करोड़ रुपये का आईपीओ भी 28 अप्रैल से 30 अप्रैल तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 95 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। कंपनी के शेयर 2 मई को अलॉट किए जाएंगे, जबकि इनकी लिस्टिंग 6 मई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर होगी।

सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन 29 अप्रैल को अरूणाया ऑर्गेनिक्स का 33.99 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है। इस आईपीओ में 2 मई तक आवेदन किया जा सकता है। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 55 से 58 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। कंपनी के शेयर 5 मई को अलॉट किए जाएंगे, जबकि इनकी लिस्टिंग 7 मई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर होगी। इसी दिन केनरिक इंडस्ट्रीज का 8.75 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है। इस आईपीओ में 6 मई तक आवेदन किया जा सकता है। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 25 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 6,000 शेयर का है। कंपनी के शेयर 9 मई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे।

इनके अलावा वैगंस लर्निंग लिमिटेड का 38.38 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 2 मई को खुल रहा है। इस आईपीओ में 6 मई तक आवेदन किया जा सकता है। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 78 से 82 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,600 शेयर का है। कंपनी के शेयर 7 मई को अलॉट किए जाएंगे, जबकि इनकी लिस्टिंग 9 मई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर होगी।

# देश में चिकित्सा सुविधाएं बेहतर हो रही हैं : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश में चिकित्सा सुविधाएं बेहतर हो रही है, जिससे देश-विदेश के लोग लाभ उठा रहे हैं और भारत विश्व मित्र के रूप में उभर रहा है।

श्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी पर अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन 'की बात की 121वीं कड़ी में राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत दुनिया भर में चिकित्सा सुविधा और औषधियां भेज रहा है। आपदा के समय भारत मदद भेजता है। इससे भारत विश्व मित्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में चिकित्सा सुविधा लगातार बेहतर हो रही है और इसे देश के लोगों को लाभ मिल रहा है। विदेशी भी भारत में उपचार के लिए आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले महीने म्यांमार में आए भूकंप से बहुत बड़ी तबाही आई। मलबे में फंसे लोगों के लिए एक-एक सांस, एक-एक पल कीमती था। इसलिए भारत ने म्यांमार के लिए तुरंत ब्रह्मा अभियान शुरू किया। वायु सेवा के विमान और नौसेना के पोत वायु सेना म्यांमार की मदद के लिए रवाना हो गए। भारतीय टीम ने एक अस्थायी अस्पताल तैयार किया। इंजीनियरों की एक टीम ने प्रमुख इमारतों और बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान का आकलन करने में मदद की। भारतीय दल ने कंबल, तंबू, स्लीपिंग बैग, दवाइयां, खाने-पीने के सामान के साथ ही और भी बहुत सारी चीजों की आपूर्ति की। स्थानीय लोगों ने भारतीय दल की बहुत सराहना की। भारतीय दल ने 70 वर्ष के एक बुजुर्ग महिला को बचाया जो म्मलबे में 18 घंटों से दबी हुई थी। भारतीय दल की वजह से लोग अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को ढूंढ पाए। श्री मोदी ने बताया कि म्यांमार में मांडले के एक बौद्ध मठ में भी कई लोगों के फंसे होने की आशंका थी। भारतीय दल ने राहत और बचाव अभियान चलाया, इसकी वजह से उन्हें बौद्ध भिक्षुओं का ढ़ेर सारा आशीर्वाद मिला। प्रधानमंत्री ने कहा, '' हमारी परंपरा है, हमारे संस्कार हैं, 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना - पूरी दुनिया एक परिवार है। संकट के समय विश्व-मित्र के रूप में भारत की तत्परता और मानवता के लिए भारत की प्रतिबद्धता हमारी पहचान बन रही है। श्री मोदी ने अफ्रीका के इथोपिया में प्रवासी भारतीयों का उल्लेख किया, जो गरीब और वंचित बच्चों को उपचार के लिए भारत भेज रहे हैं। यह ऐसे बच्चे हैं जो जन्मजात हृदय विकारों से पीड़ित है और उनके परिजन इनका उपचार नहीं कर सकते हैं। भारतीय प्रवासी बच्चों को उपचार के लिए भारत भेजते हैं। श्री मोदी ने बताया कि कुछ ही दिन पहले भारत ने अफगानिस्तान के लोगों के लिए बड़ी मात्रा में वैक्सीन भी भेजी है। यह रेबीज टिटनेस, हेपेटाइटिस बी और इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियों के लिए है। इसी सप्ताह नेपाल के यह भी दवाईयाँ और? वैक्सीन की बड़ी खेप भेजी है। इनसे थेलेसिमिया और सिकल सेल के मरीजों को बेहतर इलाज सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि जब भी मानवता की सेवा की बात आती है, तो भारत, हमेशा इसमें आगे रहता है और भविष्य में भी ऐसी हर जरूरत में हमेशा आगे रहेगा।

# कुपवाड़ा में एक नागरिक की गोली मारकर हत्या

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा ज़िले में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक नागरिक की गोली मारकर हत्या कर दी।

अधिकारियों के अनुसार, शनिवार रात कंडी ख़ास में घर के अंदर घुलाम रसूल मागरे (45) पर संदिग्ध आतंकवादियों ने गोली चलाई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत चिकित्सा सुविधा में भर्ती कराया गया, फिर श्रीनगर के अस्पताल में भेजा गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। पोस्टमॉर्टम जांच भी की गई।

हमले के बाद, सुरक्षा बलों ने हमलावरों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाश शुरू कर दी है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हत्या के पीछे का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है, लेकिन सुरक्षा सूत्रों का कहना है कि घुलाम रसूल मागरे के भाई, घुलाम मोहिदीन मागरे, पाकिस्तान-प्राप्त कश्मीर (पीओके) में रहते हैं, जहां उन्होंने नियंत्रण रेखा पार की थी।

कुपवाड़ा में नागरिक की हत्या उस समय हुई है, जब कश्मीर में सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों और उनके समर्थकों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है, खासकर हाल ही में पहलगाम हमले के बाद। इस कार्रवाई के तहत, नौ आतंकवादियों के घरों को विस्फोटकों से ढहा दिया गया है और सैकड़ों संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। घुलाम मोहिदीन मागरे को लश्कर-ए-तैयबा का सक्रिय सदस्य माना जाता है।

सुरक्षा बलों ने शनिवार शाम से विस्फोटकों से तीन और आतंकवादियों के घरों को नष्ट कर दिया। ये घर ज़ैनपोरा शोपियां में अदनान साफी दर, बांदीपोरा में जमील अहमद शीर गोजरी, और त्राल पुलवामा में आमिर नजीर वानी के थे। इस बीच, केंद्रीय कश्मीर के बडगाम जिले में दो ''हार्डकोर'' ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) को सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत हिरासत में लिया गया।

बडगाम पुलिस ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए दो कट्टर ओजीडब्ल्यू ताहिर अहमद कुमार और शबीर अहमद गनई को पीएसए के तहत हिरासत में लिया है।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी खुफिया जानकारी के आधार पर और लगातार प्रयासों के बाद हुई। दोनों आरोपी आतंकियों को आवास, आवाजाही, सामग्री और युवाओं को आतंकवादी संगठनों से जोड़ने में मदद कर रहे थे।

# बाबा साहेब का संविधान नहीं होता तो सामान्य लोग राजनीति में नहीं आ पातेः यादव

एजेंसी

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि आज संविधान नहीं होता तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके जैसे एक सामान्य गरीब परिवार से आने वाले व्यक्ति राजनीति के जरिए समाज और देश सेवा के क्षेत्र में नहीं आ पाते।

डॉ यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरू प्रकाश पासवान ने आज भोपाल स्थित राज्य संग्रहालय में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के सम्मान अभियान के तहत 'आईएम बीजेपी फ्यूचर फोर्स' द्वारा आयोजित 'द अंबेडकर यूथ कॉन्क्लेव' को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर एक गरीब का बेटा आज प्रधानमंत्री है तो वह बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के बनाए संविधान की ताकत की वजह से संभव हो सका है। अगर बाबा साहेब का संविधान नहीं होता तो देश के आजाद होने के बाद सत्ता संभालने वाले परिवार की चौथी पीढ़ी आज सत्ता संभाल रही होती। उस परिवार को तो यही पीड़ा है कि बाबा साहेब से इतना अच्छा संविधान क्यों बना दिया, जिसमें देश की जनता को समान अधिकार मिल गए। कांग्रेस और कांग्रेस का एक परिवार सत्ता को अपनी जागीर मानता है। वह परिवार देश के संविधान को भी नकार देता है, संविधान का गला घोटने का कार्य करता है और कानून से भी खुद को ऊपर मानता है।

डॉ यादव ने कहा कि अभी ईडी ने आर्थिक अपराध करने पर नेशनल हेराल्ड मामले में चार्जशीट पेश की तो ईडी के कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। यह इसलिए कर रहे, क्योंकि कांग्रेस का वह परिवार संविधान का सम्मान नहीं करता है। लाल किताब लेकर संविधान की बात करने वाले कांग्रेस के नेताओं ने देश में आपातकाल लगाकर संविधान का गला घोंटा और अपने निहित स्वार्थों के लिए संविधान में संशोधन किए।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश को आगे बढ़ाने के लिए समाधान निकालने का समय आया। कांग्रेस और उसके नेताओं ने बहुत कोशिश की कि बाबा साहब को संविधान सभा में आने से रोका जाए। कांग्रेस ने संविधानसभा में आने से रोकने के लिए बाबा साहेब को चुनाव हराने का कार्य किया। लेकिन अद्भुत प्रतिभा के धनी महापुरूष बाबा साहेब को जिम्मेदारी मिली और उन्होंने संविधान का निर्माण कर देश को आगे ले जाने का समाधान खोजा। बाबा साहेब के बनाए संविधान में कानून सबके लिए समान बनाया गया है।

# समावेशिता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हमारी समृद्ध विरासत है : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

कोयंबटूर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि भारत विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यता है, एक शांतिप्रिय देश है, जहां समावेशिता और अभिव्यक्ति एवं विचार की स्वतंत्रता हमारी विरासत है।

तमिलनाडु के कोयंबटूर में तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय में ''विविधतापूर्ण भारत के लिए कृषि शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा'' विषयक सभा को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि यदि हम हजारों वर्षों के इतिहास पर नजर डालें तो पाएंगे कि हमारी सभ्यता में समावेशिता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बढ़ी है, फली-फूली है और उसका सम्मान किया गया है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान युग में अभिव्यक्ति और समावेशिता की बहुलता और प्रवणता विश्व में सबसे अधिक है।



चारों ओर देखिए, भारत जैसा कोई अन्य देश नहीं है जो समावेशिता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रदर्शन कर सकता है। इस महान देश के नागरिक के रूप में- सबसे बड़े लोकतंत्र, सबसे पुराने लोकतंत्र, सबसे शक्तिशाली लोकतंत्र - हमें बहुत सावधान, सचेत रहना चाहिए और यह समझना चाहिए कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और समावेशिता हमारी राष्ट्रीय परिसंपत्ति बननी चाहिए। कृषि क्षेत्र के बारे में उपराष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि हमें खाद्य सुरक्षा से आगे बढ़कर किसानों की समृद्धि की ओर बढ़ना होगा। किसान समृद्ध होना चाहिए और यह विकास तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों से निकलना चाहिए। उन्होंने बताया कि किसानों को कृषि भूमि से बाहर आकर अपने उत्पादों के विपणन में भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों को सिर्फ उत्पादक होने के बारे में नहीं भूलना चाहिए। इसका मतलब है कि वे कड़ी मेहनत और अथक परिश्रम से फसल उगाते हैं और उसे सही समय पर बाजार में बेचते हैं, जबकि उन्हें उसका मालिकाना हक नहीं होता। इससे आर्थिक दृष्टि से बहुत लाभ नहीं होता। उन्होंने किसानों को शिक्षित करके उन्हें सशक्त बनाने का आह्वान किया तथा उन्हें यह बताया कि सरकार की सहकारी प्रणाली बहुत मजबूत है। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि, तमिलनाडु सरकार के मानव संसाधन प्रबंधन मंत्री एन कयालविजी सेल्वराज, कृषि उत्पादन आयुक्त और सरकारी सचिव वी दक्षिणामूर्ति, तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय अनुसंधान निदेशक डॉ एम रविंद्रन, तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार और कार्यवाहक कुलपति डॉ आर तमीज वेंडन और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया।

## महाराष्ट्र से 5023 पाकिस्तानी नागरिकों को बाहर निकाला जाएगाः मुख्यमंत्री

मुंबई, 27 अप्रैल (हि.स.)। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को पुणे में कहा कि महाराष्ट्र में रह रहे 5023 पाकिस्तानी नागरिकों को आज रात तक बाहर निकाल दिया जाएगा। इन सभी पाकिस्तानियों को महाराष्ट्र से बाहर निकालने की प्रक्रिया युद्ध स्तर पर जारी है। गृह विभाग के सूत्रों के अनुसार महाराष्ट्र के कुल 48 शहरों में कुल 5023 पाकिस्तानी नागरिक पाए गए हैं। सबसे अधिक 2,458 पाकिस्तानी नागपुर शहर में और 1,106 पाकिस्तानी नागरिक ठाणे शहर में पाए गए हैं। जबकि मुंबई में 14 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं। महाराष्ट्र में रह रहे इन पाकिस्तानियों में से केवल 51 पाकिस्तानियों के पास ही वैध दस्तावेज प्राप्त हुए हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि महाराष्ट्र आए 107 पाकिस्तानी नागरिक लापता हैं। बताया गया कि पुलिस या अन्य संस्थाएं 107 पाकिस्तानियों का कोई पता नहीं लगाया जा सका। हालांकि मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस इसे नकार दिया है। उन्होंने कहा कि मैं गृह मंत्री के तौर पर आपसे कह रहा हूं कि इस बारे में झूठी खबरें न फैलाएं। एक भी पाकिस्तानी नागरिक लापता नहीं था। सभी पाकिस्तानी मिल गये हैं। सभी को बाहर निकालने की व्यवस्था कर दी गई है। राज्य में कोई भी पाकिस्तानी नागरिक नहीं बचेगा। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने स्पष्ट किया कि सभी को आज शाम या कल तक वापस भेज दिया जाएगा।

## भारत में अमीरी-गरीबी के बीच लगातार बढ़ रही खाई चिंताजनक : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि विश्व बैंक ने भारत में लगातार बढ़ रही गरीबी तथा असमानता पर हाल में एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें सरकार की नीतियों के कारण अमीरी-गरीबी के बीच बढ़ रही खाई तथा अन्य कई विन्दुओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है। पार्टी ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय गरीबी रेखा पर किए गये आकलन के अनुसार हाल के वर्षों में भारत में गरीबी में निरंतर गिरावट आई है और यह अब बेहद चिंताजनक स्तर पर पहुंच गई है।

कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने यहां जारी बयान में कहा कि डेटा की गुणवत्ता, स्थिरता और विश्वसनीयता को प्राथमिकता देना जरूरी है क्योंकि कुछ रिकॉर्ड के अनुसार डाटा को तोड़ मरोड़ कर पेश करना तथा डाटा से खिलवाड़ सरकार का टूल किट बन गया है। उन्होंने कहा कि बढ़ती गरीबी और असमानता ने मोदी सरकार की नीतियों को और गंभीर बना दिया है जिसके कारण चंद अमीरों और अरबों गरीबों के बीच बढ़ती खाई अब और चौड़ी हो रही है। सरकार के लिए निजी कॉर्पोरेट निवेश को बढ़ाना देना जरूरी हो गया है लेकिन सीमित उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने की नीति इसमें बड़ी बाधक बन रही है।

# हज कमिटी ने हज यात्रियों से की 'हज सुविधा ऐप' के इस्तेमाल की अपील

एजेंसी

नयी दिल्ली। हज कमिटी ऑफ इंडिया ने हज 2025 के सभी यात्रियों से कहा है कि वे सरकार के अल्पसंख्यक मंत्रालय के तहत बनाए गए नए 'हज सुविधा ऐप 2.0' को तुरंत डाउनलोड करें और इसे अच्छे से इस्तेमाल करना सीखें। इस ऐप में हज यात्रा के दौरान कई जरूरी सुविधाएँ दी गई हैं, जिनका फायदा उठाया जा सकता है।

कमिटी के अनुसार,'हज सुविधा ऐप' यात्रियों को सफर के दौरान और हज के कामों में मदद करेगा। इसके जरिए यात्रियों को फ्लाइट की जानकारी, वीजा स्टेटस, शिकायत करने की सुविधा, जरूरी सूचना, अस्पताल और दवाइयों तक पहुँच, जीपीएस के जरिए रास्ता ढूँढने, नमाज़ के टाइम और किबला दिशा जानने, हज-उमरा के तरीकों की जानकारी और सामान का पता लगाने जैसी सहूलियतें मिलेंगी। साथ ही, इसमें एक चैटबॉट भी है जो सवालों के तुरंत जवाब देगा।

नए वर्जन की खासियत यह है कि इसमें 'पैडोमीटर' (कदम गिनने वाला फीचर) भी जोड़ा गया है, जिससे यात्रियों को अपनी सेहत का ध्यान रखने में मदद मिलेगी। हज के दौरान काफी पैदल चलना होता है, इसलिए यह सुविधा बहुत फायदेमंद रहेगी।

हज कमिटी ने यह भी कहा है कि हर राज्य से उन 10 यात्रियों को इनाम दिया जाएगा जो 'हज सुविधा ऐप' का सबसे अच्छा इस्तेमाल करेंगे।

कमिटी के मीडिया सलाहकार कमर अब्बास नकवी ने सभी हज यात्रियों से अपील की है कि वे 'हज सुविधा ऐप 2.0' को गूगल प्ले स्टोर या एप्पल ऐप स्टोर से डाउनलोड करें, अपने एचएएफआईडी और मोबाइल नंबर से रजिस्ट्रेशन करें और सारी सुविधाओं का पूरा फायदा उठाएँ।

# पेज एक का शेष

### हफ्ते भर तक हीट...

ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में वज्रपात होने की संभावना : बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्ज़ापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फरुखावाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाकों में वज्रपात होने की संभावना है।

### डिफेंस कॉरिडोर...

दुबे ने अपने 83 पन्ने की रिपोर्ट में एक-एक बिंदु का जिक्र किया है कि मुआवजा लेने के लिए कैसे खेल खेला गया। उनकी रिपोर्ट में दोषियों के बारे में भी स्पष्ट बात कही गई है। इसीलिए दोषियों पर कार्रवाई की दिशा में नियुक्ति विभाग ने काम शुरू कर दिया है।

### पहलगाम पीड़ितों...

शामिल है। प्रधानमंत्री ने अपने दिल में गहरी पीड़ा को स्वीकार किया और कहा कि आतंकी हमले ने हर भारतीय को प्रभावित किया है, चाहे वह किसी भी राज्य या भाषा का हो। उन्होंने कहा, हमले की तस्वीरों ने हर नागरिक को गुस्सा और दुखी कर दिया है और पूरे देश की पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना है। मोदी ने आगे कहा, मुझे लगता है कि इस आतंकी हमले की तस्वीरें देखकर हर भारतीय का खून खौल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस हमले के पीछे मुख्य कारण आतंकवादियों और उनके संरक्षकों की हताशा और निराशा थी, क्योंकि कश्मीर में शांति लौट रही थी और जम्मू-कश्मीर में पर्यटन फल-फूल रहा था। पहलगाम में यह हमला आतंकवाद को प्रायोजित करने वालों की हताशा को दर्शाता है, उनकी कायरता को दर्शाता है। ऐसे समय में जब कश्मीर में शांति लौट रही थी, स्कूलों और कॉलेजों में रौनक थी, निर्माण कार्यों ने अभूतपूर्व गति पकड़ी थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या रिकॉर्ड गति से बढ़ रही थी, लोगों की आय बढ़ रही थी, युवाओं के लिए नए अवसर पैदा हो रहे थे-देश के दुश्मनों, जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को यह पसंद नहीं आया, उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा। उन्होंने कहा कि न केवल भारत के लोग गुस्से में हैं, बल्कि पूरा विश्व इस हमले की निंदा करने के लिए देश के साथ एकजुट है। मोदी ने कहा, पूरी दुनिया से लगातार संवेदनाएं आ रही हैं। दुनियाभर के नेताओं ने मुझे फोन किया है, पत्र लिखे हैं और संदेश भेजे हैं। सभी ने इस जघन्य आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड जे. ट्रंप, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज, नेपाल के प्रधानमंत्री के।पी। शर्मा ओली, मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम और कई अन्य लोगों ने 22 अप्रैल को कश्मीर के बैसारन में हुए हमले के बाद मोदी से बात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। मोदी ने कहा कि हमारे देश की सबसे बड़ी ताकत एकता है और पूरा देश आतंकवादी कृत्य के खिलाफ एकजुट है।

### भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में...

शक्ति बन चुका है। हमने एक साथ 104 सैटेलाइट लांच करके रिकॉर्ड बनाया है। हम चंद्रमा के साउथ पोल पर पहुँचने वाले पहले देश बने हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, हम जब इसरो द्वारा किसी सैटेलाइट का लांच देखते हैं तो हम गर्व से भर जाते हैं। ऐसी ही अनुभूति मुझे तब हुई जब मैं 2014 में पीएसएलवी -सी -23 की लांचिंग का साक्षी बना था। 2019 में चंद्रयान -2 की लैंडिंग के दौरान भी, मैं बेंगलुरू के इसरो सेंटर में मौजूद था। उस समय चंद्रयान को वो अपेक्षित सफलता नहीं मिली थी, तब वैज्ञानिकों के लिए बहुत मुश्किल घड़ी थी। लेकिन मैं अपनी आंखों से वैज्ञानिकों के धैर्य और कुछ कर गुजरने का जज्बा भी देख रहा था। और कुछ साल बाद पूरी दुनिया ने भी देखा कैसे उन्हीं वैज्ञानिकों ने चंद्रयान -3 को सफल करके दिखाया। उन्होंने कहा कि अब भारत ने अपने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी क्षेत्र के लिए भी खोल दिया है। आज बहुत से युवा अंतरिक्ष स्टार्टअप में नए झंडे लहरा रहे हैं। 10 साल पहले इस क्षेत्र में सिर्फ एक कंपनी थी, लेकिन आज देश में, सवा तीन सौ से ज्यादा स्पेस स्टार्टअप काम कर रहे हैं। आने वाला समय अंतरिक्ष में बहुत सारी नई संभावनाएं लेकर आ रहा है। भारत नई ऊंचाइयों को छूने वाला है। देश गगनयान, और चंद्रयान -4 जैसे कई अहम् मिशन की तैयारियों में जुटा है। हम वीनस ऑर्बिटल मिशन और मार्स मिशन पर भी काम कर रहे हैं। हमारे अंतरिक्ष वैज्ञानिक अपने नवाचार से देशवासियों को नए गर्व से भरने वाले हैं।

### एनआईए ने पहलगाम...

बिंदुओं की बारीकी से जांच कर रही हैं। फॉरेंसिक और अन्य विशेषज्ञों की मदद से टीमें पूरे इलाके की गहन जांच कर रही हैं, ताकि आतंकी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए सबूत जुटाए जा सकें, जिसके कारण देश को झकझोर देने वाले इस भयानक हमले को अंजाम दिया गया।

### गांवों में खुशहाली...

करती है। इसके तहत जैव-फोर्टिफाइड किस्मों की फसलों, जलवायु के अनुकूल और हाइब्रिड उपज पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इन फसलों की खेती करने वाले जिलों को निधियों के विवेकपूर्ण आवंटन के लिए रणनीति विकसित की जाएगी। इस संबंध में केंद्र सरकार की ओर से मुख्य सचिव के साथ कृषि सचिव उत्तर प्रदेश को पत्र भेजा गया है।

### महंत प्रेमदास महाराज...

तृतीया को मैं रामलला का दर्शन करने जा रहा हूं। इस दिन सबसे पहले सुबह सात बजे हनुमानगढ़ी से सरयू तट के कच्चाघाट तक शाही जुलूस निकलेगा जहां सर्वप्रथम वैदिक मंत्रोच्चार संग सरयू मैया का पूजन-अर्चन किया जायेगा। उसके बाद बजरंग बली के निशान को स्नान कराकर पूजन-अर्चन होगा। फिर मैं स्वयं सरयू स्नान करूंगा। तत्पश्चात सरयू तट से ऐतिहासिक शाही जुलूस निकाला जायेगा जिसमें सबसे आगे बजरंग बली का निशान होगा। शाही जुलूस में गाजा-बाजा, हाथी-घोड़ा, ऊंट इत्यादि होगा, बीच में खिलाड़ी होंगे जो अपना करतब दिखायेंगे। इस शाही जुलूस में हनुमानगढ़ी के चारों पट्टी के महंत, सरपंच, नागातीत, व्यापारी, श्रद्धालु समेत हजारों लोग शामिल होंगे। शोभा यात्रा पर हेलीकाप्टर से सैकड़ों जगहों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जायेगा। शाही जुलूस रामनगरी के मुख्य मार्ग से होते हुए क्षीरेश्वरनाथ मंदिर के सामने गेट नं. तीन रामजन्मभूमि परिसर में प्रवेश करेगा। श्रीरामजन्मभूमि से श्रीरामलला को रामरक्षा स्त्रोत का पाठ सुनाते हुए उनके चरणों में छप्पन भोग समर्पित करूंगा। मेरे द्वारा रामलला के गर्भगृह की परिक्रमा का शुभारम्भ किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राम मंदिर आंदोलन से मैं बहुत दिनों से जुड़ा रहा हूं। इस आंदोलन में मैंने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया है। रामलला अपने नव्य, दिव्य, भव्य मंदिर में विराजमान हो गये हैं। रामलला का दर्शन-पूजन कर मैं समस्त जनमानस व जीवमात्र के कल्याण की कामना करूंगा।

### उच्च गुणवत्ता के साथ...

एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्यों पर ब्रीफ करते हुए निगरानी के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री जी के साथ जनपद के जनप्रतिनिधिगढ़ के साथ ही मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और यूपीडा के अधिकारीगण मौजूद रहे। यूपीडा के एसीईओ श्रीहरि प्रताप शाही ने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे 4 ग्रुप्स में बन रहा है। तीन ग्रुप (2,3,4) को अडानी बना रहा है और एक ग्रुप को आईआरबी कंपनी द्वारा पीपीपी मॉडल पर बनाया जा रहा है। रायबरेली-प्रयागराज की ओर बने ग्रुप-4 को छोड़कर मुख्यमंत्री जी ने बाकी तीनों ग्रुप्स का भ्रमण किया और प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों को आपस में जोड़ते हुए मेरठ से प्रयागराज तक लगभग 594 किलोमीटर लंबा है। एक्सप्रेसवे का भूमि पूजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18 दिसंबर 2021 को शाहजहांपुर में किया था। इसकी शुरुआत मेरठ-बुलंदशहर मार्ग (एनएच-334) पर मेरठ के बिजौली ग्राम से होगी और समापन प्रयागराज बाईपास (एनएच-19) पर जुडापुर दांदू गांव पर होगी। यह एक्सप्रेसवे न सिर्फ राज्य के औद्योगिक और आर्थिक विकास को बल देगा, बल्कि छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों को भी राज्य की मुख्यधारा से जोड़ेगा। कृषि, व्यापार, पर्यटन और निवेश के नए अवसर इस एक्सप्रेसवे के माध्यम से पैदा होंगे। यह परियोजना प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण योगदान मानी जा रही है, जो भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में अग्रसर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं इस परियोजना की निगरानी कर रहे हैं, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि काम गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरा हो। गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण 6 लेन में किया जा रहा है, जिसे जरूरत पड़ने पर 8 लेन में विस्तारित किया जा सकता है। इसके राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) की चौड़ाई 120 मीटर है, जबकि डिजाइन स्पीड 120 किमी. प्रति घंटा है। यह एक्सप्रेसवे 4 ग्रुप्स में बंटा हुआ है और प्रत्येक ग्रुप में 3 पैकेज हैं। इसके तहत 9 जनसुविधा परिसरों का भी निर्माण हो रहा है, जहां यात्री सुविधाएं उपलब्ध होंगी। वहीं, 2 मुख्य टोल प्लाजा (मेरठ एवं प्रयागराज) के साथ 19 रैंप टोल प्लाजा (4 नए सम्मिलित) शामिल हैं। गंगा नदी पर लगभग 960 मीटर और रामगंगा नदी पर लगभग 720 मीटर लंबाई का दीर्घ सेतु भी प्रस्तावित है। यही नहीं, शाहजहांपुर (तहसील जलालाबाद) के पास 3.5 किमी. की हवाई पट्टी का भी निर्माण प्रस्तावित है। इस एक्सप्रेसवे से कुल 12 शहर जुड़ेंगे, जिनमें मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ एवं प्रयागराज हैं। कुल 518 गांव एक्सप्रेसवे से आच्छादित हो रहे हैं। 7453.15 हेक्टेयर भूमि पर निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे की कुल लागत 36,230 करोड़ रुपये है।

# स्काउट एंड गाइड ने कैंडल मार्च निकालकर पहलगाम के आतंकी हमले के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

अररिया। बिहार राज्य भारत स्काउट गाइड की ओर से रविवार शाम को फारबिसगंज में पहलगाम में आतंकी हमले के शिकार पर्यटकों के आत्मा की शांति को लेकर कैंडल मार्च निकालकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।जिला संगठन आयुक्त बैजनाथ प्रसाद की अगुवाई में स्काउट और गाइड ने राजेंद्र चौक से कैंडल मार्च निकाला गया,जो राजेंद्र चौकसे छुआपट्टी ,सदर रोड होते हुए रेलवे स्टेशन परिसर स्थित शहीद स्तंभ पर जाकर समाप्त हुई,जहां स्काउट गाइड के साथ अन्य लोगों ने शहीद स्तंभ पर कैंडल जलाकर 28 पर्यटकों के मृतात्मा को श्रद्धांजलि दी।



बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड अररिया के तत्वधान में संयुक्त राज्य सचिव सह जिला संगठन आयुक्त स्काउट बैजनाथ प्रसाद के नेतृत्व में एक कैंडल मार्च निकल गया। मौके पर बैजनाथ प्रसाद ने बताया कि आज के दिन पूरे भारतवर्ष में सभी स्थानीय स्तर प्रखंड स्तर अनुमंडल स्तर जिला स्तर एवं राज्य स्तर पर कैंडल मार्च भारत स्काउट और गाइड संगठन के द्वारा निकाला गया है। पूरे भारत के स्काउट गाइड रोमन रेंजर और इस संगठन से जुड़े हुए सभी अधिकारियों ने इस विषम नरसंहार पर शोक व्यक्त करते हुए सभी निर्दोषों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है।

कैंडल मार्च में उपस्थित जिला आयुक्त स्काउट वयस्क संसाधन श्री कुमार ठाकुर, जिला सचिव युवराज पासवान, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित राशिद जुनैद, स्काउट मास्टर मोहम्मद शाहिद आलम, मो. शब्दूल के साथ अंश कुमार, विशाल कुमार, मोहम्मद कबीर, मिथिलेश कुमार, अंकित कुमार, सरफराज, पवन कुमार, अजय कुमार, शिवम कुमार, मो कबीर,ज्योति कुमारी, सिमरन कुमारी,प्रियंका कुमारी, निशा कुमारी, साक्षी, गीता,रिया कुमारी के साथ-साथ दर्जनों की संख्या में स्काउट गाइड उपस्थित थे।

# फर्जी रेड डालकर डकैती डालने के मामले में फरार चल रहे आरोपित को पुलिस ने दबोचा

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने लिफ्ट और एस्केलेटर कारोबारी के यहां फर्जी रेड डालकर डकैती डालने के मामले में फरार चल रहे आयकर विभाग के कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान दीपक कश्यप के रूप में हुई है। आरोपी आयकर विभाग में निजी सचिव के पद पर तैनात थे।

उसने अपने पद और सूचना का गलत फायदा उठाकर कारोबारी को फर्जी रेड का निशाना बनाया। इस दौरान उसके परिवार को बंधक बनाकर वसूली की। जनकपुरी थाने में इस संबंध में मामला दर्ज हुआ। बाद में आरोपी दीपक को गिरफ्तार भी कर लिया गया, लेकिन वह जमानत लेकर फरार हो गया।

कोर्ट ने उसकी जमानत रद्द की तो वह कोर्ट की कार्रवाई से बचता रहा। बाद में उसे भगोड़ा घोषित कर दिया गया। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपित को एक गुप्त सूचना के आधार पर उत्तरी दिल्ली के सब्जी मंडी इलाके से गिरफ्तार किया।

क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने रविवार को बताया कि जनकपुरी इलाके में लिफ्ट और एस्केलेटर निर्माण करने वाली कंपनी के मालिक ने जनकपुरी थाने में एक अगस्त 2023 को एक शिकायत दी थी। पीड़ित ने बताया कि उनके पास पत्नी का कॉल आया और उसने बताया कि कुछ लोग घर में जबरन दाखिल हो गए हैं।

इनके साथ एक महिला के अलावा कुल सात लोग शामिल हैं। आरोपी खुद को आयकर विभाग का बताकर हापुड़ में किसी जमीन की खरीद में पैसे की हेराफ़ेरी का आरोप लगा रहे हैं। आरोपितों ने पीड़ित से जल्द से जल्द घर पहुंचने के लिए कहा। इस दौरान आरोपितों ने पूरे परिवार के मोबाइल फोन लेकर उनको बंधक बना लिया। बाद में वसूली करने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। जनकपुरी थाना पुलिस ने दीपक समेत बाकी आरोपितों को गिरफ्तार किया। जांच के दौरान पता चला कि दीपक 2012 में आयकर विभाग में स्टेनो के पद, ग्रेड-2 में भर्ती हुआ था। 2018 में वह ग्रेड-1 में आ गया और निजी सचिव बन गया था।

# उत्तराखंड को अनुसूची 5 व अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। राज्य की सांस्कृतिक पहचान बनाये रखते हुए समग्र विकास के लिये उत्तराखंड को संविधान की पांचवी अनुसूची में शामिल करने और इसके लिये राज्य के मूल निवासी कुमाउनी व गढ़वाली लोगों को अनुसचित जाति का दर्ज़ा दिये जाने की आवश्यकता है। यह बात रविवार को नैनीताल समाचार में आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड एकता मंच के सदस्यों ने कही और कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इसका समर्थन किया। उत्तराखंड को संविधान की पांचवी अनुसूचि में शामिल किये जाने की राज्य की जनता को आवश्यकता समझाये जाने के लिये उत्तराखंड एकता मंच की 138वीं बैठक नगर में आयोजित की गयी। बैठक में नगर के गणमान्यजनों को संबोधित करते हुए मंच के संजय राठौर, महेंद्र रावत, अनूप बिष्ट व श्याम सिंह रावत ने कहा कि देश के 11 पर्वतीय राज्यों में केवल उत्तराखंड ही संविधान की पांचवी या छठी अनुसूचि में शामिल नहीं है। इसके कारण ही राज्य में 1972 से लागू वन पंचायत अधिनियम के कारण राज्य वासी वनों से संबंधित अपने मूल अधिकारों से विहीन हुए हैं। साथ ही राज्य के अनुसूचित जातियों के अतिरिक्त सामान्य वर्ग के लोगों को मूल निवास संबंधी 1950 के गजट नोटिफिकेशन के उल्लेख के बिना पूर्व में मूल निवास और वर्तमान में निवासी, स्थायी निवासी आदि प्रमाण पत्र दिये जाते हैं। साथ ही कोई भी बाहरी व्यक्ति राज्य में केवल 15 वर्ष रहकर राज्य के मूल निवासियों की तरह स्थायी निवास प्रमाण पत्र प्राप्त कर लेता है। राज्य के मूल निवासियों को अतिरिक्त लाभ मिलें और इस सीमावर्ती राज्य की अलग संस्कृति व देश की सुरक्षा बनी रहे, इसके लिये सबसे पहले राज्य के मूल कुमाउनी व गढ़वाली लोगों को अनुसूचित जाति का दर्ज़ा दिया जाना जरूरी है। इसके लिये वे अपनी अलग सांस्कृतिक पहचान, भाषा, खान-पान, त्योहार, परंपराएं, वनों पर निर्भरता, शक व विक्रम संवत से अलग चैत्र 1 गते से शुरू होने वाला अलग पंचांग अनुसूचित जाति का दर्ज़ा प्राप्त करने की पूर्ण योग्यता भी रखते हैं। केवल इसके लिये पहल करने की आवश्यकता है और इस हेतु प्रयास भी तेजी से चल रहे हैं। इसके बाद राज्य को संविधान की पांचवी अनुसूचि में शामिल किये जाने की भी पूरी संभावना हो जाएगी। बताया कि संविधान की पांचवी अनुसूचि में शामिल होते ही राज्य वासी स्वतः ही मूल निवास 1950 का कानून लागू हो जाएगा। राज्य वासियों को केंद्रीय एवं राज्य सेवाओं में अतिरिक्त आरक्षण, राज्य की ग्राम पंचायतों को लाइसेंस व ठेके देने का अधिकार मिल जाएगा। बैठक में राजीव लोचन साह, डॉ. नवीन जोशी, बसंत पांडे, दिनेश उपाध्याय, त्रिभुवन फर्त्याल, चंपा उपाध्याय, माया चिलवाल, लीला बोरा, महेंद्र रावत, तरुण जोशी, बिशन सिंह मेहता, प्रयाग जीना, भगवंत राणा, गौरव गोस्वामी, गोपाल बिष्ट, कुबेर मनराल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# समाजवादी शिक्षक सभा ने शिक्षकों को किया सम्मानित, बलिदानियों को दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। समाजवादी शिक्षक सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा देहरादून के प्रेस क्लब में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित कर शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में पहलगांव के बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र चौधरी उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व कुलपति प्रो. बी. पाण्डेय ने की। आयोजन में दोनों अतिथियों को केदारनाथ मंदिर की प्रतिकृति और पुष्प गुच्छ भेंट किए गए। समारोह में डीएवी के पूर्व प्राचार्य प्रो. विद्याकांत श्रीवास्तव, प्रो. आरके जैन डीएवी कॉलेज, डीबीएस कॉलेज के प्रो एचपी यादव, प्रो जीएस पाण्डेय, डॉ सुबोध यादव को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश से अलग उत्तराखण्ड राज्य बनने के बावजूद भी दोनों राज्यों के बीच भावनात्मक रिश्ता अटूट है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव उत्तराखण्ड में मदद का हाथ बढ़ाने में आगे रहे हैं। अखिलेश जी उत्तराखण्डवासियों के हर सुख-दुःख में साथी हैं। शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणेन्द्र मिश्रा मशाल ने कहा कि समाजवादी शिक्षक सभा उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड में अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी बनाने की दिशा में सघन अभियान के माध्यम से शिक्षकों को जोड़ने की दिशा में सक्रिय प्रयास कर रही है। कार्यक्रम को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सत्य नारायण सचान, वरिष्ठ नेता आभा बडथ्वाल ने संबोधित किया। इस अवसर पूर्व मंत्री राजपाल सिंह, एसके राय, मधुकर त्रिवेदी, आशीष यादव सोनू, अतुल शर्मा, राजेंद्र पराशर, रुही अंजुम, अमित यादव, नरेंद्र गुज्जर, अनुराग कुकरेती सहित अन्य उपस्थित रहे।



## कैंडल मार्च निकालकर पहलगाम के आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

अररिया। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने के लिए कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि देने का सिलसिला लगातार जारी है।इसी कड़ी में रविवार शाम को फारबिसगंज के युवाओं ने कैंडल मार्च निकालकर पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी। कैंडल मार्च पोस्ट ऑफिस चौक से निकलकर सदर रोड होते हुए स्टेशन चौक पर आकर समाप्त हुई।स्टेशन चौक पर युवाओं ने एक स्वर में आतंकी हमले की निंदा की और सरकार से इस नृशंस आतंकी हमले के आरोपियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लेने की मांग की। कैंडल मार्च में वाहिद अंसारी,इरशाद सिद्दीकी,राशिद जुनैद,इजहार अंसारी,इंजीनियर आयुष अग्रवाल,रहमत अली,सैफ अली खान,सुनील मंडल, तबारक हुसैन,मुमताज सलाम,रुपेश यादव,इम्तियाज भारती,गुलाबचंद ऋषिदेव,बाबुल इनायत,आरजू शाद, शहबाज आलम,गौतम चक्रवर्ती,रोमी भगत,दाऊद अंसारी, मसद अंसारी सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद थे।

# घर से लापता तीन किशोरियों को परिजनों से मिलाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। घर से लापता तीन किशोरियों को साउथ वेस्ट जिला पुलिस ने बरामद कर परिजनों से मिलाया है। उनकी तलाश में पुलिस ने सोशल मीडिया से लेकर मैनुअल स्तर तक सभी संभावित प्रयास किए। किशोरियों के परिजनों व दोस्तों से भी जानकारी हासिल की गई।

साउथ वेस्ट डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि सागरपुर इलाके से 17 वर्षीय किशोरी के लापता होने की शिकायत मिली थी। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर उसकी तलाश आरंभ की। कोई सफलता न मिलने पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के प्रभारी बलबीर सिंह की देखरेख में टीम गठित की गई। इस दौरान टीम ने बच्ची के परिजनों व दोस्तों से जानकारी हासिल की। इसके अलावा विभिन्न ग्रुपों में फोटो भी साझा किए गए। काफी खोजबीन के बाद लापता किशोरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया गया। कानूनी औपचारिकताओं के बाद किशोरी को परिजनों को सौंप दिया गया। इसके अलावा नेब सराय इलाके में 14 और 16 वर्षीय किशोरियों के लापता होने की शिकायत मिली थी। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम ने मामले की जांच की तो पता चला कि लापता एक किशोरी के पास मोबाइल फोन है। वह दो नंबरों का इस्तेमाल कर रही थी। पुलिस ने दोनों नंबरों की सीडीआर निकलवाई तो पता चला कि किशोरी की लोकेशन पहले बरेली तथा इसके बाद शाहजहांपुर में पाई गई। बच्चों के पूरे रूट का पता लगाया गया। शाहजहांपुर में आरपीएफ की मदद से पता चला कि स्टेशन पर दोनों किशोरी साथी थी।

उसके बाद अलग अलग हो गई। एक किशोरी ट्रेन से दिल्ली आ रही है। यह जानकारी पता लगने पर टीम ने पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से 14 वर्षीय किशोरी को बरामद कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि दूसरी किशोरी बस से आने की जिद कर रही थी।

इसके बाद पुलिस टीम ने कश्मीरी गेट बस अड्डे से दूसरी 16 वर्षीय किशोरी को भी बरामद कर लिया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वह शाहजहांपुर में अपने दोस्त से मिलना चाहते थे। हालांकि वह वहाँ किसी को नहीं जानते थे और उनके पास पैसे भी खर्च हो गए थे।

# गश्ती में निकले दारोगा ने खुन देकर बचाई बच्चे की जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूर्वी चंपारण। जिला के नगर थाना में पदस्थापित एक दारोगा के सकारात्मक कार्य की पूरे जिले में चर्चा हो रही है।लोग इनके सराहनीय कार्य की खूब प्रशंसा कर रहे है।दरअसल दारोगा अमन कुमार ने अपना खून देकर एक बच्चे की जान बचाई है। देर रात गश्ती पर निकले दारोगा अमन कुमार को कुछ लोग रोते बिलखते मिले।

उन्होने जब इसकी जानकारी ली पता चला कि जीवन और मौत से संघर्ष करते एक बच्चा को 300 मि.ली. ब्लड की जरूरत थी, पर कोई चिर परिचित अपना ब्लड देने को तैयार नहीं था,जिसके बाद अमन कुमार ने बिना किसी हिचकिचाहट के ब्लड डोनेट करने का फैसला किया



और देर रात में ब्लड डोनेट किया। उनकी इस पहल ने बच्चे की जान बच गई। अमन कुमार की इस पहल ने पुलिस के मानवीयता और करूणा की भावना को प्रकट किया है।पीड़ित और रक्त की जरूरत से जुझते बच्चे के परिजनो ने कहा कि पुलिस के केहु कुछो कहो ''आज वर्दी पहिरेले पुलिसे वाला के मदद से हमार बबुआ के जान बचल है।

## मुस्तफा हत्याकांड में दो महिला समेत छह नामजद

पूर्वी चंपारण। रघुनाथपुर थाना क्षेत्र मे युवक को चाकू गोदकर हत्या करने के मामले में रघुनाथपुर थाना मे पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है, जिसमे दो महिला सहित छह लोग नामजद किये गए है। मृतक मुस्तफा अंसारी के पिता भोला अंसारी के आवेदन पर पुलिस ने कारवाई की है। आरोपितों में रघुनाथपुर वार्ड 27 के सुधीर सहनी, नितेश कुमार, संजू देवी पति सुधीर सहनी, प्रयाग सहनी, सुकन देवी पति प्रयाग सहनी व मिठू कुमार शामिल है। पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए आरोपित संजू देवी व सुकन देवी को गिरफ्तार किया है। मृतक के पिता भोला अंसारी ने बताया है कि 25 अप्रैल को करीब साढ़े नौ बजे रात्रि में वे बलुआ स्थित अपने दुकान से लौट रहे थे। रकटू सहनी के घर के समीप पहुंचे थे तो भीड़ जमा थी। देखा तो उसके पुत्र मुस्तफा को चाकू गोदकर कुछ लोग भाग गए है। उसका पुत्र खून से लथपथ जमीन पर गिरकर छटपटा रहा है। जख्मी पुत्र ने बताया कि सुधीर व नितेश ने चाकू मार दिया है। उसे शहर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई।

# मन की बात में प्रधानमंत्री ने दिया आतंक के खिलाफ कड़ा संदेश : महेंद्र भट्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने रविवार को कैंट विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। महेंद्र भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम के माध्यम से पहलगाम हमले पर देशवासियों के मन की बात, दुनिया भर को सुना दी है, जिससे स्पष्ट हो गया है कि आक्रोश और प्रतिकार की आग में अब आतंकियों और उनके आकाओं का स्वाह होना तय है। यह कार्यक्रम कैंट विधानसभा के मां नंदा देवी मंडल के बूथ संख्या 123 यमुना कॉलोनी में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने सुना। इस मौके पर स्थानीय विधायक सविता कपूर, मण्डल अध्यक्ष देव सुमन नगर, सुमित पाण्डे सहित बड़ी संख्या में



कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के प्रारंभ होने से पूर्व, पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए व्यक्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मौन रखा गया। महेंद्र भट्ट ने कहा कि आज प्रधानमंत्री ने पहलगाम हमले को लेकर जो कुछ कहा, वह देशवासियों को पहुंचे आघात और पीड़ा को दर्शाता है। उन्होंने देश को भरोसा दिलाया है। उनके संदेश के बाद 140 करोड़ भारतवासी उनके पीछे एकजुट हैं और उनके प्रत्येक कदम पर साथ मजबूती से खड़ा हैं। महेंद्र भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देश पर उत्तराखंड सरकार भी एक-एक पाकिस्तानी को ढूंढ ढूंढ कर उन्हें वापिस देने की कार्यवाई में जुटी है, जिसमें सभी लोगों को प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। बावजूद इसके जो छिपने बचने की कोशिश करेंगे, उन पर कठोर कानूनी कार्यवाई की जाएगी।

## जिला कलक्ट्रेट होते हुए राजभवन तक जाम

नीताल। जिला नैनीताल की फांसी गधेरा से एसएसपी कार्यालय, जिला कलक्ट्रेट होते हुए राजभवन तक का मार्ग खासकर विद्यालयों की छुट्टी के समय वाहनों के जबर्दस्त जाम की समस्या से लगातार जूझ रहा है। कहने को इस बेहद संकरे और तीक्ष्ण चढ़ाई वाले मार्ग पर वन-वे यानी एकल मार्ग व्यवस्था लागू है, लेकिन धरातल पर यह व्यवस्था लागू नहीं है। इसलिये खासकर यहां मौजूद विद्यालयों की छुट्टी के दौरान यहां दोनों ओर से वाहन आने के कारण वाहनों का जाम लग जाता है और दोपहिया वाहन भी जाम में फंस जाते हैं।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय    कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान    स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063